राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 144 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



उपराष्ट्रपति धनखड़ और उनकी धर्मपत्नी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें। -विवेकानंद"

# 8 राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग

- बंगाल में बीजेपी कैंडिडेट पर हमला, पार्टी ने टीएमसी पर आरोप लगाया; 6 बजे तक 58.82% मतदान

**ईवीएम में कैद**

**छह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर मतदान हुए। दिल्ली की 7 सीटों पर भी मतदान हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के छठे फेज में शनिवार को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर शाम 6 बजे तक 58.82% वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 78.19% और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 51.41% मतदान हुआ। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी। पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा उम्मीदवार प्रणंत टुडू पर हमला हुआ। पत्थर लगने से उनका सुरक्षाकर्मी घायल हो गया। मतदाताओं को धमकाए जाने की शिकायत मिलने के बाद टुडू गरबेटा में एक बूथ का दौरा कर रहे थे। प्रणंत टुडू की कार में भी तोड़फोड़ की गई है। भाजपा ने टीएमसी पर हमले का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने इस पर कहा- वोटिंग शुरू होने से पहले कैंडिडेट के एजेंट साइन करते हैं। इन सेंटर्स पर टीएमसी के एजेंट मौजूद नहीं थे, इसलिए सिर्फ बीजेपी एजेंट्स के साइन हैं। पश्चिम बंगाल के तमलुक में वोटिंग से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक टीएमसी समर्थक घायल हो गया। यहां से कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज भाजपा के प्रत्याशी हैं। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी से पीएपी की प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठ गईं। उन्होंने ईवीएम के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल फोन का आउटगोइंग कॉल बंद करने का आरोप लगाया है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40, बसपा 4, बीजेडी 4, सपा 1, जदयू 3, टीएमसी 3, एलजेपी और आजसू ने 1-1 सीट जीती थीं। कांग्रेस और आप को एक भी सीट नहीं मिली थी।

**दीपेंद्र सिंह हुड्डा बोले- हरियाणा की सभी 10 सीटें जीतेंगे**

हरियाणा की रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बहुत अच्छा रुझान है, लोग शांतिपूर्वक तरीके से मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। पूरे प्रदेश में लोगों का रुझान बदलाव का है। हरियाणा प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी लोगों का रुझान कांग्रेस के प्रति है।



## बेहतर भारत के लिए मतदान किया: खेड़ा

**कांग्रेस** नेता पवन खेड़ा ने कहा कि मैंने एक बेहतर भारत के लिए मतदान किया, जहां कोई बेरोजगारी न हो और युवा बेरोजगारी के कारण आत्महत्या न करें।

पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा उम्मीदवार प्रणंत टुडू के काफिले पर गरबेटा में पथराव हुआ। पत्थर लगने से उनका सुरक्षाकर्मी घायल हो गया। मतदाताओं को धमकाए जाने की शिकायत मिलने के बाद टुडू गरबेटा में एक बूथ का दौरा कर रहे थे।

## जहां भी टीएमसी हार रही है, वहां हिंसक हमले करवा रही: दिलीप घोष

पश्चिम बंगाल की दुर्गापुर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार दिलीप घोष ने कहा की जहां भी टीएमसी हार रही है, वे हिंसक हमले कर रहे हैं। वे मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

**भाजपा का आरोप, बंगाल में टीएमसी गुंडागर्दी कर रही**

बीजेपी आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने टीएमसी पर झारग्राम के भाजपा प्रत्याशी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल में लोकतंत्र की हत्या कर रही हैं। लोगों को वोट डालने से रोकने के प्रयासों के बावजूद पश्चिम बंगाल में देश भर में सबसे अधिक मतदान हुआ है। लोग टीएमसी को बाहर करने के लिए वोट कर रहे हैं।



**कश्मीरी हिंदू बोले- 32 साल बाद कश्मीर में अपना वोट डाला**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एक कश्मीरी हिंदू वीर सराफ ने कहा कि मैंने 32 साल बाद कश्मीर में अपना वोट डाला है। मैं अल्पसंख्यक समुदाय से हूं, जो आमतौर पर यहां अक्सर नहीं आता है।

## लैंड फॉर जॉब स्कैम वालों का काउंटडाउन शुरू: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना/काराकाट/बक्सर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 25 मई को पटना, काराकाट और फिर बक्सर में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सुबह 11 बजे पटना के बिक्रम में रामकृपाल यादव के समर्थन में सभा की। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि लालटेनियों ने पूरे बिहार को अंधेरे में रखा, सिर्फ अपने परिवार के लोगों को रोशनी पहुंचाई। इसके बाद प्रधानमंत्री करीब डेढ़ बजे काराकाट पहुंचे। यहां उपेंद्र कुशवाहा के लिए उन्होंने वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने लालू और तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला। पीएम ने कहा कि बिहार के लोगों से नौकरी के बदले जमीन लेने वाले लोगों का जेल का काउंटडाउन शुरू हो गया है। हेलिकॉप्टर का चक्कर खत्म होते ही इनके लिए जेल का रास्ता खुल जाएगा। इसके बाद पीएम करीब 3 बजे बक्सर पहुंचे। यहां बीजेपी कैंडिडेट मिथिलेश तिवारी के समर्थन में उन्होंने सभा की। पीएम वे कहा कि आज की वोटिंग के बाद इंडी गठबंधन के गुब्बारे की सारी हवा निकल चुकी है। अब साफ दिखता है सारे शहजादों का शटर गिरने वाला है। बिहार के शहजादे अब आराम से जमानत, अमानत का काम देखेंगे। कांग्रेस के शहजादे ने भी छुट्टियों की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के शहजादे को सदमा लगने वाला है, उन्होंने कहा कि बनारस में मोदी चुनाव हारने वाला है और उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें इंडिया गठबंधन जीत रहा है। अब पता नहीं यह बार-बार साइकिल पंक्चर होने का सदमा है या कांग्रेस के शहजादे की संगत का असर है।

**तेजस्वी को घेरा**

**लालटेनियों ने पूरे बिहार को अंधेरे में रखा, सिर्फ अपने परिवार के लोगों को रोशनी पहुंचाई**

## सबसे बड़ी बारूद फैक्टरी में जोरदार धमाका

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेमेतरा:** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बड़ा घटना हुई। यहां बेरला के बारूद फैक्टरी में धमाका हुआ है। धमाके में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। प्रशासन की टीम रेक्स्यू कर रही है। दर्जनभर लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरसी स्थित बारूद फैक्टरी में धमाका हुआ है। घटना आज सुबह की है। बारूद फैक्टरी में ब्लास्ट की आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी।

## सीडीएस ने प्रशिक्षण कमान का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भारतीय वायु सेना के मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण कमान का दौरा किया। उन्होंने बेहतर प्रशिक्षण के लिए राष्ट्र के दुर्लभ संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए संयुक्त प्रयासों को और बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सीडीएस ने भारतीय वायुसेना के मुख्यालय प्रशिक्षण कमान का दौरा किया। भारतीय वायुसेना की समग्र परिचालन तैयारियों को बढ़ाने की दिशा में प्रशिक्षण की दक्षता में सुधार करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी दी गई।

## नासा-इसरो मिलकर लॉन्च करेंगे उपग्रह: एरिक

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू:** नासा जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को इस साल या फिर अगले साल की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर एक संयुक्त मिशन भेजने के लिए उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह जानकारी भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गासेर्टी ने दी है। गासेर्टी हाल ही में बंगलूरू में आयोजित यूएस-इंडिया कमर्शियल स्पेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए थे। कार्यक्रम यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) और यूएस कमर्शियल सर्विस (यूएससीएस) द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गासेर्टी ने कहा कि नासा जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हुए वादों में से एक है। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही पारिस्थितिकी तंत्र, पृथ्वी की सतह, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के स्तर में वृद्धि और क्रायोस्फीयर सहित सभी संसाधनों की निगरानी के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एनआईएसएआर उपग्रह लॉन्च करेंगे। एनआईएसएआर नासा और इसरो के बीच एक संयुक्त पृथ्वी-अवलोकन मिशन है। कार्यक्रम को इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने भी संबोधित किया।




**संयुक्त मिशन**

**नासा जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा: अमेरिका**

## देश में डिजिटल हाउस अरेस्ट साइबर क्राइम में बढ़ोतरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ता जा रहा है। लोगों को निशाना बनाने के लिए नए-नए तरीके खोजे जा रहे हैं। धोखाधड़ी के लिए एक नया तरीका डिजिटल हाउस अरेस्ट काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 2023 के दौरान देश में 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हुई। हाउस अरेस्ट में नकली पुलिस स्टेशन, सरकारी कार्यालय स्थापित करने और ईसी जैसी वर्दी पहनने जैसे हथकंडे भी अपनाए जा रहे हैं। पिछले एक दशक में, भारतीय बैंकों ने धोखाधड़ी के 65,017 मामलों की सूचना दी है, जिसके कारण कुल 4.69 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। साइबर अपराधी बेखबर लोगों को धोखा देने के लिए वढक क्रेडिट कार्ड, ओटीपी, जॉब और डिलीवरी स्कैम सहित कई तरह के तरीके अपनाते हैं।



**गिरफ्तारी का भी नाटक किया जाता है:** साइबर ठगी में अपराधी पीड़ित को गिरफ्तार करने का नाटक भी कर सकते हैं। वे नकली पुलिस स्टेशन या सरकारी कार्यालय स्थापित करने और सरकारी वर्दी पहनने जैसे तरीके भी अपनाते हैं। इसे डिजिटल गिरफ्तारी कहा जाता है। डिजिटल गिरफ्तारी का सबसे पहला मामला उत्तर प्रदेश के नोएडा में दर्ज किया गया। व्यक्ति को मनगढ़ंत मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाया गया।

**वारदात**

**धोखाधड़ी के लिए एक नया तरीका डिजिटल हाउस अरेस्ट काफी इस्तेमाल किया जा रहा है**

## प्रज्वल रेवन्ना को देवगौड़ा ने विदेश भेजा: सीएम सिद्धारमैया

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के परिवार को पोते सांसद प्रज्वल रेवन्ना के देश छोड़ने की बात पता थी, क्योंकि सेक्स वीडियो और मारपीट के आरोप प्रज्वल से जुड़े हुए हैं। सिद्धारमैया ने कहा, "मुझे लगता है कि देवेगौड़ा ने ही प्रज्वल को देश से बाहर भेजा था। क्या प्रज्वल ने अपने परिवार की जानकारी के बिना देश छोड़ दिया? क्या वह बिना किसी को बताए चला गया?" उन्होंने कहा कि सेक्स वीडियो वायरल होना मामले का महत्वपूर्ण पहलू नहीं है। सबसे बड़ा अपराध रेप है। इस बात को कमजोर करने के लिए कुमारस्वामी दूसरी बातें बोल रहे हैं। वे डिप्टी सीएम डी के शिवकुमार और दूसरे लोगों पर सेक्स वीडियो लीक करने का आरोप लगा रहे हैं।



## बादशाहपुर से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। सुबह करीब 10 बजे अचानक तबीयत खराब होने पर पालम विहार के कोलंबिया अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था। राकेश दौलताबाद के निधन की खबर से हर कोई दुखी है। अस्पताल में उनके समर्थक पहुंचे हैं। वहीं, जेजेपी से लोकसभा प्रत्याशी राहुल फाजिलपुरिया और भाजपा नेता मुकेश पहलवान भी अस्पताल पहुंचे हैं। बादशाहपुर से निर्दलीय के रूप में विधानसभा में पहुंचे राकेश दौलताबाद इसी सीट पर निर्दलीय व इंडियन नेशनल लोकदल के टिकट पर दो बार चुनाव मैदान में उतरे, दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

## पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे: शाह



**राजन पुरी**

**ऊना: केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हमीरपुर ससदिय क्षेत्र हिमाचल प्रदेश में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा 5 चरण का मतदान पूरा हो चुका है, छठे चरण का मतदान चल रहा है। 5 चरण में ही मोदी 310 पार कर गए हैं, अब छठे और सातवें में 400 पार कराकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। 400 पार की जिम्मेदारी सातवें चरण वालों पर है। उन्होंने कहा की हमारा तो 400 पार हो रहा है, लेकिन राहुल बाबा फिर एक बार 40 के नीचे सिमट रहे हैं। हमारे विधानसभा उप-चुनाव के उम्मीदवारों को भी जीता दीजिए यहां भी भाजपा की सरकार बनेगी। अगर आप दीया लेकर भी ढूंढोगे, तो भी अनुराग ठाकुर जैसा सांसद नहीं मिलेगा। इन्होंने न केवल अपने क्षेत्र की चिंता की, बल्कि भाजपा और भाजपा की विचारधारा के साथ देश भर के युवाओं को लामबंद करने का काम किया है।

**दावा**

**अगर आप दीया लेकर भी ढूंढोगे, तो भी अनुराग ठाकुर जैसा सांसद नहीं मिलेगा: अमित शाह**



# नोएडा में कंपनी के लिए 40 करोड़ का लिया था कर्ज, न चुका पाने पर विदेश से आ रही थी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा/फरीदाबादः** दिल्ली के चांदनी चौक खारी बावली के बड़े घी-तेल व्यापारी श्याम सुंदर गोयल के बेटे अनिरुद्ध गोयल ने नोएडा में एक कंपनी डाली थी। कारोबार में घाटा होने पर वह पैसे नहीं चुका पा रहा था। ऐसे में उसके ऊपर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसके साथ ही उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां भी मिल रही थीं। उसने बाजार से 40 करोड़ रुपये ले रखे थे। अनिरुद्ध के बाजार से ब्याज पर उठाए 40 करोड़ रुपये समय पर न चुकाने पर कर्ज देने वाले उसे कॉल करके लगातार धमकी दे रहे थे। सूदखोरों का उनकी कोठी पर आने का सिलसिला बढ़ता जा रहा था। अनिरुद्ध को पैसे न देने की सूरत में जान से मारने की धमकी भी मिलने लगी थीं। 11 बजे कोठी पर आए लोग जब गार्ड का अपहरण करके ले गए। तब अनिरुद्ध ने परिवार सहित सामूहिक आत्महत्या का फैसला कर लिया। उन्होंने पहले सभी को नींद की गोलियां दीं। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों ने नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

**दुबई, मुंबई, अहमदाबाद से आ रहे थे धमकी भरे कॉल**

अनिरुद्ध ने जिनसे पैसा लिया था, उनके तार मुंबई, गुजरात और दुबई से जुड़े हुए थे। उन्हें लगातार मुंबई, अहमदाबाद और दुबई से धमकी भरे कॉल आ रहे थे। अपनी एफआईआर में भी उन्होंने मुंबई, अहमदाबाद, दिल्ली, दुबई निवासी लोगों के खिलाफ शिकायत दी है।

धमकी के चलते दो शिफ्ट में सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। इनकी ड्यूटी तीन बार बदलती है। तीन विदेशी कुत्ते पाले हुए थे। घर का प्रवेश द्वार रिमोट के माध्यम से अंदर से खुलता था। परिवार के अलावा केवल सुरक्षाकर्मी ही ऐसे थे जो दरवाजा खोल सकते हैं। फेस लॉक भी लगाया गया था।




## लोकसभा चुनावों की कैसी सुरक्षा, थाने से 500 मीटर पर सुरक्षाकर्मी अगवा

25 मई को जिले में लोकसभा चुनाव है। ऐसे में पुलिस की अभेद्य सुरक्षा का दावा किया जा रहा है। कारोबारी का घर सराय थाने से मात्र आधा किलोमीटर की दूरी पर है। पुलिस के दावे के अनुसार सभी सीमाओं में नाकेबंदी कर चेकिंग की जा रही है। ऐसे में पुलिस थाने के निकट अपहरण हो जाता है लेकिन पुलिस नाकेबंदी में उन्हें ट्रेस तक नहीं कर पाती है।

**सुरक्षाकर्मी और तीन विदेशी नस्ल के कुत्ते रखे**

अनिरुद्ध गोयल ने लगातार जान से मारने की धमकी मिलने के बाद घर की सुरक्षा बढ़ा दी थी। उन्होंने घर पर तीन विदेशी नस्ल के कुत्ते रखे थे। इनमें एक ग्रेट डैन, एक गोल्डन रिट्रीवर और एक जर्मन शेपर्ड कुत्ता रखा था। यह तीनों कुत्ते घर की चहारदीवारी में रहते थे। गेट के बाहर तीन 24 घंटों के लिए दो सुरक्षाकर्मी भी रखे थे।

**किचन के चाकू से एक साथ बैठकर काटी नस**

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि कारोबारी का परिवार बृहस्पतिवार रात की घटना से इतना सहम गया था कि उन्होंने सामूहिक आत्महत्या करने की ठानी। घर के ड्राइंग रूम में बैठकर श्याम गोयल, साधना गोयल, पत्नी और छोटे बेटे ने हाथों की नस काट ली। वहीं खुद कारोबारी और बड़े बेटे ने नींद की गोलियां खा लीं।

**आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दिल्ली में कर रही छापेमारी**

एसीपी मोनिका ने बताया कि इस मामले में कुछ टीमें दिल्ली में आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही हैं। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही हैं।

**सिक्योरिटी ऐसी कि रिमोट से खुलता है प्रवेश द्वार**

श्याम गोयल के घर के बाहर 24 घंटे

## सूदखोरों से तंग व्यापारी ने परिवार संग काटी नस, एक की मौत

**आपको** बता दें कि फरीदाबाद शहर के पॉश क्षेत्र सेक्टर-37 निवासी और दिल्ली के चांदनी चौक में घी के बड़े व्यापारी व उनके परिवार के पांच सदस्यों ने रात नींद की गोलियां खाकर हाथों की नसें काट लीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को सेक्टर-21सी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान मुखिया श्याम गोयल की मौत हो गई। वहीं, परिवार में उनकी पत्नी, बेटे-बहू और दो पोतों का उपचार चल रहा है। सूदखारों से परेशान होकर परिवार ने यह कदम उठाया है। अनिरुद्ध पर करीब 40 करोड़ रुपये का कर्ज था, नोएडा स्थित कंपनी भी घाटे में चल रही थी। इस घटना से पहले सूदखोर उनकी कोठी के सुरक्षागार्ड को अपहरण कर ले गए थे। सेक्टर-37 डीएवी स्कूल के निकट श्याम सुंदर गोयल (73) की कोठी है। उनके साथ पत्नी साधना गोयल (67), बेटा अनिरुद्ध गोयल (45), बहू निधि गोयल (42), पोता धनंजय गोयल (19) और पोता हिमांक गोयल (15) रहते हैं। उनकी कोठी पर रात करीब 10 बजे कर्ज की वसूली के लिए तीन लोग पहुंचे। बाहर बैठे सुरक्षाकर्मी नानक दुबे से उन्होंने अनिरुद्ध गोयल से मिलने के लिए कहा। आरोप है कि तीनों जबरन घर में जाने की बात कह रहे थे और अपना पैसा वसूलने की बात कहते हुए हंगामा भी कर रहे थे। इस दौरान सुरक्षाकर्मी ने तीनों की मंशा भांपकर मना किया तो आरोपी उसे अगवा कर मारपीट करते हुए अपने साथ दिल्ली ले गए। बाद में आरोपियों ने उसका मोबाइल छीनकर लाजपत नगर में छोड़ दिया। सूदखोरों के घर पहुंचने और गार्ड को अगवा करने से डरे परिवार के सदस्यों ने नींद की गोलियां खाई और हाथ की नस काट लीं। सभी की हालत बिगड़ी तो दूसरे सुरक्षाकर्मी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

सूचना पर रात एक बजे एसीपी मोनिका, एसीपी क्राइम अमन यादव, क्राइम ब्रांच, एफईएसएल टीम घटनास्थल पहुंची और सभी को सेक्टर-21ए स्थित एशियन अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान परिवार के मुखिया श्याम गोयल की मौत हो गई। परिवार के अन्य पांच सदस्य उपचाराधीन हैं।

अहमदाबाद निवासी स्वामी, रोहिणी दिल्ली निवासी सन्नी जैन, दुबई निवासी गैरी उर्फ दीवानसुख, रॉकी, आकाश व 10 अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, धमकी देने, गार्ड को अगवा कर मारपीट समेत अन्य मामलों में केस दर्ज किया है।

# अल्पसंख्यकों के लिए बंद करने के विरुद्ध दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी न्यायालय का रुख करेगी: जसविंदर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही ट्यूशन फीस वापसी योजना को वर्ष 2020-21 से बंद करने के विरूद्ध न्यायालय का रुख करने का फैसला किया है। यह कहना है दिल्ली कमेटी के अल्पसंख्यक विभागाध्यक्ष जसविंदर सिंह जॉली का।

आज यहां जारी एक बयान में जसविंदर सिंह जॉली ने बताया कि पहले यह योजना एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के लिए संयुक्त रूप से चलती थी तथा इस योजना को एससी व एसटी विभाग चलाता था, लेकिन



केजरीवाल सरकार ने इस योजना को दो भागों में बांट दिया है जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग को एससी और एसटी विभाग के अंतर्गत रखा गया, जबकि अल्पसंख्यकों को राजस्व विभाग के अधीन कर दिया गया।

एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए ट्यूशन फीस वापसी योजना सफलतापूर्वक चल रही है, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए जिसमें सिख समुदाय की बड़ी संख्या है, के लिए यह योजना बंद कर दी गई है। इस संबंध में मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तक को कई पत्र लिखकर योजना को शुरू करने का अनुरोध किया गया लेकिन सरकार ने किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया, योजना शुरू करना तो दूर की बात है।

सः जॉली ने कहा कि अब दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने न्यायालय का रुख करने का निर्णय किया है ताकि अल्पसंख्यक छात्रों को उनका हक दिलाया जा सके। शीघ्र ही हम न्यायालय में केस दर्ज करेंगे।

## नोएडा में दुकानदार को धमकी देकर सरेआम लहराया चाकू

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र के गांव मोरना में मनी ट्रांसफर का काम करने वाले दुकानदार को झुंड बनाकर गाली-गलौज करने वाले युवकों का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपितों ने दुकानदार को चाकू से डराया और हत्या की धमकी दी। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। गांव मोरना के नरेंद्र गौतम ने बताया कि गांव के कुछ युवक आए दिन दुकान के निकट झुंड बनाकर खड़े जाते हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के होने के चलते आपस में गाली-गलौज करते हैं। शनिवार सुबह करीब 8 बजे वह दुकान पर थे।

## बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को उम्रकैद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** तीस हजारी कोर्ट ने सौतेली बेटी से बार-बार दुष्कर्म करने और गर्भवती करने के दोषी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि दोषी की निरक्षरता को सजा कम करने वाला कारक नहीं माना जा सकता। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबीता पुनिया सौतेले पिता के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थीं, जिसे पिछले महीने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के दंडात्मक प्रावधान का दोषी ठहराया गया था। विशेष लोक अभियोजक श्रवण कुमार बिश्नोई ने सख्त सजा की मांग करते हुए कहा कि समाज को एक स्पष्ट और मजबूत संदेश दिया जाना चाहिए कि इस तरह के जघन्य कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अदालत ने बचाव पक्ष के वकील की दोषी के निरक्षर होने की दलील को खारिज करते हुए कहा कि उनका मानना है कि निरक्षरता को अपराध को कम करने वाला कारक नहीं माना जा सकता, खासकर अनाचार के मामलों में। यह न केवल कानूनी रूप से दंडनीय है, बल्कि नैतिक रूप से भी घृणित है। उन्होंने कहा कि अपराध की शैतानी प्रकृति और यह तथ्य कि पीड़िता दोषी की सौतेली बेटी थी और उसकी देखभाल और संरक्षण में थी, दोषी की व्यक्तिगत परिस्थितियों, जिसमें उसकी उम्र भी शामिल है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। अदालत ने कहा कि न्याय के हित में यह मांग की जाती है कि आरोपी को कड़ी सजा दी जाए। दोषी नरम रुख अपनाने के लिए पर्याप्त और सम्मोहक कारणों का अस्तित्व दिखाने में बुरी तरह विफल रहा है। अदालत ने मामले में अन्य कारकों को भी शामिल किया, इसमें यह तथ्य भी शामिल है कि पीड़िता एक मासूम और असहाय बच्ची थी,

जो गर्भवती हो गई। उसे लगभग 16 वर्ष की आयु में गर्भपात कराना पड़ा। न्यायाधीश ने कहा कि दोषी ने अपनी लालच और स्वार्थी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक मासूम और कमजोर बच्ची के साथ अनैतिक व्यवहार किया है।

## ससुरालियों ने महिला को करंट लगाकर उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर मोहल्ला नई आबादी में विवाहिता की बिजली का करंट लगाकर हत्या करने का आरोप लगा है। विवाहिता के स्वजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद की उस्मान कॉलोनी के शाहिद ने बेटी समरीन का निकाह बुलंदशहर के बीवी नगर के शोएब के साथ किया था। शोएब समरीन के साथ दादरी नगर के मोहल्ला नई आबादी में अपने चाचा के यहां रहना था। समरीन का एक बच्चा भी है। शुक्रवार को शोएब और उसके स्वजन ने डसना स्थित शाहिद के घर पहुंचकर दो लाख रुपये की मांग की। रुपये नहीं मिलने पर ससुरालियों ने वापस दादरी लौटकर शुक्रवार रात समरीन को पैर में बिजली का करंट लगाकर मार दिया। शनिवार सुबह ससुरालियों ने घटना की सूचना समरीन के स्वजन को दी। स्वजन मोहल्ला नई आबादी पहुंचे, वहां समरीन को मृत अवस्था में देख दंग रह गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समरीन के पिता शाहिद का आरोप है कि ससुराली पूर्व में भी 50 हजार रुपये की मांग कर चुके हैं। पति सहित उसके चाचा व अन्य स्वजन ने मिलकर समरीन को बिजली का करंट लगाकर मौत के घाट उतारा है।

घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

## ट्रेन व्हीकल यूनिट सर्वे से जीडीए की निकलेगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** मधुबन-बापूधाम रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) पर फरार्टा भरने का पांच साल से इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। रेलवे ने ट्रेन व्हीकल यूनिट सर्वे का मंजूरी दे दी है। इससे न सिर्फ जीडीए की लॉटरी निकलेगी, बल्कि प्रोजेक्ट तेजी से पूरा होगा और प्रतिदिन हजारों लोगों को लंबा चक्कर लगाकर जाने व जाम की समस्या से निजात मिलेगी। जीडीए के मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह ने बताया कि किसी भी रेलवे फाटक को खत्म करने यानि उसके ऊपर आरओबी बनाने या नीचे अंडरपास बनाने के दौरान रेलवे एक सप्ताह का ट्रेन व्हीकल यूनिट सर्वे कराता है। इसमें यह गणना की जाती है सातों दिन कितनी ट्रेनें ट्रैक के गुजरी व कितने वाहनों ने सड़क मार्ग से रेलवे फाटक आर-पार कर आवागमन किया।




अगर सप्ताह में यह संख्या एक लाख या उससे अधिक होती है तो रेलवे आरओबी या अंडरपास प्रोजेक्ट की कुल लागत में 50 प्रतिशत अंशदान देता है। उपरोक्त आरओबी के लिए पूर्व में साल 2016 में यह सर्वे हुआ था उस वक्त एक सप्ताह में करीब 56 हजार वाहन व ट्रेन गुजरने का आंकड़ा सामने आया था।

**रेलवे एक सप्ताह में कराएगा ट्रेन व्हीकल यूनिट सर्वे :** जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को जीडीए के प्रभारी मुख्य अभियंता की रेलवे के मुख्य अभियंता के साथ इसी मुद्दे पर बैठक हुई थी। अब रेलवे एक सप्ताह में ट्रेन व्हीकल यूनिट सर्वे कराएगा। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि ट्रेनों के अलावा फाटक से गुजरने वाले वाहनों की वर्तमान में गणना एक लाख से कहीं अधिक बैठेंगी, क्योंकि मेरठ रोड से उक्त फाटक को पार करते हुए मधुबन-बापूधाम व सदरपुर होते हुए काफी संख्या में लोग गंतव्य तक आते-जाते हैं।

**जीडीए ने रेलवे को कर दिया था भुगतान :** सर्वे के बाद जीडीए की लॉटरी निकलनी तय मानी जा रही है। रेलवे ट्रैक के ऊपर आरओबी कुल लागत रेलवे ने पूर्व में 24 करोड़ बताई थी जिसका पूरा भुगतान जीडीए द्वारा रेलवे को कर दिया गया था। पिछले दिनों रेलवे ने 10 करोड़ रुपये लागत बढ़ने की बात कहते हुए जीडीए की तरफ से लिखित में आश्वासन मांगा था कि बकाया रकम का भुगतान बाद में कर दिया जाएगा। इसके बाद अधिकारियों ने मंथन कर फिर से ट्रेन व्हीकल यूनिट सर्वे कराने का निर्णय लिया। अगर रेलवे 50 प्रतिशन अंशदान देता है तो जीडीए व रेलवे के हिस्से में 17-17 करोड़ रुपये का भार जाएगा। 17 के एवज में जीडीए पहले ही 24 करोड़ दे चुका है। ऐसे में जीडीए को रेलवे से सात करोड़ रुपये वापस मिलेंगे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचनाः 08/2024
दिनांकः 22.05.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

खुलने की दिनांक 18.06.2024

| क्र. सं. | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | ईएमडी (रू.) | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13245143A | थर्मल यूटीएस टिकट प्रिंटर संलग्न CRIS स्पेसिफिकेशन के अनुसार। | 140 नग | ₹ 55,840/- | 18.06.2024 |

नोटः- (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण- IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी। वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) ड्राइंग की कीमत के लिये विनिधान जेड 650 एवं बयाना राशि (ई.एम.डी.) जमा करने के लिये विनिधान विविध भंडार 00844517 है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **903/24 (A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


## युवती का कमरे में मिला शव, प्रेमी और उसकी पत्नी पर हत्या का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र की जगतपुरी कॉलोनी में शनिवार दोपहर कमरे में युवती का शव मिला। शव पर चोट के निशान मिले हैं। हाथ पर गहरा घाव है। स्वजन ने प्रेमी व उसकी पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। युवती सात दिन से प्रेमी के घर रह रही थी। उसकी दो शादी हो चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्रेमी व उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। युवती निवाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। उसी गांव में आरोपित प्रेमी की शादी भी हुई है। उधर, कमिश्नरेट पुलिस ने हत्या के दो मामलों का पदार्फाश करते हुए आरोपित गिरफ्तार किए हैं। क्रासिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में 17 मई को हुए श्यामदत्त हत्याकांड और और विजय नगर थानाक्षेत्र में 21 मई को हुए शुभम हत्याकांड के आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं।

**आरोप**

⏩ शव पर चोट के निशान मिले हैं। हाथ पर गहरा घाव है। स्वजन ने प्रेमी व उसकी पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया

शुक्रवार देर रात क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद फरीदाबाद के गुरमीत सागर सिंह को दबोचा।

आरोपित ने लूट के बाद अकबरपुर बहरामपुर में 55 वर्षीय श्यामदत्त की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। आरोपित से पुलिस ने तमंचा और 3400 रुपये भी बरामद किए हैं।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**

**संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वेल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## Change of Name

It is for general information that I, Jiya D/o Raj Kumar R/o House No-1279, Sector-25, Part-2 HUDA, Panipat, Haryana-132103, declare that name of my father and mother has been wrongly written as Raj Kumar Banga and Ashu Banga respectively in my Secondary School Marks Statement Cum Certificate. The actual name of my father and mother are Raj Kumar and Ashu respectively, which may be amended accordingly.

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# राष्ट्रीय नेताओं और हस्तियों ने डाले वोट

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने क्रमशः राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय तथा सीपीडब्ल्यूडी सर्विस सेंटर, नॉर्थ एवेन्यू, में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला**

**मत का प्रयोग**

**तीनों चुनाव आयुक्तों ने भी मतदान किया और लोगों से मतदान करने की अपील की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश की राजधानी दिल्ली में छठे चरण के तहत मतदान जारी है। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर के कई नेताओं तथा अन्य ख्यातिलब्ध हस्तियों ने यहां के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर वोट डाले। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने क्रमशः राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय तथा सीपीडब्ल्यूडी सर्विस सेंटर, नॉर्थ एवेन्यू, दिल्ली में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। तीनों चुनाव आयुक्तों ने भी मतदान किया और लोगों से मतदान करने की अपील की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दिल्ली के न्यू मोती बाग में मतदान केंद्र पर वोट डाला। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने हौज खास एन्क्लेव में एमसीडी स्कूल में वोट डाला। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दिल्ली के अटल आदर्श विद्यालय, एपीजे अब्दुल कलाम लेन में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। उन्हें मतदान केन्द्र में पहले पुरुष मतदाता होने का भी सम्मान मिला। इसकी तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि सुबह नई दिल्ली में अपना वोट डाला। उन्होंने आज मतदान करने वाले सभी लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने और चुनाव के इस छठे चरण में मतदान करने का आह्वान भी किया। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली और देश के मतदाता एक बार फिर विकसित भारत के लिए मोदी सरकार को चुनेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। उन्होंने बताया कि अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ उन्होंने आज वोट डाला।





## लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डाल कर अपना योगदान दिया : राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष व कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली में मतदान किया। इनके साथ कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और राबर्ट वाड्रा ने भी अपना वोट डाला। नई दिल्ली मतदान केंद्र पर प्रियंका वाड्रा अपने बेटे रेयान राजीव वाड्रा और बेटी मिराया वाड्रा के साथ देखे गए। मतदान केंद्र से बाहर मीडिया से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि मां और मैने लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए वोट डालकर योगदान किया। राहुल गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी के साथ सेल्फी लेते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक फोटो पोस्ट की है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा है,ह्ल आज (शनिवार) छठे चरण का मतदान है और हर वोट सुनिश्चित करेगा कि युवाओं के लिए 30 लाख खाली सरकारी पदों पर भर्ती और 1 लाख रुपये साल की पहली नौकरी पक्की योजना शुरू हो जाए। गरीब परिवार की महिलाओं के खातों में 8,500 रुपये महीना आने लगे। किसान कर्ज.मुक्त हों और उन्हें फसल पर सही एमएसपी मिले। मजदूरों को 400 रुपये का दैनिक मेहनताना मिले। आपका वोट आपके जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ लोकतंत्र और संविधान की रक्षा भी करेगा। देश में आज छठे चरण का मतदान चल रहा है। इसी चरण में देश की राजधानी में भी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। दिल्ली में देश के राष्ट्रपति से लेकर चीफ इलेक्शन कमिश्नर समेत तमाम पक्ष और विपक्ष के नेता वोट डाल रहे हैं। प्रियंका का बेटा रेहान राजीव वाड्रा और बेटी मिराया दोनों अपने पिता रॉबर्ट वाड्रा और मामा राहुल के साथ दिखे। इस दौरान प्रियंका गांधी भी उनके साथ रहीं।

# आग लगने से 13 झुग्गियां जलकर हुई राख




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मयूर विहार में आज शनिवार सुबह पौने 11 बजे खाना बनाते समय एलपीजी सिलेंडर फटने से आग लग गई। आग लगने से 13 झुग्गियां जलकर राख हो गईं। इसमें बच्चों की किताबों से लेकर गृहस्थी का सामान जल गया है। इस संबंध में पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि घटना में सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हालांकि साढ़े तीन लाख रुपये कैश, घर का सामान और जनरल स्टोर का सामान भी जल गया है। साथ ही आधार कार्ड , पहचान पत्र वगैरह भी जल गए हैं। यहां पर 13 लोगों का परिवार रहता था। वह मूल रूप से यूपी के गाजीपुर के रहने वाले हैं। आग की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

**सामान जला**

**आग लगने से 13 झुग्गियां जलकर राख हो गईं। इसमें बच्चों की किताबों से लेकर गृहस्थी का सामान जल गया है**

**घटना में कोई हताहत नहीं:** इस संबंध में अधिकारियों ने कहा कि शनिवार सुबह पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर झुग्गी बस्ती में कई झोपड़ियों में आग लग गई। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग को इस बारे में सुबह 10:46 बजे फोन आया था।

# जमानत के लिए बिभव ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने जमानत के लिए एक स्थानीय अदालत का दरवाजा खटखटाया है। बिभव पर आप की राज्यसभा सदस्य और पूर्व डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने बदसलूकी करने का आरोप है। अदालत ने इस पर जवाब देने के लिए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। अदालत ने बिभव कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उनकी पांच दिन की पुलिस हिरासत की समाप्ति पर अदालत के समक्ष पेश किया गया था, जहां उन्हें 28 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बिभव को 13 मई को मालीवाल पर हुए हमले के सिलसिले में 18 मई को गिरफ्तार किया गया था और देर रात एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

**बदसलूकी**

**आप की राज्यसभा सदस्य और पूर्व डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने बदसलूकी करने का आरोप है**

**पुलिस ने किया था सीन रीक्रिएट:** इस अवधि के दौरान उन्हें सीएम आवास भी ले जाया गया, जहां क्राइम सीन को रीक्रिएट किया गया। जांच से जुड़े पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिभव कुमार को मुंबई में तीन स्थानों पर ले जाया गया। सूत्र ने कहा, "बिभव कुमार ने अपने फोन को एक जगह फॉर्मेट कर दिया था, जिसका खुलासा तकनीकी जांच के बाद हुआ।"

# कोर्ट ने जांच के लिए दिल्ली पुलिस को दिया 13 दिन का समय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली पुलिस को संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए समय दे दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस को एक आवेदन पर 13 दिन का और समय दिया। कुछ रिपोर्टों की प्रतीक्षा की जा रही थी और डिजिटल डेटा भारी मात्रा में था।

पुलिस ने न्यायाधीश से जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का समय और देने का आग्रह किया था। 2001 के संसद आतंकवादी हमले की बरसी पर एक बड़े सुरक्षा उल्लंघन में, दो व्यक्ति सागर शर्मा और मनोरंजन डी, 2023 में शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कूद गए।

# सियासत: पाक के पूर्व मंत्री ने केजरीवाल की फोटो पोस्ट की

**वोटिंग पर कहा- नफरत की हार होगी; दिल्ली सीएम का जवाब- अपना देश संभालिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव** के छठे फेज की वोटिंग के दौरान दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने शनिवार 25 मई की सुबह अपने परिवार के साथ दिल्ली में वोट डाला, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट की। केजरीवाल की तस्वीर को फिर से पोस्ट करते हुए पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने लिखा- मैं कामना करता हूं कि शांति और सद्भाव से नफरत और उग्रवाद की ताकतों की हार होगी। केजरीवाल ने फवाद चौधरी को जवाब देते हुए कहा- चौधरी साहब, मैं और मेरे देश के लोग अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। आपके ट्वीट की जरूरत नहीं है।



इस वक्त पाकिस्तान के हालात बहुत खराब हैं। आप अपने देश को संभालें। भारत में हो रहे चुनाव हमारा आंतरिक मामला है। आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। केजरीवाल के जवाब देने के 7 मिनट बाद फवाद चौधरी ने फिर एक पोस्ट की, जिसमें उन्होंने लिखा- सीएम साहब! चुनाव प्रचार आपका अपना मुद्दा है, लेकिन मैं चाहता हूं कि आप उग्रवाद के मुद्दे का जिक्र करें। चाहे वह पाकिस्तान में हो या भारत में, यह एक ऐसा मुद्दा है, जो सभी लिए खतरनाक है। इस मुद्दे से हर किसी को चिंतित होना चाहिए। पाकिस्तान में स्थिति बहुत खराब है, लेकिन लोगों को बेहतर समाज बनाने का प्रयास करना चाहिए। उधर, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- विदेशी फंडिंग लेने वाले अरविंद केजरीवाल का समर्थन पाकिस्तान कर रहा है, दिल्ली में चुनाव के दिन ही केजरीवाल के समर्थन में पाकिस्तान से बयान आना कोई इत्तफाक नहीं है। केजरीवाल देश के दुश्मनों के साथ मिले हुए हैं और देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं। ये बात देश और दिल्ली के लोग समझ चुके हैं।

**फवाद बोले- भारत के नेताओं का भाषण पाकिस्तान की आलोचना के बिना पूरा नहीं होता:** केजरीवाल के जवाब आने के बाद फवाद चौधरी ने पर एक और पोस्ट किया।

## केजरीवाल का पाकिस्तान में भारी समर्थन: रिजिजू

**फवाद** चौधरी के बयान पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी प्रतिक्रिया दी। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए उन्होंने कहा- न केवल राहुल गांधी, बल्कि अरविंद केजरीवाल का भी पाकिस्तान में भारी समर्थन है। यह पहली बार नहीं है, जब फवाद ने इस तरह का बयान दिया है। कुछ समय पहले उन्होंने राहुल गांधी का एक वीडियो भी शेयर किया था।

**राहुल के समर्थन में भी फवाद ने पोस्ट किया था:** फवाद चौधरी ने 1 मई को राहुल ऑन फायर लिखकर ट्वीट किया था। इस ट्वीट के साथ उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो भी लगाया था। इस वीडियो में राहुल गरीब, किसान और बेरोजगार युवाओं की बात कर रहे हैं। फवाद की पोस्ट के बाद भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को पाकिस्तान का समर्थक बताया था। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा था- पहले हाफिज सईद ने कहा था कि कांग्रेस उसकी पसंदीदा पार्टी है।

# जालसाज ने ऐंठे 35 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/नोएडा:**
साइबर जालसाज ने पार्सल में ड्रग्स समेत अन्य आपत्तिजनक सामान होने का डर दिखाकर सेक्टर-31 निवासी हेमंत छावड़ा को 25 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर दो बार में 35 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। ऑनलाइन शिकायत मिलने पर बैंक ने 14.45 लाख फ्रीज कर दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हेमंत ने बताया कि एक मई को उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को फेडेक्स कंपनी का कर्मचारी बताया और कहा कि उसके नाम से भेजा गया पार्सल मुंबई के एक्साइज विभाग ने जब्त कर लिया है।

# नई 6-लेन सड़क से गुरुग्राम-फरीदाबाद मार्ग पर खत्म होगी ट्रैफिक की समस्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** दिल्ली में गुरुग्राम-फरीदाबाद रूट पर एक महत्वपूर्ण हिस्सा, ग्वाल पहाड़ी गांव से अंधेरी मोड़ तक की सड़क एक बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। वर्तमान में सिर्फ दो लेन वाली, यह महत्वपूर्ण सड़क छह लेन तक चौड़ी होने वाली है। जो इलाके में ट्रैफिक की भीड़ को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सड़क के चौड़ीकरण से गुरुग्राम और दिल्ली के बीच वाहनों की आवाजाही सुगम होने की उम्मीद है। जिससे यातायात की समस्याओं से काफी राहत मिलेगी। मौजूदा सड़क की चौड़ाई, जो अलग-अलग सेक्शन में 7.5 मीटर से 10 मीटर तक है, अक्सर यातायात जाम को बढ़ावा देती है, खासकर दिल्ली की तरफ। ग्वाल पहाड़ी-अंधेरी मोड़ सड़क के रास्ते प्रतिदिन लगभग एक लाख वाहन दिल्ली में एंट्री करते हैं, और इतनी ही संख्या में यात्री गुरुग्राम जाते हैं। जिससे दिल्ली की सीमा पर भीड़भाड़ एक लगातार बनी हुई चुनौती रही है। 8.8 किलोमीटर की लंबाई के साथ सड़क को 30 मीटर तक चौड़ा करने की योजना बनाई गई है। जिससे छह लेन का रास्ता बन जाएगा। जिसमें हर तरफ तीन लेन होंगे, जो यात्रा का बेहतर एक्सपीरियंस देगा। रिपोर्टों के अनुसार, इस बुनियादी ढांचे के विकास का समर्थन करने के लिए, शहरी विकास निधि से दिल्ली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को 50 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। दूसरी ओर, गुरुग्राम और दिल्ली को जोड़ने वाली नजफगढ़ रोड को भी छह लेन में अपग्रेड किया जाना है।

**अग्रसर**

**मौजूदा सड़क की चौड़ाई, जो अलग-अलग सेक्शन में 7.5 मीटर से 10 मीटर तक है**

# इंडी गठबंधन को मिलेंगी 300 से ज्यादा सीटें : आप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए शनिवार को दिल्ली की सभी सात सीटों पर मतदान हुआ। इस बीच, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। संजय सिंह ने कहा, "चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है और भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मैं भारत के लोगों से हाथ जोड़कर अपील करूंगा कि वे भारत के संविधान को मजबूत करने, लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट करें। तानाशाही का अंत, आज हम सभी जानते हैं कि जब राजनीतिक, लोकतांत्रिक व्यवस्था होगी तो सब कुछ संसद और विधानसभाओं के माध्यम से संचालित होगा।

# गंगा नदी में प्रदूषण पर जांच कर नहीं दी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली /नोएडा**
2024-25 में होने वाले कुंभ मेला से पहले प्रयागराज में गंगा नदी के पानी को स्वच्छ बनाने के सीवर गिरने से रोकने का आदेश एनजीटी ने किया था। डीएम प्रयागराज को इस मामले में कार्रवाई कर एनजीटी को रिपोर्ट भी देनी थी। रिपोर्ट नहीं देने और आदेश के अनुपालन में लापरवाही पर एनजीटी ने अब प्रयागराज डीएम पर ही 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। 21 मई को हुई सुनवाई में डीएम प्रयागराज खुद भी एनजीटी के सामने उपस्थित हुए थे ।एनजीटी के चेयरमैन प्रकाश श्रीवास्तव, सदस्य जस्टिस अरूण कुमार त्यागी और डॉ. ए सेंथिल



वेल के आदेश में कहा गया है कि सात फरवरी 2024 के आदेश में पांच सदस्यीय जांच समिति एनजीटी ने बनाई थी। इसका नोडल डीएम प्रयागराज को बनाया गया है। इस जांच समिति को मौके पर निरीक्षण कर गंगा और यमुना में गिर रहे सभी नालों और सभी एसटीपी के डिस्चार्ज के नमूने लेकर परीक्षण कराना था। इसके साथ ही एसटीपी के क्रियाशील होने पर भी रिपोर्ट देनी थी। 13 मार्च से पहले रिपोर्ट जांच समिति को देनी थी जोकि नहीं दी गई। डीएम प्रयागराज की मांग पर 13 मार्च को सुनवाई में छह सप्ताह का अतिरिक्त समय रिपोर्ट देने के लिए दिया गया। इसके बाद भी रिपोर्ट नहीं आई। एनजीटी के आदेश में कहा गया है कि छह सप्ताह गुजरने के बाद भी रिपोर्ट नहीं दी गई। सुनवाई से एक दिन पहले आनन-फानन में एक रिपोर्ट दी गई जोकि त्रुटिपूर्ण है।

**जुर्माना**

**आदेश के अनुपालन में लापरवाही पर एनजीटी ने अब प्रयागराज डीएम पर ही जुर्माना लगाया**



# हरियाणा में 59.4 फीसदी हुआ मतदान

## अंबाला में 62.3 फीसद, और सिरसा में 63 फीसदी हुआ मतदान, सबसे कम फरीदबाद में 55.5 फीसदी हुआ मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में मतदान संपन्न हो चुका है। प्रदेश में कुल 59.3 फीसदी मतदान हुआ है। अंबाला में 62.3 फीसद, और सिरसा में 63 फीसदी हुआ मतदान है। सबसे कम फरीदबाद में 55.5 फीसदी हुआ मतदान है। कुरुक्षेत्र लोकसभा में 62 फीसदी हुआ मतदान जबकि भिवानी महेंद्रगढ़ सीट पर 60.3 फीसदी हुआ मतदान हुआ है। वहीं रोहतक में 60.2 फीसदी, सोनीपत में 57.5 फीसदी हुआ मतदान हुआ। हिसार में 59 फीसदी मतदान, गुरुग्राम में 57 फीसदी, करनाल में 59.1 फीसदी चुनाव हुआ जबकि करनाल उपचुनाव के लिए 54.8 फीसदी वोटिंग हुई है।

**मैं मतदाताओं का धन्यवाद अदा करता हूं: दीपेंद्र हुड्डा**

रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मैं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करने के लिए मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। हरियाणा की जनता हरियाणा के भविष्य, संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए बदलाव की मांग करती है। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं रोहतक लोकसभा सीट पर मतदाताओं का आशीर्वाद मिल रहा है और कांग्रेस हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें जीत रही है।

**फरीदाबाद सीट पर 49.2 फीसदी मतदान**

हरियाणा में शाम पांच बजे तक 53.6 फीसदी मतदान हुआ है। अंबाला सीट पर 57.2, भिवानी महेद्रगढ़ सीट पर 55.2, फरीदाबाद सीट पर 49.2, गुरुग्राम पर 51.1, हिसार सीट पर 53.0, कुरुक्षेत्र सीट पर 56.5, रोहतक सीट पर 52.8, सोनीपत सीट पर 51.8 तो सिरसा सीट पर 57.2 फीसदी वोटिंग हुई है।

**पांच बजे तक अंबाला पर सबसे ज्यादा हुआ मतदान**

ल्फ१८ल्लं छ्ङ्ग्‌ रुँ ए्ी३ङ्ग्ल्लः हरियाणा की सभी दस सीटों पर मतदान जारी है। शाम पांच बजे तक हरियाणा में 53.6 फीसदी मतदान हुआ है। इनमें सबसे कम फरीदाबाद संसदीय सीट पर चुनाव हुआ है तो सबसे ज्यादा मतदान अंबाला सीट पर हुआ है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को जीटी बेल्ट के जिलों में सुबह से ही मतदान के लिए उत्साह रहा। सात बजे के पहले ही बूथों पर मतदाता पहुंचने लगे थे। आठ बजे तक बूथों पर लंबी-लंबी कतार लग गई थी। अंबाला में मुख्यमंत्री नायब सैनी और करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल समेत अधिकतर दिग्गजों ने सुबह ही लाइनों में लगकर मतदान किया। कुछ जगहों पर छिटपुट विवाद भी सामने आया, जबकि पानीपत, यमुनानगर और अंबाला में कुछ केंद्रों पर ईवीएम में आई खराबी के कारण उसे बदलना पड़ा। इस कारण मतदान में भी करीब आधे से एक घंटे की देरी हुई। सबसे अधिक ईवीएम में दिक्कत पानीपत में देखने को मिली। पानीपत के समालखा के गांव मनाना में बूथ नंबर-171 पर मशीन खराब होने के बाद दूसरी मंगवाई गई । यहां 8.10 बजे मतदान शुरू हो सका । पानीपत के एनएफएल के बूथ नंबर-191 पर ईवीएम मशीन खराब होने के कारण बदलनी पड़ी। इस कारण आधे घंटे की देरी से मतदान शुरू हो सका । पानीपत के मतलौडा क्षेत्र में नारा गांव में ईवीएम खराबी के कारण बदलनी पड़ी। इस कारण करीब आधे घंटे की देरी से मतदान शुरू हुआ। इसके अलावा पानीपत के ही मछरौली में बूथ नंबर-122 पर तकनीकी खराबी के कारण करीब 15 मिनट की देरी से मतदान शुरू हो सका। दूसरी ओर अंबाला के मंडोर में एक बूथ पर ईवीएम नहीं चली।

इस कारण उसे बदलना पड़ा। अंबाला छावनी के बूथ नंबर-175 पर तकनीकी खामी से वीवी पैट बदलनी पड़ी।



**विपक्ष निशाने पर**

**मछरौली में बूथ नंबर-122 पर तकनीकी खराबी के कारण करीब 15 मिनट की देरी से मतदान शुरू हो सका**

## न्यूज फ्लैश

### निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद के निधन से हरियाणा की भाजपा सरकार के बहुमत पर फिर उठा सवाल

चंडीगढ़: शनिवार 25 मई को 18 वी लोकसभा आम चुनाव के छठे चरण में हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटो पर हुए मतदान के दिन मौजूदा 14वी हरियाणा विधानसभा में गुरुग्राम जिले की बादशाहपुर वि.स. सीट से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद के आकस्मिक निधन से प्रदेश की अढ़ाई माह पुरानी नायब सैनी सरकार के सदन में बहुमत पर एक बार पुनः सवाल उठ गया है. पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट और विधायी एवं संवैधानिक मामलों के जानकार हेमंत कुमार (9416887788) ने बताया कि निर्दलीय विधायक दौलताबाद के निधन से 25 मई से मौजूदा हरियाणा विधानसभा की सदस्य संख्या एक और घटकर 87 हो गयी है. कुल 90 सदस्यी हरियाणा विधानसभा की सदस्य संख्या बीती 13 मार्च को सर्वप्रथम एक घटकर 89 हो गयी थी जब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री पद से हटने के अगले ही दिन करनाल वि.स. सीट के विधायक पद से त्यागपत्र दे दिया था जिसे विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) ज्ञान चन्द गुप्ता ने उसी दिन से स्वीकार कर लिया उसके डेढ़ माह बाद 30 अप्रैल को स्पीकर ने सिरसा जिले की रानियां सीट से निर्दलीय विधायक रहे रणजीत चौटाला,जो हालांकि आज भी मौजूदा नायब सैनी सरकार में बिजली एवं जेल मंत्री हैं, का 24 मार्च की पिछ्ली तारीख से विधायक पद से इस्तीफा स्वीकार कर दिया चूँकि 24 मार्च को रणजीत भाजपा में शामिल हो गये थे. बहरहाल, इससे सदन की संख्या एक और घटकर 88 हो गयी थी.18वी लोकसभा आम चुनाव में मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट और रणजीत सिंह हिसार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार है.

बहरहाल, अब 25 मई निर्दलीय राकेश दौलताबाद के निधन के बाद वर्तमान हरियाणा विधानसभा की सदस्य संख्या 88 से एक और घटकर 87 हो गयी थी जिससे सदन में बहुमत का आंकड़ा 45 से घटकर आज की तारीख में 44 हो गया है. हेमंत ने बताया कि अढाई माह पूर्व 12 मार्च को जब मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायब सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया, तब उस सरकार को भाजपा के तत्कालीन 41 विधायकों (स्पीकर को मिलाकर), छः निर्दलीय और एक हलोपा (हरियाणा लोकहित पार्टी) के विधायक गोपाल कांडा अर्थात कुल 48 विधायकों का समर्थन हासिल था. सर्वप्रथम मनोहर लाल और फिर रणजीत सिंह के त्यागपत्र के बाद और इसी माह के आरम्भ में भाजपा सरकार को समर्थन कर रहे तीन निर्दलीय विधायकों -- करनाल की नीलोखेड़ी से धर्म पाल गोंदर, कैथल की पुण्डरी से रणधीर सिंह गोलन और चरखी दादरी जिले की दादरी से सोमबीर सांगवान ने मौजूदा सरकार से समर्थन वापिस लेने के ऐलान के बाद (हालांकि कुछ तकनीकी कारणों से फिलहाल राज्यपाल और स्पीकर को इस बारे में आधिकारिक तौर पर सूचित किया जाना लंबित है) नायब सैनी सरकार को समर्थ कर रहे विधायकों की संख्या घटकर 43 हो गयी थी जिसके बाद कांग्रेस एवं जजपा द्वारा दावा किया गया हरियाणा की भाजपा सरकार अल्पमत में आ गई है और प्रदेश में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू कर तुरन्त ताजा विधानसभा चुनाव करवाए जाने चाहिए. अब 25 मई को सरकार को समर्थन कर रहे 2 निर्दलीय विधायकों में से एक दौलताबाद के निधन के बाद अब सरकार के पास कुल 42 विधायकों का ही समर्थन बचा है. बहरहाल, हेमंत का यह भी कहना है कि आगामी 4 जून को जब न केवल करनाल विधानसभा सीट के उपचुनाव का नतीजा आएगा जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी भाजपा उम्मीदवार हैं और अगर वह चुनाव जीतकर विधायक बनते हैं, तो सदन में भाजपा के विधायकों की संख्या बढ़कर फिर से 41 हो जायेगी बल्कि चूँकि मौजूदा विधानसभा के पांच विधायक - कांग्रेस से वरुण मुलाना और राव दान सिंह, भाजपा से मोहनलाल बडोली, इनेलो से अभय चौटाला और जजपा से नैना सिंह चौटाला भी लोकसभा सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं और अगर इनमें से एक या दो या अधिक जीतकर सांसद बनते हैं तो उन्हें निर्धारित समय में विधायक का पद छोड़ना होगा जिसके बाद विधानसभा के वर्तमान अंकगणित में और बदलाव हो सकता है एवं इस कारण तब तक राजनीतिक संशय बना रहेगा. इसी बीच हेमंत ने आज पुनः बताया कि बेशक 87 सदस्यी मौजूदा हरियाणा विधानसभा में नायब सैनी सरकार को वर्तमान में समर्थन कर रहे कुल 42 विधायकों का आंकड़ा प्रथम द्रष्टया अल्पमत प्रतीत हो परन्तु क्या वह वास्तव में यह अल्पमत है, वह सदन में मतदान के दौरान ही साबित हो सकता है क्योंकि सदन में विश्वास प्रस्ताव अथवा विपक्षी द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव दौरान हुई वोटिंग में पार्टी व्हिप जारी होने बावजूद एवं दल -बदल विरोधी कानून में सदन की सदस्यता से अयोग्यता का खतरा होने बावजूद विपक्षी दल के विधायक न केवल सदन से अनुपस्थित रह सकते हैं बल्कि अपनी पार्टी के विरूद्ध क्रॉस वोटिंग भी कर सकते है. पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कुछ दिन पूर्व बयान दिया गया था।

## राज्यपाल से कुलपति प्रो0 सुदेश ने शिष्टाचार मुलाकात की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जी से आज हरियाणा राजभवन में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत की कुलपति प्रो0 सुदेश ने शिष्टाचार मुलाकात की तथा राज्यपाल को विश्वविद्यालय की नीतियों, गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जी को बताया कि विश्वविद्यालय में आज के समय लगभग 69 कोर्स चलाए जा रहे है। विश्वविद्यालय में लगभग 7,000 से अधिक छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही है।

## तपती गर्मी में सिर को गद्दों से ढंककर लोगों ने डाले वोट

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वैसे तो प्रशासन ने तरह-तरह का प्रचार किया था। लगातार स्कूल व कालेजों में छात्रों को जागरूक किया था, लेकिन मतदान वाले दिन सभी दावे हवाई साबित हुए। प्रशासन का दावा था कि सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल व धूप से बचने के लिए टेंट की व्यवस्था की जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ दिखाई नहीं दिया। पेयजल के नाम पर टंकियों का पानी था और लंबी लाइन में लगे मतदाता धूप की वजह से परेशान रहे। इसके बावजूद ग्रामीण वोट देने के लिए लंबी लाइनों में भी अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। शनिवार सुबह से ही उमसभरी गर्मी शुरू हो गई थी। लोग तेज धूप से बचने के लिए सात बजे मतदान को निकल गए। इस कारण केंद्रों पर लंबी लाइन दिखाई दी। आठ बजते-बजते भीड़ होना शुरू हो गई और दोपहर को यह कतार और बढ़ गई। खूब अव्यवस्था थी, उमसभरी गर्मी थी लेकिन मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। सिर पर कपड़ा ढंके लोगों ने मतदान के लिए एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार किया। हालांकि दोपहर को मतदान केंद्र खाली नजर आए। यदि बात करें दिव्यांगों के लिए व्यवस्था की तो उसमें भी निराशा हाथ लगी। कुछ एक केंद्रों पर व्हील चेयर तो रखी थी लेकिन इसे ले जाने वाला कोई नहीं था। इसलिए दिव्यांग व अधिक बुजुर्ग अपने स्वजन के सहारे मतदान केंद्रों पर जाते हुए नजर आए। लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने दावा किया था कि बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के घर तक वोटर



**तपिश**

**प्रशासन का दावा था कि सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल व धूप से बचने के लिए टेंट की व्यवस्था की जाएगी**

## मेहनतकशों को रही वोट से ज्यादा पेट की चिंता

**झज्जर।** एक तरफ तो बहादुरगढ़ का सबसे व्यस्त बाजार रेलवे रोड। तपा देने वाली भीषण गर्मी। चुनाव की वजह से सभी दुकानें बंद। इस बाजार में बने कई मतदान केंद्रों के बाहर लगी मतदाताओं व उम्मीदवारों के कार्यकताओं की रौनक। दूसरी ओर अंदर तक झकझोर देने वाला सेंकड़ों मेहनतकशों का समूह। सभी के चेहरों पर छलक रही काम न मिलने की चिंता। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दिन बहादुरगढ़ में रेलवे रोड पर पांच मतदान केंद्र बने थे। इन सभी बूथों के बाहर मतदाताओं और उम्मीदवारों के कार्यकर्ताकताओं की रौनक लगी थी। शहर का सबसे व्यस्त बाजार भी बंद था, लेकिन निकट ही लेबर चौक में काम मिलने की इंतजार में खड़े सेंकड़ों श्रमिक लोकतंत्र के इस महापर्व से बेखबर नजर आए। हमने श्रमिक अनिल, किशोर, रणजीत व कृष्ण से बातचीत की। सभी ने कि उन्हें तो अपने पेट की चिंता पहले है। कुछ काम करेंगे तो खाएंगे। उन्हें तो काम करके ही अपना पेट भरना पड़ता है। एक अन्य श्रमिक ग्यासी लाल ने बताया कि चुनाव के दिन फैक्ट्रियों में उत्पादन कार्य बंद होने के कारण उन्हें काम नहीं मिल सका। जिससे अधिकतर श्रमिकों में मायूसी छाई हुई है। गेहूं की आवक लगभग बंद हो गई है, इसलिए अब अनाज मंडी में भी काम नहीं है। इस प्रकार चुनाव वाले दिन सैंकड़ों मजदूर काम की तलाश में सडक से गुजरने वाले लोगों का मुंह ताकते रहे।

## सभी मतदाताओं का मतदान के लिए दिल से धन्यवाद: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने लोकसभा चुनाव में सिरसा संसदीय सीट पर दिए गए सहयोग, समर्थन और प्रेम-प्यार के लिए मतदाताओं का धन्यवाद किया है। यहां जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा उनकी कर्मभूमि और पुरूखों की जमीन है, सिरसा के हर घर में मेरा परिवार बसता है, उनसे मिला स्नेह ही उनकी कमाई है और यही उनकी पूंजी हैं, लोकसभा चुनाव में आपके विश्वास और भरोसे से मजबूती मिली है, उन्होंने कहा है कि भाजपा की तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर करने का मौका जनता को मिला है, सरकार संस्थाओं को अपने इशारे पर चला रही है, देश में किसान, युवा, व्यापारी और महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है देश में असल लड़ाई न्याय और अन्याय के बीच है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की सरकार आने पर सभी के साथ न्याय किया जाएगा तो कांग्रेस ने वायदा किया है जो गारंटी दी है उसे पूरा किया जाएगा।



**आभार**

**सिरसा संसदीय सीट पर दिए गए सहयोग, समर्थन और प्रेम-प्यार के लिए मतदाताओं का धन्यवाद किया है**

## नेपाल से फतेहाबाद आकर वोट डाला

**फतेहाबाद:** नेपाल के काठमांडू में रहने वाले विकास गोयल वोट डालने हेतु विशेष तौर पर फतेहाबाद पहुंचे। फतेहाबाद के मार्केट कमेटी स्थित बूथ नंबर 49 पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुरबख्श मोंगा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ऐडवोकेट संदीप टांटिया, सेवा भारती के नरेश बंसल एवं भाजपा नेता एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने उन्हें श्री राम मंदिर का चित्र भेंट कर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। नेपाल से स्पेशल वोट डालने हेतु आए विकास गोयल ने कहा कि वह अपनी जन्म भूमि के प्रति अपने दायित्व को समझते हैं।

## डॉ. सुशील गुप्ता ने किया अलग-अलग बूथों का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**

कुरुक्षेत्र: आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने कुरुक्षेत्र लोकसभा के अलग अलग बूथों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वोटिंग का जायजा लिया और लोगों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच वोटिंग को लेकर उत्साह है और इस बार जनता बंपर वोटिंग कर रही है। जनता बीजेपी से त्रस्त है इसलिए हरियाणा से बीजेपी का सूपड़ा साफ होगा। मतदान एकतरफा इंडिया गठबंधन की तरफ जा रहा है। आज मतदाता बीजेपी के जुल्मों का बदला ले रहा है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र और हरियाणा में ही नहीं पूरे देश में इंडिया गठबंधन का माहौल है। लोग बीजेपी को सत्ता से बाहर करना चाहते हैं। बीजेपी के पास पिछले 10 साल में किए 10 काम भी गिनाने के लिए नहीं हैं। बीजेपी ने हरियाणा को अपराध और बेरोजगारी में नंबर वन बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस बार वोटरों का रुझान बता रहा है कि वो बदलाव चाह रहे हैं। वोटर कह रहे हैं बहता हुआ पानी अच्छा होता है, 10 साल से पानी रूका हुआ है जिसको बदलने की जरूरत है। प्रदेश की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानों की भलाई और महिलाओं का संरक्षण चाहती है। इसलिए इस बार इंडिया गठबंधन सभी 10 सीटें जीत रहा है।

**जांच जारी**

**वोटिंग का जायजा लेकर बढ़ाया लोगों का उत्साह, एकतरफा इंडिया गठबंधन की तरफ हुआ मतदान : डॉ. सुशील गुप्ता**

## अनुराग ने लाइन में लगकर डाला वोट


**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शनिवार को अपने परिवार सहित सुखपुरा चौक स्थित बूथ नंबर 20 में वोट डाला। उन्होंने प्रदेशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में घरों से बाहर निकलकर वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता ने बेरोजगारी, किसानों पर अत्याचार और महिलाओं के अपमान का बदला वोट से लिया है। पूरे हरियाणा की जनता ने एकजुट होकर बीजेपी के खिलाफ मतदान किया है। वहीं लाइनों में लगे वोटर्स में भी बीजेपी के खिलाफ गुस्सा दिखाई दे रहा था। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वोटर टर्नआउट नजर आ रहा है।

## टापू माजरी के लोगों ने लोकसभा चुनाव का किया बहिष्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** कई वर्षों से पुल निर्माण की मांग पूरी न होने के विरोध यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के गाव टापू माजरी के लगभग 500 मतदाताओं ने शनिवार को लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार कर दिया। जिले के प्रशासनिक अधिकारी इसको लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंचे पर फिर भी दोपहर बाद तक मतदान शुरू नही हो सका। ग्रामीणों की मांग थी कि जब तक पुल निर्माण नहीं होगा, तब तक वें इसी तरह से आगे भी अपना बहिष्कार जारी रखेंगे। ग्रामीणों का कहना था कि गांव बीपुर घाट पर पुल निर्माण की मांग उनकी दशकों साल पुरानी है। यहां से गांव के लोगों को यमुनानगर शहर में आने-जाने के लिए सात किलोमीटर की जगह 40 किलोमीटर घूमकर लंबा सफर प्रतिदिन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पहले ही लोगो ने चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया था। इसी के चलते गांव में आज बूथ पर कर्मचारी भी आए लेकिन कोई भी मतदाता वोट डालने के लिए नहीं आया। दोपहर दोपहर 3 बजे तक बूथ खाली पड़े रहे और एक भी वोट नहीं डाली गई। हालांकि जिला अधिकारी भी जनता को मनाने के लिए भी गए लेकिन कोई भी वोट डालने के लिए नहीं आया। गौरतलब है कि यमुना पर पुल बनाने का मुद्दा गांव के लोग लंबे समय से उठा रहे हैं। लेकिन पुल न बनने के कारण जनता नाराज है। पुल न बनने के कारण लोगों को लंबा रास्ता तय कर आना पड़ता है या फिर उन्हें यमुना नदी का रास्ता नाव में तय करना पड़ता है।



**नाराजगी**

**बूथ पर नही पहुंचा एक भी मतदाता, कई दशकों से पुल बनाने की ग्रामीण कर रहें है मांग**

## गुरुग्राम: परिवर्तन संघ से जनसेवा के रास्ते विधायक की कुर्सी तक पहुंचे थे राकेश

### परिवर्तन संघ बनाकर वर्षों तक छात्राओं के लिए चलाई निशुल्क बस, मरीजों के लिए निशुल्क एम्बुलेंस भी की थी शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम:** राकेश दौलताबाद... जिन्होंने पहले निर्दलीय चुनाव लड़ा और फिर इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ा। दोनों ही बार राकेश दौलताबाद को हार का मुंह देखना पड़ा। तीसरी बार उन्होंने फिर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ही चुनाव लड़ा और विधायक बनकर सरकार में भागीदारी बनाई। दो बार हारकर भी उन्होंने हार नहीं मानी। जब तीसरी बार निर्दलीय विधायक बने तो सरकार को समर्थन दिया और चेयरमैन की कुर्सी पर काबिज हुए। परिवर्तन संघ बनाकर समाजसेवा और फिर राजनीति में आए बादशाहपुर विधानसभा से निर्दलीय विधायक बने राकेश दौलताबाद (44) का शनिवार की सुबह ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। 39 साल की उम्र में वे विधायक बन गए थे। राकेश दौलताबाद ने सबसे पहले 2009 का बादशाहपुर से विधानसभा चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लड़ा था। इस चुनाव में उनके सामने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राव धर्मपाल थे। राकेश दौलताबाद राव धर्मपाल से 11385 वोटों से हार गए थे। हालांकि वे दूसरे नंबर पर रहे थे। 2014 के हरियाणा विधानसभा के चुनाव में राकेश दौलताबाद ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की टिकट पर बादशाहपुर से चुनाव लड़ा। उनके सामने भाजपा की टिकट पर कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह चुनाव मैदान में थे। इस चुनाव में कांटे की टक्कर थी। राव नरबीर सिंह को 86672 वोट मिले थे, जबकि 68540 वोट लेकर राकेश दौलताबाद दूसरे नंबर पर रहे थे। भले ही आंकड़ों से राकेश दौलताबाद की इस चुनाव में हार हुई हो, लेकिन राजनीति में उनके पांव जम चुके थे।



जनता के दिलों को काफी हद तक जीतने में वे कामयाब रहे थे। हार के बाद वे फिर से सक्रिय हुए। बादशाहपुर की जनता के बीच उनकी सक्रियता कम नहीं हुई। सेवा कार्यों को उन्होंने लगातार जारी रखा।

उन्होंने दो प्रमुख कार्यों को सुचारू रूप से चलाए रखा। पहला तो कालेज में पढने वाली बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा और दूसरा मरीजों के लिए निशुल्क एम्बुलेंस सेवा। ऐसा करके वे युवाओं के बीच भी पसंद किए जाने लगे। परिवारों में उनके कार्यों की चर्चा होने लगी।

**2019 में निर्दलीय लड़ा चुनाव:** 2019 का जब चुनाव आया तो उन्होंने किसी भी राजनीतिक दल से कोई संपर्क नहीं किया। इनेलो से वे पहले ही अलग हो चुके थे। ऐसे में उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में ताल ठोंकी। इस चुनाव में राकेश दौलताबाद 1 लाख 6 हजार 827 वोट (47.6 प्रतिशत) वोट लेकर विधायक बन गए। इसके बाद मनोहर सरकार में उन्हें हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के चेयरमैन की कुर्सी भी दी गई।

## कैथल में धूप के बावजूद मतदान केंद्रों के बाहर लगी लंबी लाइनें

**उत्साह**

**चढ़ते पारे के साथ बढ़ा मतदान, धूप में भी मतदान बरकरार, अपने नेताओं को जिताने के लिए लगाई कतार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** शनिवार को जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे ही मतदान का पारा भी बढ़ता गया। दोपहर 2:15 बजे तक कैथल में 44.8 प्रतिशत मतदान हो चुका था। धूप और गर्मी होने के बावजूद मतदान केंद्रों के बाहर वोट डालने के लिए लोगों की लंबी लाइन लगी हुई थी। जिला कैथल की चारों विधानसभाओं में मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पवार पूरे जिले पर नजर बनाए हुए हैं और जिला में अलग-अलग जगह पर मतदान केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। दोपहर 2:15 बजे तक कैथल विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 46.2 प्रतिशत मतदान हो चुका था। गुहला चीका रिजर्व विधानसभा क्षेत्र में 45.3 प्रतिशत और कलायत विधानसभा क्षेत्र में 44.5 प्रतिशत मतदान हो चुका था। इसी प्रकार पुंडरी विधानसभा क्षेत्र में 42.5 मतदान हो चुका था।



# सीएम ने खुद बनाई मतदाताओं की पर्चियां

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भीषण गर्मी में भी कार्यकर्ताओं का उत्साह बना हुआ है

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस


**करनाल।** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने शहर में कई बूथों पहुंचकर कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कई बस्तों पर बैठकर मतदाताओं की खुद पर्चियां बनाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भीषण गर्मी में भी कार्यकर्ताओं का उत्साह बना हुआ है और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर डटे हुए हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को अपनी वोट डालने के बाद करनाल पहुंचे और गांव काछवा, पूंडरक, कलामपुरा, डबरी, जरीफाबाद, रतनगढ़, शिव कालोनी, प्रेम नगर, रामनगर, गुरूनानकपुरा में पहुंचकर बूथों का दौरा किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता जगमोहन आनंद व संजय बठला भी उनके साथ थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि वह भी कार्यकर्ताओं में से एक हैं और मतदाताओं की पर्चियां बनाकर बतौर कार्यकर्ता अपनी ड्यूटी निभाई है। लोकतंत्र के इस पर्व में सभी को भाग लेना चाहिए और अपने घरों से बाहर निकलकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करना चाहिए। गर्मी को देखते हुए, कार्यकताओं द्वारा ठंडे पानी की छबीलें भी लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी में मतदाताओं का उत्साहपूर्वक भारी संख्या में मतदान करना साफ जाहिर करता है कि प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी कमल खिलेगा। जनता के आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनकर देश को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।



# जनता जर्नादन ही तय करती है अपनी सरकार : मनोहर लाल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल शनिवार सुबह 7 बजे अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। मनोहर लाल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार है। इसलिए लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को मनाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए और बढ़ चढ़कर मतदान करना चाहिए। छठे चरण का मतदान शनिवार सुबह 7 बजे शुरू हो गया था। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मतदान केंद्र प्रेम नगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुबह मतदान करने पहुंच गए थे। इस अवसर पर मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने करीब 15 बूथों का निरीक्षण किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। भाजपा की टेबल पर लोग उत्साहपूर्वक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन ही अपनी सरकार तय करती है। अपना देश लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में आपकी आवाज आपकी ताकत सब कुछ आपका वोट ही है। अपने वोट के सहारे हम आप अपने देश व समाज की तरक्की में अपनी साझेदारी कर सकते हैं।



# न्यूज फ्लैश

## बच्चे को छोड़कर विवाहिता हुई फरार, नकदी व आभूषण भी ले गई साथ

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** थाना कुंजपुरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव से विवाहिता अपने बच्चे को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई। पति का आरोप है उसकी पत्नी मधुबन थाना के एक गांव के युवक के साथ भागी है, जो घर से 30 हजार की नकदी व लाखों के आभूषण लेकर गई है। इस संदर्भ में थाना कुंजपुरा पुलिस ने पति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है करीब 5 साल पहले उनकी शादी हुई थी। शादी के बाद एक लड़का भी है, जो 3 साल साल का है। 24 मई यानी शुक्रवार को जब घर पर कोई नहीं था तो वह घर से लापता हो गई, जबकि उसके मासूम बेटे को घर पर ही छोड़ गई। सभी जगह तलाश करने पर भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। सब जगह तलाश करने के बाद जब वह घर आया तो उसने अलमारी चेक की तो उसमें रखे 30 हजार रुपए, पांच तोले सोने व पांच तोले चांदी के आभूषण गायब मिले। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी किसी युवक के साथ भागी है, क्योंकि इससे पहले भी वह एक बार उसी व्यक्ति के साथ भाग गई थी, लेकिन दोबारा लौट आई थी। जिसके संदर्भ में पंचायत भी हुई थी और पंचायत में पत्नी ने माफी मांग ली थी। इसके बाद पत्नी को घर में रख लिया था, लेकिन वह अब दोबारा भाग गई। कुंजपुरा थाना के जांच अधिकारी बलराज सिंह ने बताया कि 27 वर्षीय विवाहिता अपने बच्चे को घर पर छोड़कर लापता हुई है। पति ने एक युवक पर आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## छेड़खानी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत

**कुंडली थाना पुलिस** ने नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप निवासी बैरा बांकेपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में काम करती है। गत 20 मई को काम पर गई हुई थी। उसकी बेटी घर पर अकेली थी। करीब 12.30 बजे प्रदीप नाम का युवक उसके घ्हर में घुस आया। उसकी बेटी से मारपीट की। उसके बाद छेड़छाड़ करने लगा। बेटी ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसकी बेटी ने मामले को लेकर उसे अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## फैक्टरी से 500 किलो तांबा चोरी

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कंपनी से तांबा चोरी होने का मामला सामने आया है। फैक्टरी के मैनेजर ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश हाल में टीडीआई निवासी दिग्विजय सिंह ने बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी में कार्यरत है। हर रोज की तरह वह फैक्टरी में पहुंचा। जानकारी मिली कि फैक्टरी से 26 रील तांबा का तार गायब है। मामले को लेकर जांच की तो करीब 500 किलो तांबा तार चोरी हुआ मिला। परिसर में लगे सीसीटीवी की जांच की तो कोई व्यक्ति चोरी करते हुए पाया गया। ममाले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।



सोनीपत एक्शन इंडिया के ब्यूरो चीफ संजीव कौशिक ने मतदान किया और आम लोगों से ज्यादा ज्यादा मतदान करने का आह्वान किया।

## गर्मी के बावजूद बुजुर्ग व दिव्यांग भी नहीं रहे मतदान में पीछे

**लोकसभा आम चुनावों** में बुजुर्गो ने भी खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांव भोगीपुर में बने मतदान केन्द्र में 86 वर्षीय सुरत सिंह राठी लाठी के सहारे मतदान केंद्र तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुरत सिंह का कहना था कि मताधिकार का प्रयोग हर नागरिक को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर मत का अपना विशेष महत्व होता है, जिसे गंभीरता से समझते हुए प्रत्येक मतदाता को वोट डालनी चाहिए। मजबूत इरादे के साथ वृद्ध मतदाता बूथ तक पहुंचे। ढलती उम्र बुजुर्ग मतदाताओं के सामने बाधा नहीं बन सकी। आहूलाना निवासी 90 वर्षीय वृद्ध धजा राम अपने पोते के सहारे मतदान केंद्र तक पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# जीत के आशीर्वाद के लिए सीएम पहुंचे मंजी साहेब गुरुद्वारा

## श्री गुरुग्रंथ साहेब के आगे टेका मत्था, बाबा सुक्खा सिंह ने भी दिया आशीर्वाद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्यमंत्री तथा करनाल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार नायब सिंह सैनी शनिवार को जीत का आशीर्वाद लेने के लिए मंजी साहेब गुरुद्वारा पहुंचे। यहां पर उन्होंने गुरु ग्रंथ साहेब के आगे मत्था टेका। वहां उन्होंने श्री गुरुग्रंथ साहेब के प्रकाश में डेरा कारसेवा गुरुद्वारा के प्रमुख सिख पंथ के प्रमुख प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह तथा संगत से जीत का आशीर्वाद लिया। यहां उल्लेखनीय है कि सिंख पंथ के आदि गुरु श्री गुरु नानक देव जी करनाल में इस स्थान पर आए थे। इस गुरु घर की काफी मान्यता है। यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उप सचिव गुलाब सिंह मूनक, गुरुद्वारा डेरा कारसेवा की प्रबंधक समिति के प्रधान वरिंदर सिंह तथा महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वह यहां पर गुरुओं का आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग गुरुओं का आदर करते हैं। हमारी सरकार ने हमेशा महापुरुषों का सम्मान किया है। उनकी मर्यादा के अनुरूप काम किया है। उन्होंने कहा कि वह यहां सियासी बात करने नहीं आए हैं। यहां पर गुरुद्वारे के हेड ग्रंथी ने उनकी जीत के लिए अरदास की। उसके बाद उन्होंने गुरुओं का आशीष लिया। मंजी साहेब गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से डेरा कारसेवा गुरुद्वारा के प्रमुख सिख पंथ के प्रमुख प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपप्रधान गुलाब सिंह मूनक तथा गुरुद्वारा डेरा कारसेवा की प्रबंध समिति के प्रधान वरिंदर सिंह, महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह तथा सिंख संगत ने उनको सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ आए गुलाब सिंह सैनी, संजय बठला, जगमोहन आनंद को भी सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया।



# पांचों विधानसभाओं के 1151 बूथों पर वेबकॉस्टिंग से रखी निगरानी

## उपायुक्त ने स्वयं रखी कंट्रोल रूम में बने वेबकॉस्टिंग से मतदान की गतिविधियों पर नजर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल लोकसभा व विधानसभा उप चुनावों की तमाम गतिविधियों पर नजर रखने, सुरक्षा व्यवस्था का निरंतर आंकलन करने और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू व शांतिपूर्ण ढंग से संचालन करने के लिए वेबकॉस्टिंग कैमरे प्रत्येक बूथ पर लगाए गए। इस जिले की करनाल, असंध, नीलोखेड़ी, इंद्री, घरौंडा विधानसभा के 1151 बूथों की तमाम व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए लघु सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था। इस कंट्रोल रूम में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने निरंतर बैठकर चुनावों की गतिविधियों पर नजर रखी। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि जिला में 1151 पोलिंग बूथ बनाए गए। इन सभी बूथों पर वेबकास्टिंग कैमरे लगाए गए। इन कैमरों का कंट्रोल रूम लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में बनाया गया और हर विधानसभा को लेकर अलग-अलग स्क्रीन लगाई गई। प्रत्येक विधानसभा की स्क्रीन पर नजर रखने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। यह कर्मचारी सुबह से लेकर सायं तक प्रत्येक बूथ की गतिविधि को एक जगह पर बैठकर देखते रहे और उपायुक्त ने वेबकास्टिंग कैमरे के लिए जरिए विधानसभा के एआरओ को व्यवस्था को ठीक करने के कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि भारत चुनाव आयोग के आदेशानुसार प्रत्येक बूथ पर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इन कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम में बैठकर तमाम व्यवस्थाओं को देखा गया। इन कैमरों के जरिए प्रेजाइडिंग ऑफिसर, एपीओ, पीओ सहित अन्य अधिकारियों की गतिविधियों को देखा गया और इस विषय पर भी आंकलन किया गया कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की किसी भी बूथ पर कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। उन्होंने कहा कि करनाल जिला में लोकसभा और करनाल विधानसभा उपचुनाव के बेहतर तरीके से व्यवस्थाओं के बीच संचालन किया गया।




# हरियाणा से भाजपा की विदाई हुई तय ,सभी 10 सीटे जीत रहा है इंडिया गठबंधन: मलौर



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि हरियाणा के मतदाताओं ने भाजपा के विरुद्ध वोट दिया है। हरियाणा से भाजपा की विदाई तय हो चुकी है और 4 जून को सभी 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे। मलौर अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्ष के शासनकाल से आम व्यक्ति परेशान हो चुका था। महंगाई और बेरोजगारी ने जनता की कमर तोड़ दी है। गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है और प्रधानमंत्री लोगों की समस्याओं का समाधान करने की बजाए अपने मन की बात सुनाते रहे। किसी भी सरकारी कार्यालय में बिना रिश्वत दिये कोई कार्य नहीं होता। कांग्रेस पार्टी का चुनाव जनता ने स्वयं लड़ा है। हर मतदाता ने मोदी सरकार को सबक सिखाने की भावना से मतदान किया है। उन्होंने कहा कि गांवों के साथ साथ शहरों में भी कई मतदान केंद्रों पर भाजपा के बूथ तक नही लग पाये। उन्होंने कहा कि बसपा, इनेलो व जजपा इस चुनाव में मात्र औपचारिकता पूरी करती नजर आई और मतदान केंद्रों पर कहीं भी उनके कार्यकर्ता नजर तक नही आये।





वार्ड 3 के भाजपा पार्षद सुरेंद्र मदान और समाजसेवी व शिक्षाविद् मोनिका मदान ने मतदान किया।

# लू के प्रकोप से बचने के लिए बरतनी होगी सावधानी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने तापमान में हो रही एकाएक बढ़ोतरी के चलते नागरिकों से हीट-वेव यानि लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उपायुक्त ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे लू से बचाव के लिए, जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। ऐसे में नागरिकों को विशेष सावधानी व बचाव करने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुरूप तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थो के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीएं और भले ही प्यास न लगी हो। हल्के, हल्के रंग के, ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता-टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। बिना कार्य के तपती दुपहरी में घर से बाहर न निकलें। यात्रा करते समय पानी अपने साथ रखें। शराब, चाय, कॉफी और काबोनेटेड शीतल पेय से बचें। यदि आप बाहर काम करते हैं तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें।



# आदर्श बूथों पर उत्साहित होकर मतदाताओं ने किया मतदान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं को विशेष सुविधाएं देने के उद्देश्य से बनाए गए पिंक, युवा, दिव्यांगजन व आदर्श बूथों पर मतदाताओं ने उत्साहित होकर अपने मत का प्रयोग किया। इन बूथों के साथ-साथ तमाम बूथों पर गर्मी को जहन में रखते हुए प्रशासन की ओर से ठंडे पानी, कूलर, दवाईयों, स्वयंसेवकों और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अहम पहलू है कि इन विशेष बूथों पर सेल्फी प्वाईंट भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भारत चुनाव आयोग के शैड्यूल के अनुसार शनिवार 25 मई को करनाल जिले की 5 विधानसभाओं में 1151 बूथ बनाए गए। इनमें से प्रत्येक विधानसभा में एक-एक महिला संचालित कुल 5 पिंक बूथ, 5 युवा बूथ, 7 दिव्यांग मतदान केंद्र और 21 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए। इन सभी बूथों पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के निर्देशानुसार पीने के पानी, शौचालय, बिजली, रैम्प, व्हील चेयर, स्वयंसेवकों की ड्यूटी, पिंक बूथों की पिंक रंग के टैंट से साज-सज्जा, वॉटर कूलर, कूलर, सुरक्षा व्यवस्था, दवाई की व्यवस्था सहित अन्य प्रकार के प्रबंध किए गए थे। इन प्रबंधों को देखकर मतदाताओं ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। करनाल बूथ नम्बर 96, सैक्टर 16 सामुदायिक केंद्र में 80 वर्षीय ओम देवी निवासी खेड़ा कॉलोनी ने बातचीत करते हुए कहा कि व्हीलचेयर पर वोट देने के लिए जा रहे थे, तो प्रशासन द्वारा यहां पर बेहतर व्यवस्था की गई है। रेडक्रास के माध्यम से वॉलिंटियर उपलब्ध करवाए गए हैं। ऐसे करके जो व्यक्ति चलने में असमर्थ है, वह भी यहां पर आकर सुगमता से अपना वोट देने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इसी प्रकार सैक्टर 14 राजकीय कॉलेज में पहली बार अपने मत का प्रयोग करने आए युवा छात्र राकेश व दिव्यांशी ने बताया कि वह पहली बार अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं। देश को आगे ले जाने में युवा वर्ग की अहम भूमिका होती है, इसलिए हर युवा को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। महिला मतदाता बलविंद्र कौर से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मतदान करने के उपरांत उन्हें काफी खुशी है, 5 साल में एक बार चुनाव का पर्व आता है, इसलिए हमें अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए, लोकतांत्रिक व्यवस्था ओर मजबूत इसके हर मतदाता को अपना वोट जरूर डालना चाहिए। युवा मतदाता इशनूर कौर ने बताया कि वह भी पहली बार अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं।



# व्यक्ति की हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: शहर थाना क्षेत्र में** डीटीसी कर्मी के बचाव में आए व्यक्ति की हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल सरूप की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 24 हजार जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को दो साल अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। देव नगर निवासी सतबीर ने 20 नवंबर, 2015 को शहर थाने में शिकायत देकर बताया था कि वह डीटीसी में कार्यरत है। वह घटना के दिन गढ़ी घसीटा स्थित अपनी बहन चांदकौर के पास गए थे। उनकी बहन गली में बैठी थी। तभी उनके पड़ोस का गगनदीप उर्फ बॉबी गली में आकर गाली-गलौज करने लगा था। उन्होंने उसे रोका तो वह चला गया था। उसके बाद वह ककरोई रोड स्थित अपनी दुकान पर बेटे के पास आ गए थे। इसी दौरान बॉबी हाथ में चाकू लेकर उनकी दुकान पर पहुंचा था। उसने उसके सीने और पैर पर चाकू मारा था। दुकान पर बैठे उनके बेटे सोमबीर के पैर पर भी चाकू मारा था। इसी बीच उनके बचाव में दहिया कॉलोनी निवासी सुशील आ गए थे। आरोपित ने सुशील पर भी चाकू से हमला कर दिया था। जिससे वह भी घायल हो गए थे। उन्हें तथा सुशील को अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने सतबीर के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। उपचार के दौरान सुशील की मौत होने पर हत्या की धारा जोड़ी गई थी। आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने पर उस समय शहर में कई दिन धरना-प्रदर्शन हुए थे। बाद में आरोपित की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये इनाम भी रखा गया था। उसके बाद आरोपित को पांच साल बाद सीआईए-1 में नियुक्त एएसआई अनिल पंवार की टीम ने औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया था।

## संपादकीय

# परम आचार्य हैं ब्रह्मर्षि नारद

**ब्रह्मर्षि नारद** कोई सामान्य महर्षि अथवा ब्रह्मर्षि नहीं है। वह समस्त जीव जगत के परम आचार्य हैं। वस्तुत सृष्टि में गुरुतत्व के मूल हैं। पथप्रदर्शक हैं। जीवन दृष्टि के एक मात्र प्रदाता हैं। इस सृष्टि के संचालन में सृष्टि को रचने वाले के एकमात्र सहयोगी और सुविचार प्रसारण के माध्यम हैं। नारद जी को जानना और समझना पूर्ण रूप से, एक सामान्य मनुष्य के लिए कठिन है। सृष्टि में सनातन के जो भी ग्रंथ अथवा साहित्य स्थापित हैं, उनके उद्भव के प्रेरणश्रोत और प्रणेता नारद जी ही हैं। पुराणों के अनुसार हर साल ज्येष्ठ के महीने की कृष्ण पक्ष द्वितीया को नारद जयंती मनाई जाती है। नारद को ब्रह्मदेव का मानस पुत्र माना जाता है। इनका जन्म ब्रह्मा जी की गोद से हुआ था। ब्रह्मा जी ने नारद को सृष्टि कार्य का आदेश दिया था, लेकिन नारद ने ब्रह्मा जी का ये आदेश मानने से इनकार कार दिया। नारद, देवताओं के ऋषि हैं, इसी कारण उनको देवर्षि नाम से भी पुकारा जाता है। कहा जाता है कि कठिन तपस्या के बाद नारद को ब्रह्मर्षि पद प्राप्त हुआ था। नारद बहुत ज्ञानी थे, इसी कारण दैत्य हो या देवी-देवता सभी वर्गों में उनको बेहद आदर और सत्कार किया जाता था। कहते हैं नारद मुनि के श्राप के कारण ही राम को देवी सीता से वियोग सहना पड़ा था। पुराणों में ऐसा भी लिखा गया है कि राजा प्रजापति दक्ष ने नारद को श्राप दिया था कि वह दो मिनट से ज्यादा कहीं रुक नहीं पाएंगे। यही कारण है कि नारद अक्सर यात्रा करते रहते थे। कभी इस देवी-देवता तो कभी दूसरे देवी-देवता के पास। अद्भुत , अलौकिकः नारद आत्मज्ञानी, नैष्ठिक ब्रह्मचारी, त्रिकाल ज्ञानी, वीणा द्वारा निरंतर प्रभु भक्ति के प्रचारक, दक्ष, मेधावी, निर्भय, विनयशील, जितेन्द्रिय, सत्यवादी, स्थितप्रज्ञ, तपस्वी, चारों पुरुषार्थ के ज्ञाता, परमयोगी, सूर्य के समान, त्रिलोकी पर्यटक, वायु के समान सभी युगों, समाजों और लोकों में विचरण करने वाले, वश में किये हुए मन वाले नीतिज्ञ, अप्रमादी, आनंदरत, कवि, प्राणियों पर निःस्वार्थ प्रीति रखने वाले, देव, मनुष्य, राक्षस सभी लोकों में सम्मान पाने वाले देवता तथापि ऋषित्व प्राप्त देवर्षि थे। अन्य जानकारी भक्ति तथा संकीर्तन के ये आद्य-आचार्य हैं। इनकी वीणा भगवन जप 'महती' के नाम से विख्यात है। श्रीमुख से 'नारायण-नारायण' की ध्वनि निकलती रहती है। नारद मुनि शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्मा के सात मानस पुत्रों में से एक माने गये हैं। ये भगवान विष्णु के अनन्य भक्तों में से एक माने जाते है। ये स्वयं वैष्णव हैं और वैष्णवों के परमाचार्य तथा मार्गदर्शक हैं। ये प्रत्येक युग में भगवान की भक्ति और उनकी महिमा का विस्तार करते हुए लोक-कल्याण के लिए सर्वदा सर्वत्र विचरण किया करते हैं। भक्ति तथा संकीर्तन के ये आद्य-आचार्य हैं। इनकी वीणा भगवन जप 'महती' के नाम से विख्यात है। उससे 'नारायण-नारायण' की ध्वनि निकलती रहती है। इनकी गति अव्याहत है। ये ब्रह्म-मुहूर्त में सभी जीवों की गति देखते हैं और अजर-अमर हैं। भगवद्-भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए ही इनका आविर्भाव हुआ है। उन्होंने कठिन तपस्या से ब्रह्मर्षि पद प्राप्त किया है। देवर्षि नारद धर्म के प्रचार तथा लोक-कल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहते हैं। इसी कारण सभी युगों में, सब लोकों में, समस्त विद्याओं में, समाज के सभी वर्गों में नारद जी का सदा से प्रवेश रहा है। मात्र देवताओं ने ही नहीं, वरन् दानवों ने भी उन्हें सदैव आदर दिया है।

# प्रकृति के साथ आधुनिक संस्कृति का टकराव

कुलभूषण उपमन्यु

> "पानी के लिए संघर्षों के नए युग का सूत्रपात हो जाएगा। माना जा रहा है कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के चलते दुनिया की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके साथ खाद्यान्नों की मांग भी बढती जा रही है। किन्तु कृषि योग्य भूमि घटती जा रही है। और जो है उसकी उत्पादकता घटती जा रही है। प्रति व्यक्ति भूमि भी आबादी में तेज वृद्धि के कारण कम होती जा रही है। रासायनिक कृषि के कारण भूमि का अत्यधिक दोहन संभव हुआ है जिसके चलते भूमि का स्थायी उपजाऊपन कम होता जा रहा है। वैश्विक कृषि भूमि क्षेत्र 2021 में 4 I79 बिलियन हेक्टेयर था जो 2000 के मुकाबले 2 प्रतिशत कम था। अत्यधिक रासायनिक पदार्थों के प्रयोग, और जलवायु परिवर्तन के कारण भूमि की उपजाऊ शक्ति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है"

**वैयक्तिक** स्तर पर तो मृत्यु अपरिहार्य सत्य है, किन्तु प्रवाह रूप में जीवन धारा का सातत्य ही संसार को चलाये रखने वाली प्रक्रिया है। वर्तमान विकास यात्रा में प्रकृति के साथ आधुनिक संस्कृति का टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंचता जा रहा है। जिसने सतत जीवन धारा को ही खंडित करना आरंभ कर दिया है। इस संस्कृति का आधार विज्ञान, तकनीक का गुलाम होकर भेदवादी शक्तियों की ताकत बनता जा रहा है। समग्रतावादी आध्यात्मिक चिंतन, जो विश्व समाज को जोड़ने का काम करता है, हाशिए पर जा रहा है। जिसकी परिणति आत्ममुग्धता और अहंकार जनित युद्धों और पर्यावरण विध्वंस के रूप में हो रही है। यूनेस्को के संविधान की घोषणा के ये शब्द इस विषय में प्रासंगिक हैंः " युद्ध मनुष्यों के मन में आरंभ होते हैं, पर्यावरण संबंधी समस्याएं भी मनुष्य के मन में ही आरंभ होती हैं। इसलिए वास्तविक रूप में मानवीय, बौद्धिक नैतिक पर्यावरण की नींव मानव मन में ही डालनी होगी।" वर्तमान विश्व समाज, विशेषज्ञ संचालित है। विशेषज्ञ चीजों को टुकड़ों में विश्लेषण द्वारा समझते हैं। जिससे समग्र हित साधन की समझ गायब हो जाति है। जैसे एक विशेषज्ञ चिकित्सक शरीर का इलाज करेगा तो आंख, कान, नाक, गुर्दा, हृदय, के अनुसार करेगा। यदि गुर्दे का इलाज करते हृदय को हानि पंहुच जाए जिससे सारा शरीर दुष्प्रभावित हो जाए तो उस पर चिकित्सक का वश नहीं रहता। औद्योगिक विशेषज्ञता ने प्रकृति के मूल जीवनदायी तत्वों हवा, पानी, मिट्टी (भोजन) को ही संकट ग्रस्त कर दिया है। वायु प्रदूषण के लगातार बढ़ते स्तर के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव के चलते वैश्विक तापमान में अभूत पूर्व वृद्धि हो रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से हो रही तापमान वृद्धि के कारण जलवायु परिवर्तन का खतरा मंडराने लगा है। दुनिया भर में बे-मौसमी और भारी बारिश, भयंकर समुद्री तूफान, बाढ़- सूखा- चक्र, भूस्खलन, और बर्फीले तूफानों का क्रम लगातार बढ़ता जा रहा है। अगर वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेंटीग्रेट के भीतर नहीं रोका गया तो जलवायु परिवर्तन के परिणाम कितने भयंकर होंगे इस बात का अनुमान लगाना भी कठिन है। तापमान में 1 डिग्री वृद्धि तो हो ही चुकी है। इसी मई में ही हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाएं हो चुकी हैं। ये सब असामन्य घटनाएं हैं। इसका दूसरा बड़ा प्रभाव ग्लेशियर पिघलने के रूप में सामने आ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो



2050 तक दुनिया भर के अधिकांश ग्लेशियर समाप्त होने के कगार पर होंगे। इससे समुद्र की सतह ऊपर उठ जाएगी और समुद्र किनारे के कई देश, द्वीप और इलाके पानी में डूब जाएंगे। वेनजुएला ग्लेशियर समाप्त होने वाला पहला देश बनने जा रहा है। हिमालय और ध्रुवीय ग्लेशियर भी इसी परिणाम को प्राप्त होने वाले हैं। ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलों के अचानक फट जाने का खतरा बना रहता है। जिससे भयानक बाढ़ें अचानक आने के चलते भारी जन-धन की हानि हो जाति है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम आदि राज्य पहले ही इस कारण आने वाली त्रासदियों को झेल चुके हैं। अभी सतलुज के पनढल में पिछले एक वर्ष में ही ग्लेशियर पिघलने से 52 नई झील निर्मित हो चुकी हैं। सैटेलाइट अनुदर्शन से खुलासा हुआ है कि यहां 2022 में 414 ग्लेशियल झीलें थीं अब यहां 466 झीलें हैं। वायु प्रदूषण से त्रस्त शहरों में वायु की गुणवत्ता सांस लेने के लिए सुरक्षित नहीं बची है। जिससे सांस की बीमारियों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। छोटे बच्चे तक इनका शिकार हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि का भी वायु प्रदूषण कारक बन रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली प्रथम स्थान पर है जहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 483 है दूसरे स्थान पर लाहौर 371 अंकों के साथ और कोलकाता 206 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। जल प्रदूषण और अभाव के रूप में दूसरी बड़ी समस्या पेश हो रही है। मल-जल और औद्योगिक प्रदूषित जल नदियों में डालने के कारण देश की अधिकांश नदियां प्रदूषित हो गई हैं। जिनका जल पीने और अन्य उपयोग के लिए सुरक्षित नहीं बचा है। भू-जल भी प्रदूषित हो गया है जिसमें संखिया और अन्य धातु जनित प्रदूषण की मात्रा सुरक्षित स्तर से ज्यादा हो गई है। भू-जल अत्यधिक दोहन के कारण संकट में आ गया है। कई शहरों में स्थानीय आबादी के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध करवाना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इस सूची में बेंगलुरु पहले स्थान पर है। ग्लेशियर समाप्त होने से नदियों में सतत प्रवाह कम हो जाएगा, नदियां मौसमी हो जाएंगी जिनमें बरसात में तो बाढ़ का दृश्य होगा और अन्य मौसमों में पानी की कमी आ जाएगी। जिससे पेयजल और अन्न सुरक्षा के लिए जरूरी सिंचाई व्यवस्था भी गड़बड़ा जाएगी। पानी के लिए संघर्षों के नए युग का सूत्रपात हो जाएगा। माना जा रहा है कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के चलते दुनिया की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके साथ खाद्यान्नों की मांग भी बढती जा रही है। किन्तु कृषि योग्य भूमि घटती जा रही है। और जो है उसकी उत्पादकता घटती जा रही है। प्रति व्यक्ति भूमि भी आबादी में तेज वृद्धि के कारण कम होती जा रही है। रासायनिक कृषि के कारण भूमि का अत्यधिक दोहन संभव हुआ है जिसके चलते भूमि का स्थायी उपजाऊपन कम होता जा रहा है। वैश्विक कृषि भूमि क्षेत्र 2021 में 4 I79 बिलियन हेक्टेयर था जो 2000 के मुकाबले 2 प्रतिशत कम था। अत्यधिक रासायनिक पदार्थों के प्रयोग, और जलवायु परिवर्तन के कारण भूमि की उपजाऊ शक्ति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। फसलों पर छिड़के गए रासायनिक जहरों का असर फसलों में भी कुछ प्रतिशत रह जाता है।

जिसके कारण अनेक बीमारियां आदमी को घेर रही हैं। पंजाब के कुछ हिस्से जहां अत्यधिक रासायनिक कीटनाशक दवाओं का प्रयोग हुआ उन्हें कैंसर बेल्ट से पहचाना जा रहा है। अगली बड़ी चिंता कचरे को ले कर है। खास कर प्लास्टिक कचरे के कारण नदियां खेत, और समुद्र पटते जा रहे हैं। लाख कोशिशों के बाद भी समाधान मिल नहीं पाया है। प्लास्टिक प्रदूषण हवा, पानी, मिटटी सभी जीवनदायी तत्वों को हानि पहुंचा रहा है, इसके साथ ही नैनो प्लास्टिक में तब्दील हो कर यह खाद्य शृंखला का हिस्सा बनता जा रहा है। प्लास्टिक का दुनिया में 1950 में उत्पादन 1 I5 मिलियन टन था जो 2011 तक 280 मिलियन टन हो गया। जीवन की हर गतिविधि में प्लास्टिक का उपयोग अपरिहार्य हो चुका है। प्लास्टिक कचरे के सही निपटान के प्रति गंभीरता के अभाव के कारण यह गर्मी सर्दी में बाहर पड़ा रहता है और धूप के संपर्क से प्लास्टिक के छोटे-छोटे अदृश्य कण वातावरण में सब जगह फैल जाते हैं। यही नानो प्लास्टिक कहलाते हैं। मनुष्य के शरीर में भोजन शृंखला के माध्यम से पहुंच कर ये कई स्वास्थ्य चुनौतियों को जन्म देते हैं। सांस के साथ फेफड़ों में जा कर सांस संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। फेफड़ों की सांस लेने की क्षमता को कम कर सकते हैं। ब्रेन बैरियर को लांघ कर ये दिमाग में जा कर कई मस्तिष्क संबंधी समस्याएं पैदा कर सकते हैं, जिसके प्रमाण सामने आने लगे हैं। अतः यह स्पष्ट होता जा रहा है कि वर्तमान जीवन पद्धति और उत्पादन प्रक्रिया न तो टिकाऊ हैं और न ही मानव जीवन को सुखी बनाने में सक्षम हैं। बल्कि नई-नई समस्याएं पैदा करने वाली हैं। अतः हर एक प्रक्रिया का मुल्यांकन करना और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए गंभीर प्रयत्न करना अपरिहार्य होता जा रहा है। हम जीवनदायी हवा, पानी और भोजन व्यवस्था का कोई विकल्प तैयार नहीं कर सकते। इसलिए पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के प्रयास हमारी तमाम योजनाओं के मूल भाग होने चाहिए। अनावश्यक उपभोग की भूख को नियंत्रित करने के लिए महात्मा बुद्ध का तृष्णा क्षय का मंत्र भी उपयोगी हो सकता है।

**(लेखक, जंगल, जंगल और जमीन के मुद्दों से संबद्ध हैं।)**

## कविता

जब चलें ये शुग़्ल फरमाते चलें
एकता का गीत दोहराते चलें

अपने इठलाते खिरामे- नाज से
इस कदर मत आग दहकाते चलें

अज्मते- मंजिल का कर कर के बयाँ
काफिला वालों को उकसाते चलें

जब भी निकलें शाहराहे- इश्क में
चाल में कुछ बाँकपन लाते चले

जब चलें तो निकहते- एखलाक से
हर गली कूचे को महकाते चलें

हम को कम भाई ये तहजीबे- सफर
यार के भी साथ शमार्ते चलें

इन सभी ने जख़्म बख़्शे है हमें
आओ इन पर फूल बरसाते चलें

प्यार की राहों से बाज आए "जकी"
किस कदर हम ठोकरें खाते चलें

जकी तारिक

# नतीजों से पहले नए यादवत्व की स्थापना

**राकेश**

**देश में 4 जून** को आने वाले लोकसभा चुनाव परिणामों से पहले सत्तारूढ़ दल में नए प्रयोग तेजी से चल रहे है। सत्तारूढ़ दल हाल ही में संघ से छोड़-छुट्टी का ऐलान कर ही चुका है और अब लगता है कि भाजपा ने पार्टी की सरकारों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकल्प के तौर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को नए यादव नेता के रूप में स्थापित करने की मुहिम शुरू कर दी है। भाजपा और उसके नेतृत्व वाला गठबंधन चाहे सरकार बना पाए या न बना पाए लेकिन अब उसे योगी जी किसी भी सूरत में बर्दाश्त होने वाले नहीं है।

पिछले दो महीने की गतिविधियों की समीक्षा के बाद ये तथ्य सामने आया है कि मोशा की जोड़ी 4 जून के बाद यदि सबसे पहले किसी के आभामंडल को कम करेगी तो वो होंगे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। योगी जी ने अपने तरीके से उत्तर प्रदेश को बनाया है और और प्रदेश में ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों में उनका कथित सुशासन मॉडल की तरह लोकप्रिय हो रहा है ,और यही मोशा की जोड़ी को बर्दाश्त नहीं। लोकसभा चुनावों के हर चरण में भाजपा प्रत्याशियों ने यदि मोशा के बाद किसी नेता की मांग की है तो वो नाम है योगी आदित्यनाथ का। अब नाथ मोशा के सबसे बड़े प्रतिद्वंदी बनकर उभरे हैं। पहले उनकी जगह केन्दीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम सबसे ऊपर लिया जाता था।

जानकार बताते हैं कि चुनाव के पांचवें चरण के बाद जहाँ-जहाँ से योगी की मांग आयी,वहां-वहां मोशा की जोड़ी ने विकल्प के तौर पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भेजा । खासतौर पर यादव बाहुल्य वाले राज्यों और चुनाव क्षेत्रों में। मोहन यादव हालाँकि अभी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तरह आम जनता के मामा नहीं बन पाए हैं किन्तु भाजपा नेतृत्व उन्हें योगी के स्थान पर पार्टी का नया यादव नेता बनाने में जरूर रूचि ले रही है। डॉ मोहन यादव ने भी योगी की तरह प्रदेश में आल्पसख्यकों को हड़काना शुरूकर दिया है । हाल ही में उन्होंने प्रदेश के मुस्लिमों को चेतावनी दी है कि यदि किसी ने भी सड़कों पर नमाज पढ़ने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं।

डॉ मोहन यादव को मुख्यमंत्री बने छह महीने से ज्यादा का समय हो गया है,लेकिन उनकी पहचान अभी तक मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित नहीं हो पायी है ,लेकिन एक यादव नेता के रूप में स्थापित होने में उन्हें ज्यादा कामयाबी मिली है। मोशा की जोड़ी ने उन्हें अप्रत्याशित रूप से शिवराज सिंह चौहान की जगह मप्र का मुख्यमंत्री बनाया था ,जबकि राज्य विधानसभा का चुनाव चौहान के चेहरे और उनकी सरकार की उपलब्धियों के आधार पर ही लड़ा गया था ।कहा जाता है कि शिवराज सिंह का कद एक मुख्यमंत्री के रूप में तो बड़ा हो ही चुका था लेकिन वे लोगों को [ पार्टी के भीतर भी और बाहर भी ] प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी का विकल्प लगने लगे थे ,इसलिए उन्हें राज्य सत्ता से बेदखल कर दिया गया । अब वे पहले की तरह मात्र एक लोकसभा सदस्य की हैसियत में रहेंगे।

## विचार

# भारत के संदर्भ में ज्यादा खतरा

**संजीव**

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है। एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं' विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं. खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें' यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई है' यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैं' दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं' आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता है' राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में सीखना चाहिए

**विजय गर्ग**

**रोजगार** योग्य बने रहने के लिए छात्रों को अपने विषय की परवाह किए बिना एआई के बारे में सीखना चाहिए एआई और रोबोटिक्स द्वारा उत्पन्न चुनौतियों ने नौकरी के खतरों को बढ़ा दिया है और शैक्षणिक संस्थानों को अपने पाठ्यक्रम को फिर से डिजाइन करने के लिए मजबूर किया है। दुबई में उच्च शिक्षा संस्थान उभरती प्रौद्योगिकियों के आधार पर उद्योग की मांगों के अनुसार पाठ्यक्रमों को सुव्यवस्थित करने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे हैं। भारत और मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए) सहित दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य हिस्सों के हजारों छात्रों के लिए एक शिक्षा केंद्र, दुबई में विश्वविद्यालय छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए लगभग सभी धाराओं में एआई को एकीकृत कर रहे हैं। हेरियट-वाट यूनिवर्सिटी, एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड, यूके में स्थित एक सार्वजनिक शोध विश्वविद्यालय, 2005 में दुबई परिसर खोलने वाला पहला ब्रिटिश विश्वविद्यालय था, जिसका लक्ष्य संयुक्त अरब अमीरात में विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना और नवाचार को बढ़ावा देना था। इसकी निकटता के कारण यह भारत से अधिकतम संख्या में छात्रों को समायोजित करता है। प्रोफेसर हीदर ने हाल ही में भारतीय संस्थानों के साथ अनुसंधान सहयोग बनाने के लिए दिल्ली और मुंबई का दौरा किया, जिससे दोनों देशों के छात्रों को लाभ होगा। प्रोफेसर कहते हैं, ह्लएआई एक उपकरण है जो हमें चीजों को बेहतर तरीके से करने में मदद करता है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र जीवन के सभी पहलुओं में एआई की क्षमता का पता लगाएं। ह्लहमारे कुछ छात्रों को एआई को कोड करने और सीखने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, और हमारे कई शोधकर्ता सुचारू संचालन के लिए एआई के नए स्तर भी विकसित कर रहे हैं।

उदाहरण के लिए, एआई अब आपके लिए अकाउंटिंग कर सकता है, लेकिन, हमें अभी भी अपने अकाउंटेंसी छात्रों को फ्री कैश फ्लो लिखने के लिए प्रशिक्षित करना होगा, क्योंकि अगर वे कंप्यूटर में गलत धारणाएं डालते हैं, तो एआई पूरी तरह से बकवास नकदी प्रवाह उत्पन्न करेगा। और नकदी प्रवाह लागत अग्रेषित करें।

# टपोरी यंत्रः जमाने में आकर्षण का केंद्र बना रहा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**टपोरी क**ई वर्षों तक राजस्व विभाग में काम करते हुए एक अनोखे यंत्र का आविष्कार कर डाला। यह यंत्र उस जमाने में आकर्षण का केंद्र बना रहा और इसी के चलते उसका स्थानांतरण भी हुआ। सवाल यह उठता है कि उस यंत्र में ऐसा क्या था जो उसके स्थानांतरण पर बन आयी। अब आप जानते ही हैं कि सरकारी कार्यालय में तरह-तरह के लोग आते रहते हैं। इनमें कौन मंत्री जी का रिश्तेदार है, कौन कांट्रैक्टर के ईर्द-गिर्द घूमने वाला बंदा है और कौन ऊपर तक पहुँच रखने वाला है की पहचान एक यंत्र बिना मुँह खोले चुटकियों में सामने वाली पार्टी के सारे अंतर्भेद यूँ बता सकता था। अब किस्मत कहें या बदकिस्मती कि जिस दिन इस यंत्र का लोकार्पण हुआ उसी दिन कार्यालय में आकस्मिक जाँच के नाम पर संबंधित मंत्री जी आ धमके और सीधे टपोरी के सामने वाली सीट पर बैठ गए। यंत्र के लिए राजा-रंक एक समान थे। सो, मंत्री जी की कई गोपनीय बातें टपोरी को पता चल गयीं। मंत्री जी कुछ कहते उससे पहले ही टपोरी उनकी पोल खोल बैठा। पहले तो मंत्री जी को खूब गुस्सा आया। वह क्या है न कि कुर्सी पर बने रहने के लिए गुस्से को दूर रखना पड़ता है। इसलिए मंत्री जी ने टपोरी को नौकरी से बर्खास्त करने की जगह उसे उसके यंत्र के साथ अपने कार्यालय में नियुक्त कर दिया। यहाँ टपोरी का एक मात्र काम नए-नए फामूर्ले खोज निकालना था। इसी कड़ी में उसने एक नया फामूर्ला खोज निकाला झ ह्यएक में दो ह्ल बहुत जल्द उसका फामूर्ला लोगों की जुबान पर चढ़ गया। एक दिन किसी काम से वह मेरे पास आया। मैंने उसके फामूर्ले की जाँच के लिए जानबूझकर जेब से एक मात्र सौ रुपए की नोट निकालकर पूछ बैठा यह कितने नोट हैं? तुरंत टपोरी ने कहा दो। मेरा सिर चकराया। मैंने पूछा वह कैसे? तो उसने कहा कि इसमें दो पचास की नोट हैं। उसकी बात में लॉजिक था। इसलिए मैं चुप बैठ गया। तभी मेरी लड़की आयी और टपोरी को नमस्ते करने लगी। वह मेरी इकलौती लड़की थी। मैंने फिर से उसे पूछ बैठा मेरी कितनी लड़की है? उसने कहा झ दो। इस बार मेरा सिर और बुरी तरह से चकरा गया। मैं फिर पूछ बैठा वह कैसे?

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा चुनावों में उत्साह से गन्नौर में किया मतदान

गन्नौर। लोकसभा चुनाव के छटे चरण में हुए मतदान में गन्नौर विधानसभा क्षेत्र से चुनावों में गन्नौर के युवाओं, बुजुर्गों ने तपती गर्मी के बीच शनिवार को सुबह मतदान शुरू होते ही पूरे जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया। सुबह 10 बजे तक मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा रहा लेकिन दोपहर का समय जब आया तो मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या बहुत कम होती चली गई। उसके बाद शाम को 4 बजे के बाद सुबह की तरह मतदाताओं का केन्द्र पर आना शुरू हुआ और वे मतदान के लिए उत्साह से पहुंचे।

**कई बूथों पर देरी से शुरू हुआ मतदान**

लोकसभा चुनाव में गन्नौर क्षेत्र के कई बूथों पर सील बंद ईवीएम मशीन में आई तकनीकि खामियों के चलते सुबह निर्धारित समय पर मतदान शुरू नहीं हो सका। थोड़ी मशक्कत के बाद बूथ पर तैनात कर्मियों ने ईवीएम को सुचारू किया तब जाकर मतदान प्रक्रिया शुरू हो पाई। दातौली गांव के बूथ नंबर 31 पर सुबह सवा सात बजे ईवीएम मशीन खराब हो गई। उसका बटन दबा रह गया, जिसके बाद कर्मचारियों ने करीब 30 मिनट बाद मशीन को ठीक किया। उसके बाद मतदान शुरू हो सका। वहीं खेड़ी गुज्जर गांव के बूथ नंबर 43 में भी ईवीएम मशीन डेढ़ घंटा खराब रही। सुबह 11 बजे मशीन में तकनीकी खामी आई, जिससे मतदान की प्रक्रिया थम गई। काफी मशक्कत के बाद भी जब मशीन ठीक नहीं हुई तो वहां दूसरी ईवीएम मशीन की व्यवस्था की गई। जिसके बाद करीब 12 बज कर 30 मिनट पर मतदान प्रक्रिया फिर से शुरू हुई।

### पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में दिखा जोश व उत्साह



गन्नौर के युवाओं ने पहली बार मतदान करते समय पूरे जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया। पहली बार अपने मत का प्रयोग करने वाले युवक नीतिश कौशिक, दिव्यांश वत्स, आर्यन का कहना था कि लोकतंत्र में मतदान का सर्वाधिक महत्व है, जिसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। राष्ट्र निर्माण और सरकार के गठन में भागीदारी करने के इस मौके का चूकना नहीं चाहिए। लोकसभा चुनावों के अंतर्गत गन्नौर हलके में युवा वर्ग ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया। युवा लोकसभा चुनावों में पहली बार मतदान करने का मौका मिला तो वे खुशी से झूम उठे। आज मतदान करने पर उनकी चाहत भी पूर्ण हुई और देश के प्रति फर्ज के दायित्व का भी निर्वहन हुआ। उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव में अपना मत का प्रयोग किया है। वोट डालना हर नागरिक का अधिकार है जिसका प्रयोग प्रत्येक मतदाता को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने से पीछे नहीं हटेंगी।

### नागालैंड से अपने गृह क्षेत्र गांव कुराड़ इब्राहिमपुर में 11 साल बाद पहुंचे मतदान करने

गन्नौर। गन्नौर हलके के गांव कुराड़ इब्राहिमपुर निवासी ने नागालैंड से अपने गृह क्षेत्र गांव कुराड़ इब्राहिमपुर में परिवार के साथ लोकसभा चुनाव में मतदान किया। वे 40 दिन की छुट्टी लेकर 13 मई को घर पहुंचे थे। लंबे समय बाद गृह क्षेत्र में लौटने पर सभी से मिले और चुनावी माहौल पर चर्चा की। ज्ञात रहे कि मास्टर रामकंवार आंतिल के 43 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार आंतिल दो भाई-बहनों में बड़े हैं और नागालैंड में 11 वर्ष से रक्षा मंत्रालय के अधीन सैनिक स्कूल में संस्कृत शिक्षक एवं एनसीसी अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। सुनील कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव एक खास त्योहार की तरह है। सुनील कुमार आंतिल, जो नागालैंड से परिवार के साथ मतदान करने के लिए 40 दिन की छुट्टी लेकर सोनीपत पहुंचे हैं। खास बात यह है कि सुनील कुमार 11 साल बाद सोनीपत में मतदान करेंगे।

### आस्ट्रेलिया से पहुंचे प्रणव त्यागी ने अपने गांव के मतदान केन्द्र में किया मतदान

गन्नौर। देश की नई सरकार चुनने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आस्ट्रेलिया से पहुंचे प्रणव त्यागी ने शनिवार को गन्नौर के बूथ नंबर 88 पर पहुंचकर पहली बार मतदान किया। प्रणव त्यागी मूलरूप से गन्नौर के गांव गढ़ी केसरी के निवासी हैं और ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित लेटरोब यूनिवर्सिटी से ऑटो मोटिव की पढ़ाई कर रहे हैं। 23 वर्षीय प्रणव त्यागी ने बताया कि वह पहली बार मतदान करने को बेहद उत्साहित थे। मतदान के दौरान उंगली पर लगी स्याही के निशान को देखते हुए बेहद खुशी हो रही है। अब मैं भी कह सकता हूं कि देश की नई सरकार चुनने में भी मैंने भी अपना

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला कुरुक्षेत्र** में लोकसभा चुनाव-24 का मतदान शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था के साथ शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिला में मतदान के दौरान पुलिस बल मुस्तैद रहा। शनिवार को मतदान के दौरान पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के कुशल निर्देश में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। मतदान के दौरान सुरक्षा की कमान खुद पुलिस अधीक्षक ने सम्भाली। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार मतदान के दौरान मतदान बूथों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन द्वारा चिन्हित क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया था। पुलिस की कड़ी सुरक्षा में जिला में दिनभर मतदान शांतिपूर्ण चला । स्ट्रांग रुम की सुरक्षा व्यवस्था को किया गया



चाक-चौबंद । लोकसभा चुनाव-2024 की वोटिंग के पश्चात पोलिंग मशीनों को स्ट्रांग रुम में रखा गया है। पुलिस द्वारा स्ट्रांग रुमों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। जिला कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनाये गये इन स्ट्रांग रुमों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर दिया गया है। स्ट्रांग रुमों पर तीन स्तर की सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई है जिसमे अर्धसैनिक बल, आर्म्ड पुलिस व जिला पुलिस शामिल है। इसके साथ-साथ स्ट्रांग रुमों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं। स्ट्रांग रुमों की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान स्ट्रांग रुम में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषेद रहेगा।प्रशासन द्वारा बनाए गए मॉडल, पिंक, युवा व पीडब्ल्यूडी बूथों पर की गई थी साज-सज्जा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रशासन द्वारा जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में महिला बूथों की स्थापना की गई थी। इन बूथों को प्रशासन द्वारा स्थानीय सहयोग से बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया था और यह बूथ आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। जहां पर मतदाता इन महिला बूथों पर केवल महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इन महिला बूथ को बनाने का मुख्य मकसद महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, क्योंकि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। इसके साथ-साथ प्रशासन द्वारा कुरुक्षेत्र जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में दिव्यांग बूथ, मॉडल बूथ व युवा बूथों की भी स्थापना की गई थी।



गांव नाहरी में अपने बुजुर्ग दादा सुखबीर दहिया के साथ पहली बार मतदान करने के बाद सत्यम दहिया व साक्षी दहिया।

### चुनाव ड्यूटी पर गए क्लर्क की तबीयत बिगड़ने से मौत

राई। शिक्षा विभाग में तैनात क्लर्क बीरेंद्र निवासी गांव गंगाना की राई विधानसभा के गांव सेरसा में चुनाव करवाने के लिए ड्यूटी लगी थी और वह कल अपनी पोलिंग पार्टी के साथ जब गांव सेरसा पहुंचा तो उसकी तबीयत बिगड़ गई, जब उसके साथ उसे एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे तो उसने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पुलिस व प्रशासन को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं मृतक क्लर्क बीरेंद्र के परिजनों का कहना है कि बीरेंद्र को पहले कोई बीमारी नहीं थी।

# जींद में सुंदरपुरा गांव ने किया वोटिंग का बहिष्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद : उचाना विधानसभा क्षेत्र** के गांव सुंदरपुरा के ग्रामीणों द्वारा शनिवार को मतदान का बहिष्कार जारी रखा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा व एसपी सुमित कुमार हालांकि ग्रामीणों के बीच पहुंचे और यहां ग्रामीणों से मतदान की अपीली की गई, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। इसके बाद यहां पुलिस को तैनात किया गया ताकि अगर कोई ग्रामीण वोट डालने के लिए आए तो उन्हें दूसरे ग्रामीण रोकें नहीं। सुंदरपुरा गांव में करीब 1610 वोटर हैं। गौरतलब है कि करीब 6 साल पहले सुंदरपुरा को नरवाना तहसील से उचाना तहसील के अधीन किया गया। ग्रामीणों का ज्यादा आवागमन



नरवाना रहता है। अब मजबूरी में उन्हें उचाना आना पड़ रहा है। इसको लेकर काफी लंबे समय से मांग करते आ रहे है। सुंदरपुरा से नरवाना 3 किलोमीटर दूरी पर है जबकि उचाना 23 किलोमीटर दूरी पर है। इसलिए ग्रामीणों ने बहिष्कार किया हुआ है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आश्वासन दिया कि 10 जून तक सुंदरपुरा गांव की खेवट अलग करने का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा सुंदरपुरा को उचाना तहसील की बजाय नरवाना में शामिल किए जाने का केस अति शीघ्र सरकार के पास भेजा जाएगा। जिला प्रशासन गांव सुंदरपुरा की समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। इसके अलावा ही बुधवार को राजस्व विभाग का पटवारी गांव में बैठेगा और मौके पर ही ग्रामीणों के कार्य निपटाएगा।

**विरोध**

**अलावा ही बुधवार को राजस्व विभाग का पटवारी गांव में बैठेगा और मौके पर ही ग्रामीणों के कार्य निपटाएगा**

### पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में दिखी खुशी की झलक



**फरीदाबाद। लोकतंत्र के** महापर्व में शनिवार को युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। मतदाता सूची में नाम शामिल होने के बाद से ही युवाओं में मतदान को लेकर उत्साह था। शनिवार को सुबह ही युवा मतदाता अपना पहचान पत्र लेकर पोलिंग बूथों पर पहुंच गए। यही नहीं युवाओं ने मतदान में सहभागिता करते हुए अपने-आस पड़ोस के इलाके के लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित भी किया। डबुआ कॉलोनी निवासी प्रियांशी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपने जीवन का पहला वोट डाला है। पहली बार वोट करने पहुंची तो काफी उत्साहित हूं। लोकतंत्र के इस महापर्व के प्रति अपनी मैंने अपनी जिम्मेदारी को पूरा किया और अपने परिवार के साथ-साथ आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक किया डबुआ कॉलोनी निवासी स्वाति शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनने पर उन्हें सुखद आनंद की अनुभूति हो रही है। उन्होंने देश की तरक्की को ध्यान में रखते हुए अपना वोट किया है।

# मतदान कर रहे युवाओं व महिलाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई

**लोकसभा** चुनाव में शनिवार को हो रहे मतदान को लेकर युवा मतदाताओं की भारी भीड़ उमड़ी। तापमान बढ़ने के कारण कई मतदान केंद्रों पर मतदाता परेशान रहे। फिर भी मतदाताओं में वोट देने के प्रति उत्साह बना रहा है। बूथों पर नए वोटर बने युवा लड़के एवं लड़कियों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के प्रति अच्छा खासा उत्साह दिखाया। युवा वोटरों ने अपने साथ अपने अभिभावकों को भी मतदान केंद्र तक लाते देखे गये। मतदान केंद्र के समीप



बैठे विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं से बिना प्रभावित हुए अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे थे। रविवारको चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए, महिलाएं भी पीछे नहीं रही। कई बूथों पर पुरूषों से ज्यादा महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता दिखी। महिलाओं में वोट के प्रति जागरूकता देखकर अन्य वोटरों के लिए प्रेरणा का काम कर रही थी।

**शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बूथों पर जवान रहे मुस्तैद**

निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए ड्यूटी पर तैनात जवान मुस्तैदी से लगे हुए थे। चुनाव में लगे अर्द्ध सैनिक बल के जवानों ने शांतिपूर्ण मतदान कराने के साथ मतदाता के अलावा अन्य किसी को मतदान केंद्र के समीप भी नहीं आने दे रहे थे। जवान जहां शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपनी ड्यूटी कर रहे थे वहीं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं की मदद भी कर रहे थे। जवानों के व्यवहार एवं कार्यशैली की प्रशंसा सभी बूथों पर आम वोटर भी करते देखे गये।




गांव राजलू गढ़ी में बने मतदान केन्द्र में मतदान के बाद वोटर सेल्फी प्वाईट पर मतदाता फोटो करवाते हुए।

# मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ने किया जीत का दावा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कांग्रेस प्रत्याशी** सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि वो सोनीपत लोकसभा में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक ढंग से निपट जाने के बाद सभी प्रशासनिक कर्मचारियों और अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हैं जिन्होंने दिन रात परिश्रम करके चुनावी प्रक्रिया को संपन्न करवाया। साथ ही वो कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने बेहद कम समय और भीषण गर्मी में दिन रात चुनाव प्रचार किया और आज मतदान बूथों पर जाकर अपनी जिम्मेवारी निभाई। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई मेहनत रंग जरूर लाएगी।



उन्होंने हर विधानसभा में हुए मतदान प्रतिशत के आंकड़े देखे हैं जिससे स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी सोनीपत लोकसभा का चुनाव बड़े अंतर से जीतने जा रही है। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबन्धन के पक्ष में माहौल था, आज मतदान के दिन यह रुझान पोलिंग बूथों पर भी देखने को मिला, जिससे वो आश्वस्त है कि 4 जून को परिणाम कांग्रेस पार्टी के पक्ष में होंगे। मतदान के दिन सभी कांग्रेसी विधायकों ने भी मतदान किया और कांग्रेस की जीत के दावे किये। गोहाना से विधायक जगबीर सिंह मलिक ने गोहाना में मतदान किया और कांग्रेस की जीत का दावा किया। खरखौदा से विधायक जयवीर वाल्मीकि ने खरखौदा में मतदान किया और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विभिन्न बूथों का दौरा किया। सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार ने सेक्टर 15 स्थित डी ए वी स्कूल में मतदान किया और कांग्रेस की जीत का दावा किया। विधायक इंदुराज नरवाल ने बरोदा हलके के रिंढ़ाणा गाँव में अपने परिवार के साथ मतदान किया। विधायक सुभाष गांगोली ने सफीदों हल्के के गांगोली गाँव में मतदान कर कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया। नगर निगम सोनीपत मेयर निखिल मदान ने अहमदपुर गांव के प्राइमरी स्कूल में बने पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान किया और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के भाई वजीर सिंह ने गांगोली गांव में मतदान किया और कांग्रेस की जीत का दावा किया।

**प्रक्रिया**

**अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हैं जिन्होंने दिन रात परिश्रम करके चुनावी प्रक्रिया को संपन्न करवाया**

# हरियाणा में शाम सात बजे तक 63.02 प्रतिशत मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा में शनिवार** को लोकसभा की दस तथा विधानसभा की एक सीट के लिए शनिवार को मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। राज्य में वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जहां कुल 70.34 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं आज शाम सात बजे तक 63.02 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने इस बार 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य तय किया गया था। प्रदेश में शनिवार से ही नौतपा भी शुरू हो चुका है। भीषण गर्मी का असर मतदान पर देखने को मिला। प्रदेश में सुबह सात बजे मतदान शुरू होने से पहले आयोजित मॉक पोल के दौरान 62 ईवीएम को बदलना पड़ा।



मतदान शुरू होने के बाद भी पानीपत व हिसार में ईवीएम खराब होने की सूचना मिली, जिस कारण कुछ समय के लिए मतदान प्रक्रिया बाधित हुई। आज हुए मतदान के दौरान प्रदेश के कई लोकसभा क्षेत्र ऐसे रहे जहां इंडियन नेशनल लोकदल, जननायक जनता पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी के बूथ तक देखने को नहीं मिले। कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के बूथ लगभग सभी जगहों पर लगे हुए थे। हिसार, करनाल व जींद से कई मतदाताओं ने अपना वोट किसी अन्य द्वारा डाले जाने का भी दावा किया। प्रदेश में भाजपा के ज्यादातर प्रत्याशियों ने मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थानों पर पूजा-अर्चना के बाद सुबह पहले दो घंटे में ही मतदान कर दिया जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी व नेता पूर्वाह्न 11 बजे के बाद मतदान के लिए निकले। हरियाणा भिवानी में भाजपा विधायक घनश्याम सर्राफ तथा कांग्रेस समर्थकों के बीच मतदान को लेकर बहस हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। यमुनानगर में कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ताओं में बहस हो गई। इसे देख पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत करवाया। यमुनानगर के घोड़ो पिपली गांव में पहले ही लोगों ने चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। इसके चलते आज गांव में बूथ पर कर्मचारी भी आए लेकिन कोई भी वोट डालने के लिए नहीं आया। दोपहर दो बजे तक बूथ खाली पड़े रहे और एक भी वोट नहीं पड़ा। रोहतक के फरमाणा गांव में बूथ नंबर 20 पर ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल की तबीयत बिगड़ गई, जिसे महम सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पैतृक गांव सांघी में पुलिस कर्मचारियों द्वारा बोगस वोटिंग कराए जाने की अफवाह फैली। पुलिस ने इसे सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाह बताया। अंबाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पोस्टर को नाली में फेंकने पर बवाल हो गया। पुलिस के सामने ही कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।



आईआरएस अंकुर दहिया शेखपुरा गांव में अपनी मां मूर्ति देवी व भाई के साथ मतदान करने के बाद निशान दिखाते हुए।

## न्यूज फ्लैश

### यहाँ सरपंच पति की करदी पिटाई

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी



**खरखौदा :** रामनिवास निवासी सोहटी जिला सोनीपत ने सैदपुर पुलिस चौकी को शिकायत देते हुए बताया कि उनकी पुत्र पुत्रवधू बबीता गाँव की हाल मे सरपंच है। जो मेरे बेटे जितेन्द्र के साथ रंजिश रखते हुए पहले भी दिनांक 21 सितंबर को मेरे गाँव के सुजित व मनोज ने मेरे बेटे चोटे मारी है। जिसका खरखौदा थाने में मामला दर्ज है। वही 24 मई को समय शाम 8 बजे मै व मेरा बेटा जितेन्द्र मेरे गाँव मे ही स्कूल मे चुनाव मे तैनात कर्मचारियो की व्यवस्था देखने के लिए गये हुए थे। उसी दौरान मेरा बेटा जितेन्द्र स्कूल के दूसरे गेट की तरफ गाडी से जा रहा था। उसी दौरान पुरानी रंजिश रखते हुए मेरे गाँव के सुजित, रवि, मनोज ने मेरे बेटे का रास्ता रोक कर मार पिटाई शुरू कर दी। जब मुझे इस बात का पता चला तो मैं अपने बेटे को बचाने के लिए दौड़ा तो मैने देखा कि मैंने अपने बेटे को रवि ने मेरे बेटे की पीछे से पकड़ा हुआ था, व सुजित व मनोज लगातार बार-2 मेरे बेटे के मुहँ पर मार रहे थे व जान से मारने की धमकी दे रहे थे मैंने छुडाने की कोशिश की तो मुझे भी धक्का दे दिया और मेरे बेटे की लगातार पिटाई करते हुए कह रहे थे कि इसको ऐसा सबक बनाएंगे कि जिंदगी भर याद रखेगा। फिर तीनो मौके से भाग गए। इस दौरान उसका बेटा बेहोशी की हालात मे पहुँच गया। फिर मै अपने बेटे को लेकर पीजीआई रोहतक ले कर गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### जयहिंद माता-पिता के साथ वोट डालने पहुंचे



**रोहतक** जयहिंद सेना के सुप्रीमो डॉ नवीन जयहिंद ने शनिवार को अपने पैतृक गाँव भैन्सरू कलां में वोट डालने पहुंचे इस मौके पर उनके पिता धर्मप्रकाश और माता बिमला देवी भी उनके साथ वोट डालने गये आम लोगों की तरह जयहिंद भी लाइन में लगे और सरकारी प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए मतदान किया जयहिंद ने इस मौके पर कहा कि आज लोकतंत्र का पर्व है और लोगों को इसमें ज्यादा से ज्यादा भाग लेना चाहिए और अपने मत का इस्तेमाल करना चाहिए पांच साल में यह मौका मिलता है कि देश -प्रदेश और अपने लिए, बच्चों के भविष्य के लिए अपना जन प्रतिनिधि चुनें अगर कल कोई सरकार बने तो ये मतदान आपको उस सरकार से सवाल करने का अधिकार दिलाता है जयहिंद ने कहा कि राजनीति बाद में है और भाईचारा पहले है आज राजनीति से दूर रहकर शांतिपूर्ण तरीके वोट करना चाहिए पांच साल में आने वाले इस पर्व का हर वोटर को भागीदार बनना चाहिए जो वोट नहीं डाल रहे है उन्हें सरकारों पर सवाल खड़ा करने का कोई हक नहीं है अपने मुद्दों को ध्यान में रख कर वोट करें जो पार्टी अच्छी लगे , जो कैंडिडेट अच्छा लगे वोट करें अगर कोई भी पसंद नही है तो नोटा का बटन दबाये लेकिन पोलिंग बूथ पर जरुर जाये उनके पास पहुंचे उम्मीदवारों को लेकर जयहिंद ने कहा कि वोट मांगना सबका अधिकार है। सबका मान सम्मान करना मेरे संस्कार है।

# कुरुक्षेत्र का मतदाता मतदान करने के लिए उत्साहित होकर पहुंचा बूथों पर

- पिंक व युवा बूथों पर महिलाओं व युवाओं ने बढ़चढ़कर किया मतदान, दिव्यांग मतदाताओं ने वोट डालकर किया मतदाताओं को किया जागरुक, मतदाताओं ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना

**दिखा उत्साह**

**मतदाताओं ने अपने घरों से निकलकर अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को प्रेरित करने का काम किया**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** 25 मई यानी लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने को लेकर बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों में भी उत्साह देखने को मिला। भीषण गर्मी के बावजूद मतदाताओं ने अपने घरों से निकलकर अपने मत का प्रयोग करते हुए अन्य मतदाताओं को प्रेरित करने का काम भी किया। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए थे, जिसके तहत पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था तथा मतदान केंद्रों पर अन्य व्यवस्थाएं शामिल थी। इसके अलावा पिंक बूथ, पीडब्ल्यूडी बूथ व मॉडल बूथों पर भी सभी व्यवस्थाएं की गई थी। मतदाता यहां आकर अपने मत का प्रयोग करने के उपरांत सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेता भी नजर आया। सेक्टर-13 स्थित पिंक बूथ पर जब मतदाताओं से जाकर बातचीत की गई तो वहां पर 88 वर्षीय हंसराज गुप्ता जो कि व्हीलचेयर पर वोट देने के लिए जा रहे थे, तो उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा यहां पर बेहतर व्यवस्था की गई है। रेडक्रास के माध्यम से वॉलिंटियर उपलब्ध करवाए गए है। ऐसे करके जो व्यक्ति चलने में असमर्थ है, वह भी यहां पर आकर सुगमता से अपना वोट देने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इसी प्रकार सेक्टर 13 निवासी युवा कनीश ने बताया कि वह पहली बार अपने मत का प्रयोग कर रहे है। देश को आगे ले जाने में युवा वर्ग की अहम भूमिका होती है, इसलिए हर युवा को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। महिला मतदाता 40 वर्षीय मोनिका से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मतदान करने के उपरांत उन्हें काफी खुशी है, 5 साल में एक बार चुनाव का पर्व आता है, इसलिए हमें अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था ओर मजबूत इसके हर मतदाता को अपना वोट जरूर डालना चाहिए। युवा मतदाता उमंग कटारिया ने बताया कि वह भी पहली बार अपने मत का प्रयोग कर रहे है, हमें किसी प्रकार का आलस नहीं करना चाहिए, जब प्रशासन अपना दायित्व निभा रहा है तो हमें भी आगे आकर यानि जो भी मतदाता है, उसे अपने मत का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करने का काम करना चाहिए। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए 63 वर्षीय कमलकांत से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें अपने मत का प्रयोग करके काफी आनंद की अनुभूति हुई। पहले वह ड्यूटी पर तैनात रहकर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते थे, अब सेवानिवृत्ति के बाद वोट देकर देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे है। इसी प्रकार बूथ पर मौजूद एक अन्य महिला ने बताया कि देश तो हमें हमेशा देने का काम करता है, इसलिए हमें भी अपने मत का प्रयोग करते हुए देश को मजबूत करने का काम करना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए बूथों पर स्लोगन के माध्यम से, रंगोली के माध्यम से, सेल्फी प्वाइंट एवं अन्य माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा था।

## हत्या मामले का आरोपी गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने हत्या मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर थानेसर की टीम ने हत्या करने के आरोपी अशोक कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार वासी डोडा खेडी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 मई को थाना सदर थानेसर पुलिस को दिए अपनी शिकायत में सुनील कुमार पुत्र बाबु राम वासी डोडाखेडी जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। उसका छोटा भाई अनिल कुमार गांव डोडा खेडी का मौजूदा संरपच है। उनकी गांव मे हमारी 2 कनाल 8 मरले जमीन है जिसकी 17 मई 2024 को गांव के मौजिज व्यक्तियो के बीच निशानदेही कराई थी। उसके ताऊ के लडके अशोक कुमार का भी मुस्तका खाते मे जमीन का कुछ हिस्सा था। उन्होंने अशोक कुमार का हिस्सा अलग निकाल दिया था जिससे अशोक कुमार सहमत नही था। जिसपर अनिल कुमार वा अशोक कुमार के साथ पंचायत मे भी कहासुनी हो गई थी। दिनांक 18 मई को समय करीब 7.30 बजे सुबह अशोक कुमार अपने परिवार सहित तथा अनिल वा उसकी पत्नि यशोदा भी खेत मे गऐ थे। खेत मे अनिल कुमार वा अशोक कुमार की आपस मे गाली-गलौच हुई और अशोक कुमार ने अनिल को जमीन पर गिराकर थप्पड-मुक्के मारे। उसकी अनिल कुमार की पत्नि यशोदा अनिल को छुडवाने लगी तो अशोक ने यशोदा को पेट मे लात मारी और अनिल को भी डन्डे मारे। उसके बाद अशोक की लड़कियों ने यशोदा को डन्डो से पीटा। लडाई झगडा की आवाज सुनकर पड़ोसियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौका से भाग गए। अनिल व उसकी पत्नि यशोदा को सरकारी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया जहां पर डाक्टर ने यशोदा को मृतक घोषित कर दिया तथा अनिल कुमार को ईलाज के लिए सरकारी हस्पताल में दाखिल करवा लिया। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक शमशेर सिंह को दी गई।

**सफलता**

**राजेन्द्र कुमार वासी डोडा खेडी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है**

## सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निपटान के लिए आयोजित की जाएगी विशेष लोक अदालत

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंजाब, हरियाणा एवं यूटी, चंडीगढ़ तथा सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ को अपने-अपने प्राधिकरण/समिति का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिनके मामले सर्वोच्च न्यायालय भारत में लंबित हैं, वे अपने मामलों को विशेष लोक अदालत से समाधान करवाना चाहते है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## पिंक बूथों में मतदाताओं का जबरदस्त क्रेज, मतदान के बाद क्लिक करवाई सेल्फी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला:** अम्बाला लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन के मार्गदर्शन में बने चारों पिंक बूथों पर मतदाताओं में जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। इन बूथों पर मतदाताओं मे मतदान के बाद जमकर सेल्फी क्लिक करवाई और इस पहल की प्रशंसा की। अम्बाला कैंट के बूथ नंबर 83 पिंक बूथ पर सुबह से ही मतदाताओं की लाइन लगी। इस बूथ पर रखे सेल्फी स्टैंड पर महिलाओं, पुरुषों व पूरे परिवारों ने फोटो क्लिक करवाई। अम्बाला कैंट की रहने वाली नेहा ने मतदान के बाद सेल्फी क्लिक करवाई और कहा कि पिंक बूथ एक अच्छी पहल है। इस तरह के प्रयासों से लोगों में उत्साह पैदा होता है और इस चुनावी पर्व में हर कोई भागीदार बनने के लिए आगे आता है। अम्बाला शहर के 71 नंबर बूथ को पिंक बूथ बनाया गया था। इस बूथ पर मतदाताओं ने पिंक बूथ की सजावट और सेल्फी प्वाइंट की प्रशंसा की। इसी तरह नारायणगढ़ में 43 नंबर पिंक बूथ बनाया गया था। यहां वोट डालने पहुंची रीना ने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास किसी भी दिन का महत्व दोगुना कर देते हैं। पिंक बूथ अच्छा प्रयास है। मुलाना के 205 नंबर बूथ को पिंक बूथ बनाया गया था। जहां मतदान में खासा उत्साह देखने को मिला।

**वोट का महत्व**

**जिले में 4 जगह बनाए गए थे पिंक बूथ, मतदाताओं ने मतदान के बाद खूब क्लिक करवाई सेल्फी**

**बुजुर्गों ने मतदान के बाद क्लिक करवाई सेल्फी**

जिले भर में बुजुर्ग मतदाताओं में भी जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। अम्बाला में 112 नंबर पीडब्लूडी बूथ पर बुजुर्ग शीला देवी और पालाराम ने मतदान किया। इसी तरह यूथ बूथ पर अम्बाला कैंट के 90 वर्षीय मदन गोपाल शर्मा ने अपने बेटे शिव चंदन के साथ मतदान किया और फोटो क्लिक करवाई। अम्बाला कैंट के 75 वर्षीय सुरेंद्र गुलाटी ने भी मतदान किया। इसी तरह बूथ नंबर 5 पर 78 वर्षीय कमलेश कुमारी ने मतदान किया।

## बीएलओं ने हेल्प डेस्क पर बैठकर किया अपनी ड्यूटी का निर्वहन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला/नारायणगढ़:** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों पर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार हेल्प डेस्क की व्यवस्था की हुई। हेल्प डेस्क पर बीएलओं वोटर्स की मदद कर रहे है। गांव रामपुर के बूथ नम्बर 26 पर बीएलओ की ड्यूटी पर तैनात बूथ लेवल अधिकारी कमलदीप ने बताया कि मतदान केन्द्र पर वोट डालने आने वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल तथा गर्मी को देखते हुए हवा के लिए कुलर आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कुछ रोज पूर्व ही मतदाताओं को वोटर स्लीप वितरित की गई थी और जो मतदाता वोट डालने आ रहे है तथा वोटर स्लीप घर छोड आते है उन्हें वोटर स्लीप देने के साथ ही ठण्डा पेयजल भी पिलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बूथ पर कुल 821 वोट है और दोपहर सवा एक बजे तक 444 वोट डाली जा चुकी है।

बूथ पर मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया सम्बंधी जानकारी देने हेतु चुनाव आयोग की ओर से उपलब्ध करवाये गये पोस्टर भी लगाये गये थे।

**व्यवस्था**

**मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल तथा गर्मी को देखते हुए हवा के लिए कुलर आदि की व्यवस्था की गई है**

## डीसी ने मतदाताओं के साथ लाइन मे लगकर सुबह-सुबह डाला वोट

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला:** अम्बाला के डीसी डॉ. शालीन ने अम्बाला पुलिस लाइन में बने बूथ पर वोट डाला। डीसी डॉ. शालीन स्वयं मतदाताओं की लाइन में लगे और एक आम आदमी की तरह पूरी प्रक्रिया को फोलो करते हुए मतदान करके बाहर आए। उन्होंने सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश भी दिया। डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में सभी को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। यह मौका 5 वर्ष में एक बार मिलता है। ऐसे में हमें आगे आकर मतदान करना चाहिए। डीसी डॉ. शालीन सुबह करीब 7 बजे मतदान के लिए पहुंचे थे। उन्होंने मतदान के बाद स्याही लगी उंगली दिखाकर फोटो क्लिक भी करवाया और आमजन को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

## चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह : आशीष

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला शहर के बादशाही बाग कॉलोनी में सैनिक बोर्ड के बाहर बने कांग्रेस के बूथ पर सुबह से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह था। बूथ पर आशीष टक्कर, दविंदर मान, अमित तोमर, मदनलाल खुराना, दविंदर बक्शी, हाकम सिंह, रिंपी मान, विजय धीमान, अवतार तुरका, भरत अग्रवाल, श्यामलाल, अंकित तोमर, सहित अनेक कार्यकर्ता झुलसाती गर्मी में भी पोलिंग बूथ पर लोगों की मदद के लिए बैठे रहे। आशीष टक्कर ने बताया कि कांग्रेस के बूथ पर सुबह से ही लोग मत केंद्र पर स्लिप लेने के लिए आ रहे हैं।

## वोट डालने में ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाताओं में दिखा उत्साह

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला/नारायणगढ़:** लोकसभा आम चुनाव 2024 में हरियाणा में हुए मतदान में गर्मी के बावजूद मतदाताओं ने घरों से बाहर निकल कर मतदान केन्द्रों पर पहुंच कर वोट डाली। वोट डालने में शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। नारायणगढ़ शहर में स्थित बूथ नम्बर 47 पर वोट डालने के उपरांत 97 वर्षीय मंगत राम ने उंगली पर लगी स्याही का निशान दिखाते हुए कहा कि उन्होंने अपना वोट डाल दिया है। उन्होंने कहा कि अब तक जितने भी चुनाव हुए है उन्होंने अपनी वोट अपनी पसंद के उम्मीदवार को डाली है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को चाहिए कि जब भी लोकतंत्र का यह त्यौहार आये तो अपनी वोट अवश्य डाले। नारायणगढ़ के मतदान केन्द्र संख्या 53 पर वोट डालने के बाद सुमित बुद्धिराजा तथा उनकी पत्नी निशा बुद्धिराजा ने कहा कि उन्होंने सारे काम छोड़ कर सबसे पहला कार्य वोट डालने का किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने दूसरे लोगों को भी प्रेरित किया है कि वे भी पहले अपनी वोट डाले फिर दूसरे काम करें। नारायणगढ़ के बूथ नम्बर 49 पर अपनी वोट डालने के बाद सनातन धर्म महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने, अपनी पत्नी रेखा वर्मा तथा पुत्र जतिन वर्मा के साथ मतदान केन्द्र पर पहुंच कर वोट डाली। उन्होंने कहा कि वोट देना हमारा संवैधानिक अधिकार है और हमें अपनी वोट डालकर इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। रेखा वर्मा ने कहा कि जब नारी शक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ रही है तो वह वोट डालने में क्यूं पीछे। इसी भावना के साथ उन्होंने अपनी वोट डाली दी है। युवा जतिन वर्मा ने कहा कि उनकी वोट इस बार बनी है और उन्होंने पहली बार अपनी वोट डाली है। वोट डालकर उन्हें पता चला कि देश की सरकार मतदाता किस प्रकार से चुनते है। गांव खानपुर राजपुताना के बूथ नम्बर 5 पर 78 वर्षीय वृद्ध मतदाता कपलेश कुमारी ने वोट डालने के उपरांत उंगली पर लगी स्याही के निशान को दिखाते हुए कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र में हम वोट के द्वारा ही सरकार चुनते है।

## मतदाताओं को वोट डालने के बाद मिली मिठी एवं ठण्डी लस्सी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला/नारायणगढ़ :** लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान सुबह 7 बजे शुरू होते ही मतदाताओं ने मतदान केन्द्रों पर पहुंच कर मतदान करना शुरू कर दिया था। नारायणगढ़ शहर में बूथ नम्बर 43 को पिंकी बूथ बनाया गया था। जिसको पिंक रंग के शमियाने से सजाया गया था तथा बूथ चारों ओर से गुलाबी/पिंक रंग का नजर आ रहा था। जोकि मतदाताओं के आकर्षण का केन्द्र बिन्दू रहा। इस बूथ पर कुल 1106 मतदाता है जिनमें 572 पुरूष तथा 534 महिला मतदाता है। मतदान शुरू होते ही इस बूथ पर पहले दो घण्टों में 152 वोट मतदाताओं द्वारा डाली जा चुकी थी। पिंक बूथ की खास बात यह रही कि मतदान कर आने वाले मतदाताओं को जहां जिला प्रशासन/चुनाव आयोग की ओर से ठण्डी मिठी लस्सी पिलाई जा रही थी वहीं पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर मतदाताओं को ओआरएस देने के साथ ही इस बूथ पर पीएचसी कुराली से डॉ. नितिका तथा एएनएम सोनिया द्वारा गर्मी से बचाव एवं स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी दी जा रही थी। मतदाताओं को मिठी लस्सी वितरित कर रहे कनिष्ठ अभियंता चिराग वालिया तथा कर्मचारी विजय कुमार ने बताया कि पिंक बूथ पर मतदान करने आने वाले सभी मतदाताओं के लिए प्रशासन की ओर से लस्सी का प्रबंध किया गया है और जो भी मतदाता मतदान कर बाहर आ रहा है उसे लस्सी देकर गर्मी से राहत देने का काम किया जा रहा है। पिंक बूथ पर जिला रैडक्रास सोसायटी की ओर से व्हीलचेयर के साथ स्वयं सेवक की भी व्यवस्था की गई थी। स्वयं सेवक कोमल ने बताया कि बुजुर्ग मतदाताओं को व्हील चेयर पर बैठा कर मतदान केन्द्र तक पहुंचने में मदद की।

75 वर्षीय महिला मतदाता ईसरो देवी ने कहा कि उन्हें चलने में दिक्कत है और वे व्हील चेयर की मदद से मतदान केन्द्र तक वोट डालने पहुंची है। उन्होंने कहा कि पिंक बूथ पर वोटर्स के लिए बढ़िया प्रबंध किये गये है। युवा मतदाता सिद्धिता ने कहा कि उसने पहली बार वोट डाली है। उन्होंने कहा कि देश की सरकार चुनने में हम सब को वोट अवश्य डालनी चाहिए। उन्होंने पिंक बूथ पर लस्सी की व्यवस्था करने के लिए प्रशासन की सराहना की। महिला निशा ने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करने के बाद मिठी एवं ठण्डी लस्सी उपलब्ध करवाना प्रशासन का एक प्रशंसनीय कदम है। युवा मतदाता आकाश वालिया ने कहा कि पिंक बूथ पर मतदाताओं के लिए, जो सुविधाएं और प्रबंध किये गये है वे काबिले तारिफ है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हमे वोट देने का अधिकार दिया गया है।

**मत का प्रयोग**

**बूथ नम्बर 43 को पिंकी बूथ बनाया गया था। जिसको पिंक रंग के शमियाने से सजाया गया था**

## बीड़ बबरान धाम में 26 को होगा अर्जी संकीर्तन, श्याम बाबा का होगा गुणगान



**हिसार:** महाभारत काल से संबंधित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बीड़ बबरान धाम में 26 मई को अर्जी संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 26 मई को सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक चलने वाले इस अर्जी संकीर्तन में श्याम बाबा का गुणगान करते हुए आराधना की जाएगी। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि इस धाम की देशभर में विशेष मान्यता है। इसलिए यहां समय-समय पर श्रद्धालु पहुंचकर श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगते हैं। उन्होंने बताया कि श्याम बाबा के दरबार में अर्जी लगाने के लिए ही 26 मई को अर्जी संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस संकीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं को श्याम बाबा के समक्ष अपनी-अपनी अर्जी लगाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान भी किया जाएगा।

विनय शर्मा निज पुजारी ने बताया कि जो भक्त सच्चे मन से अर्जी लगाता है उसकी मनोकामना श्याम बाबा अवश्य पूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम में महाभारतकालीन कई साक्ष्य मौजूद हैं। यहां पर स्थित पीपल का पेड़ वीर बर्बरीक की महानता से जुड़ा है। इसके हर पत्ते में छेद सहज ही देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अर्जी संकीर्तन में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बीड़ बबरान धाम में पवनपुत्र हनुमान मंदिर, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणा, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के दर्शनों का भी अवसर मिलेगा।

# कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ लोकसभा आम चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं खासकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बाल भवन में पिंक बूथ बनाया गया, जहां पर महिलाओं की भी डयूटी लगाई गई थी। इसके साथ-साथ जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में महिला, युवा, मॉडल व पीडब्लयूडी बूथ बनाए गए थे, जिनमें महिलाओं, युवाओं व दिव्यांगजनों ने बढ़चढकर



अपने मत के अधिकार का प्रयोग करके वोट डाला। शनिवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं विशेषकर युवा मतदाताओं में बहुत ही गजब का उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही लंबी कतारों के बीच बुजुर्गों, युवाओं, दिव्यांगजनों और महिलाओं ने प्रशासन के साथ पूरा सहयोग करते हुए वोटिंग की। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में मतदान पर जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि संसदीय क्षेत्र की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। जिला प्रशासन चुनाव घोषणा के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर चलाए हुए था। इस अभियान में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, विभिन्न सामाजिक व व्यावसायिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों के साथ-साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मीडिया का भी सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की वोटर टर्नआउट एप पर दिखाए गए आंकड़ों के अनुसार सायं 7 बजे तक गुहला विधानसभा क्षेत्र में 65.5 प्रतिशत, कैथल विधानसभा क्षेत्र में 68.6 प्रतिशत, कलायत विधानसभा क्षेत्र में 65.3 प्रतिशत, लाडवा विधानसभा क्षेत्र में 70.3 प्रतिशत, पिहोवा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60.6 प्रतिशत, पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में 60.8 प्रतिशत, रादौर विधानसभा क्षेत्र में 70.5 प्रतिशत, शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में 67.9 प्रतिशत, थानेसर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 62 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। इस प्रकार कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में सायं 7 बजे तक लगभग 65.8 प्रतिशत मतदान हुआ। जिला कुरुक्षेत्र की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ समूचे संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ।



सोनीपत मेयर निखिल मदान ने किया मतदान, अहमदपुर गाँव के प्राथमिक विद्यालय पर बने पोलिंग बूथ पर जाकर किया मतदान। हरियाणा प्रदेश वासियों से की ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील।

## न्यूज फ्लैश

### निजी कंपनी के अधिकारी की कार का शीशा तोड़कर 65 हजार रुपये व सामान किया चोरी

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र में टीडीआई** कुंडली के पास कार का शीशा तोड़कर चोर 65 हजार रुपये व सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित जब कार के पास आए तो चोरी का पता लगा। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव समसपुर गामड़ा फिलहाल गन्नौर निवासी संजय कुमार ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि ट्रॉपिकल एग्रो सिस्टम कंपनी में एएसएम के पद पर कार्यरत हैं। वह टीडीआई के पास माल में आए थे। उनकी कार रोडियो मॉल की पार्किंग में खड़ी थी। वह बाद में कार के पास पहुंचे तो शीशा टूटा मिला। कार के अंदर से उनका बैग चोरी था। बैग में 65 हजार, डेबिट कार्ड, पेन कार्ड व अन्य कागजात थे। उन्होंने आसपास पता किया, लेकिन जानकारी नहीं मिल सकी। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक दिन पहले भी एक न्यूज चैनल कर्मी की कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप व अन्य सामान चोरी किया गया था। जांच अधिकारी एचसी विकास कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कमरे से मोबाइल फोन व लैपटॉप चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित** मकान से मोबाइल फोन व लैपटॉप के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोर का कोई सुराग हाथ लग सके। कॉपरेटिव बोकारो स्टील सिटी झारखंड हाल में बहालगढ़ मेडिकल स्टोर निवासी अविनाश ने बताय कि गत 24 मई को वह अपने कमरे पर मौजूद था। वह कमरे से सुबह दूध लेने के लिए गया था। करीब 7.15 बजे वापिस आकर देखा तो कमरे से उसका लैपटॉप व मोबाइल फोन गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की जांच की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मौसेरा भाई बनकर की कॉल, खाते में डलवा लिए 10.66 लाख रुपये

**सोनीपत**: मुरथल थाना क्षेत्र गांव मेहंदीपुर के युवक से एनआरआई मौसेरे भाई की आवाज निकालकर बातचीत करने के बाद खाते में 10.66 लाख रुपये डलवा लिये। पीड़ित का आरोप है कि वाइस डबिंग फ्रॉड कर उन्हें झांसे में लेकर रुपये डलवाए गए है। जब उन्होंने मौसेरे भाई को कॉल की मामले का पता लग सका। जिस पर साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मेहंदीपुर निवासी वीरेंद्र ने बताया कि उनके मौसेरे भाई मुकेश दुबई में रहते है। उनके पास 15 अप्रैल को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कहा कि वह मुकेश बोल रहा है। उसकी आवाज उनके मौसेरे भाई जैसी थी। जिससे वह उसके झांसे में आ गया। कॉल करने वाले ने कहा कि वह कुछ रुपये भेज रहे हैं, भारत आने पर हम कुछ जमीन खरीद लेंगे। उसने रुपये भेजने की रसीद भी उनके पास भेजी। एक दिन बाद फिर से कॉल आई। उसने कहा कि जो रुपये उन्होंने भेजे थे वह मुंबई बैंक ने रोक दिए है। अभी बैंक मैनेजर कॉल करेगा, उससे बात कर लेना। उसके बाद एक अन्य नंबर से उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मैनेजर बताया। उसने कहा कि एजेंट की शिकायत पर भुगतान रोक दिया गया है। इसे निकालने के लिए पांच लाख रुपये देने होंगे। जिस पर उन्होंने उसके दिए खाता नंबर में रुपये डाल दिए। उसके एक दिन बाद फिर से कॉल कर चार लाख रुपये मांगे गए। उन्होंने वह भी दे दिए। फिर से रुपये मांगे ग। उन्होंने और रुपये दे दिए। उन्होंने कुल 10 लाख 66 हजार 500 रुपये जमा करा दिए। 20 अप्रैल को उन्होंने अपने मौसेरे भाई को कॉल की तो पता लगा कि उसकी कोई बातचीत नहीं हुई। जिस पर धोखाधड़ी का पता लगा। उन्होंने बैंक खातों के बारे में पता लगाया तो वह सभी फर्जी पहचान पत्र पर खोले जाने का पता लगा। जिस पर साइबर थाना पुलिस को अवगत कराया। साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसआई नवीन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## लोकतंत्र के महापर्व में जनता ने दी आहूति

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**लोकतंत्र के महापर्व** को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया। गर्मी के बावजूद भी लोग घरों से निकले और अपने मत का प्रयोग किया। इसके चलते वोटिंग शुरू होते ही विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतारें लग गई। वहीं शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर डीसी वीरेन्द्र दहिया, एसपी अजीत सिंह शेखावत, डीएसपी समालखा नरेन्द्र कादियान ने हलके के मतदान केन्द्रों पर जाकर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि सुबह सात बजे से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में वोट डालने को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने



को मिला। गर्मी से बचने के लिए लोग वोटिंग शुरू होते ही मतदान केन्द्रों पर पहुंचने शुरू हो गए। जिसके चलते लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई। गर्मी के बावजूद भी लोग लाईन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। गांव करहंस में जहां 109 वर्षीय रामकिशन ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं कनिका, कीर्ति, गौरव व वंडर गर्ल जाहन्वी ने पहली बार अपने मत का प्रयोग किया। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में खासा उत्साह दिखा। वोट डालने के बाद वो सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचते हुए भी नजर आए। उन्होंने कहा कि देश मजबूत, सुरक्षित, विकसित बनाने के लिए उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया है। कुछ एक जगहों पर ईवीएम में खराबी से मतदान हुआ प्रभावित-सुबह मतदान शुरू होते ही गांव मनाना के बूथ 171 पर ईवीएम में खराबी आ गई। करीब आठ बजे दूसरी मशीन आई और साढ़े आठ बजे दोबारा से वोटिंग शुरू हो सकी।
इसके कारण 8:40 तक केवल 12 ही वोट पड़ सकी थी। वहीं गांव मच्छरौली में 122 नंबर बूथ पर टैक्नीकल खराबी के चलते वोटिंग देर से शुरू हो सकी।



गांव आहुलाना में 86 वर्षीय बुर्जुग अपने पोते के साथ मतदान करके वापिस आते हुए।

## तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहन चालकों को कुचला, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः बहालगढ़ थाना क्षेत्र** के मनौली-पबसरा सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहनों पर सवार दो युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पबसरा निवासी मोहित ने बताया कि शुक्रवार को उसका भाई मनीष कुमार अपनी स्कूटी पर सवार होकर घर से कुडली जा रहा था। वह उसके पीछे-पीछे बाइक पर चल रहा था। वह मनौली-पबसरा सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने उसके भाई को चपेट में ले लिया। वहीं मोटरसाइकिल पर जा रहे सोनी नाम के युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई मंदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## दादी के साथ 3 पीढ़ियों ने किया एक साथ मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत /कमाल हुसैन**
**इंडियन नेशनल लोक** दल के युवा प्रधान महासचिव हरियाणा डॉ नवीन नैन भालसी ने अपनी दो दादी खुजानी देवी व लज्मी देवी के साथ-साथ पूरे परिवार के 25 सदस्यों के 3 पीढ़ीयों ने एक साथ मतदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि हमारी दोनों दादी 90-90 वर्ष की होने के बावजूद बड़े चाव के साथ मतदान की इस महापर्व में शामिल हुए ओर पूरे परिवार के सभी तीनों पीढ़ियों को साथ लेकर मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने बताया कि मतदान करना इस लोकतांत्रिक देश में सबका अधिकार है इसी संदेश को पूरे प्रदेश




में देने के लिए आज हमारे पूरे परिवार के साथ 3 पीढ़ियों ने मतदान किया। इस दौरान पोलिंग बूथ पर उपस्थित सभी सदस्यों ने परिवार की एकता व तीन पीढ़ियों को एक साथ मतदान करते देख बधाई व शुभकामनाएँ दी। इस दौरान परिवार के सबसे बड़ी पीढ़ी के दौरान दादी खुजानी देवी व दादी लज्मी देवी, उसके बाद चौधरी प्रेम सिंह भालसी, राजेन्द्र नैन,भूपेन्द्र नैन, सत्येवान नैन, बलवान नैन,प्रवीन नैन,दिनेश,सवीन नैन, राकेश नैन,नीरज नैन,अश्विनी नैन, रजत नैन,अभीजीत,धीरज नैन ,नीतिन, शीला देवी,सरोज देवी, निकिता नैन,प्रवीन देवी,सीमा देवी, रचना देवी, सुनीता देवी, रविना देवी आदि ने एक साथ मतदान किया।

## हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

### पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सिविल लाइन थाना** सोनीपत पुलिस ने हत्या की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित लोकेश उर्फ अंकल निवासी बंदेपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बैयांपुर खुर्द निवासी नरेंद्र ने गत 17 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि असका इकलौता बेटा अजय (17) 16 मई की देर शाम घर से बाहर निकला था। वह परिजनों को कहकर गया था कि वह अपने दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में जा रहा है। वह पार्टी मनाने के बाद वापस लौट आएगा। वह देर रात तक वापस नहीं लौटा। जिस पर परिवार के सदस्य सो गए। नरेंद्र ने बताया कि देर रात करीब डेढ़ बजे उनके घर की डोर बेल काफी देर तक बजाई गई। जिस पर उनकी आंख खुल गई। उन्होंने दरवाजा खोला तो अजय खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसके शरीर पर चोट के कई निशान थे। वह तथा उनकी पत्नी सुरेखा बेटे अजय को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। इस दौरान अजय ने उन्हें तीन युवकों के नाम बताए। उसने आकाश, लक्की, बबल व अन्य पर हमले का आरोप लगाया। नागरिक अस्पताल से बेटे को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां पर शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शाम को अजय का शव परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों को नामजद कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक राकेश की टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा था। पुलिस ने वारदात में शामिल चौथे आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राकेश की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



सोशल मीडिया इनफल्यूएंशर प्रवीन भारद्वाज व उनकी पत्नी किरण मतदान करने के बाद हाथ में लगी स्याही को दिखाते हुए।



ऋषि चैतन्य आश्रम से बड़ी गांव के मतदान केन्द्र में मतदान के लिए पहुंची आश्रम में रहने वाली श्रद्धालु।

## अर्धसैनिक बल के जवानों को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने गांव उग्राखेड़ी, उझा, सनौली, छाजपुर, नवादा आर, गढ़ी बेसिक, राणा माजरा, बराना, बबैल, राजाखेड़ी, कुटनी गांव में पोलिंग स्टेशन पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए, जिला पानीपत पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व भय मुक्त माहौल में संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

## सुशील गुप्ता लाखों वोट से जीतेंगे: सुखबीर सिंह मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
**पिछले 45 दिनों से** कुरुक्षेत्र में चुनावी कार्यक्रम में कार्यरत आम आदमी पार्टी प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक आज पानीपत कार्यालय में बताया के इस बार कुरुक्षेत्र लोकसभा में चुनावी रंग में बदलाव नजर आ रहा है। उन्होंने कहा पिछले 45 दिनों से मैं लाडवा विधानसभा के 6 गांव मुरथला उठसाल छारपूरा बोदला दुधाला रामनगर जो उनकी जिम्मेवारी दी गई थी उन में जमकर प्रचार किया हर घर में चार से पांच बार डोर टू डोर किया। बीजेपी की



एन्टी इनकमबनैंसी और किसानो की नाराजगी बीजेपी से साफ झलकती थी जिस वजह और बदलाव से सुशील गुप्ता की विजय दिखाई दे रही है। सभी गांव के साथियों को अपने बूथ मैनेजमेंट पर कार्यरत करने के लिए एक नियमावली बनाई।

# 400 पार के लक्ष्य के साथ तीसरी बार भी बनेगी भाजपा सरकार: श्वेता जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: झुलसाने वाली** गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सभी सातों सीटों के लिए वोटिंग की गई। सभी मतदान केंद्रों के बाहर सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला, जिसमें की खासकर पहली बार वोट डालने वालों युवाओं की वोट डालने की खुशी देखने को बनी रही।

**सुरक्षा के कड़ें इंतजाम के बीच संपन्न हुई वोटिंग:** गर्मी के चलते दोपहर के समय मतदान की रफ्तार थोड़ी सुस्त पड़ गई थी, लेकिन शाम चार बजे के बाद लोगों की भीड एकदम से पोलिंग बूथ पर देखी गई। चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए हैं। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ ही दिल्ली में हजारों से अधिक सुरक्षा बलों को लगाया गया। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चला।





**भाजपा और इंडिया गठबंधन की सीधी टक्कर:** दिल्ली की सात लोकसभा सीट पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला हुआ। दिल्ली में यह पहला लोकसभा चुनाव है, जब आप और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को चुनौती दी। इसी के साथ ही चांदनी चौक लोकसभा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल और उनके सामने थे इंडिया गठबंधन व कांग्रेस के पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल के बीच सीधे तौर पर टक्कर थी। इसी बीच जयप्रकाश अग्रवाल ने किनारी बाजार गली परांठे वाली स्थित बूथ नंबर 40 पर अपना वोट डाला तो वहीं इसी बीच बूथ नंबर 95, 96, 97, 98, 99 इसके अतिरिक्त बूथ नंबर 74 मुबारक बाग क्लस्टर में जमकर मतदान किया गया। इस मौके पर चांदनी चौक जिला स्थित मॉडल टाउन वार्ड से महिला मोर्चा अध्यक्षा श्वेता जैन ने कहा कि लोगों ने आज भाजपा के लिए भारी संख्या में वोटिंग की और अब तीसरी बार भी देश में भाजपा की सरकार बनने वाली है। इस मौके पर प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल व उनके समस्त परिवार, जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, निगम पार्षद विकेश सेठी, अशोक गोयल देवराह, मंडल अध्यक्ष सुभाष असडी व मंडल व जिला महिला मोर्चा ने अपने-अपने बूथों तीसरी बार भी भाजपा की सरकार बनाने के लिए अपने मताधिकार की इस्तेमाल किया।

# लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिल्लीवासी, उत्साहित दिखे युवा


मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार भाटिया।


जिला केशवपुरम भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल मतदान करने के बाद।


नरेला में मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए समाजसेवी हेमराज बंसल।


मतदान करने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता गुरमीत अरोड़ा।



अशोक विहार में मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल


मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए गीता भारद्वाज, एक्शन इंडिया के संपादक रवि भारद्वाज।


आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ पर वोट डालने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पेरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल व अन्य।


शालीमार बाग में मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए समाजसेवी सत्यपाल शर्मा व अन्य।


संगम पार्क इलाके में मतदान केन्द्र के बाहर बैठकर मतदान करने आए हुए लोगों की सहायता करते हुए पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह व अन्य।


शालीमार गांव में मतदान करने के बाद उंगली पर लगी हुई स्याही दिखाते हुए राजकुमार चौधरी व रानी कुमारी।


केशवपुरम महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंचल जैन वोट देने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए।


मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए भाजपा नेत्री श्वेता बत्रा व अन्य।


मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए समाजसेवी सुरेन्द्र चोपड़ा, नीरज कपूर व भाजपा के पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर।


मतदान करने के बाद उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल व उनके परिवार के सदस्य।

# लोगों ने जमकर की वोटिंग, बदलाव की लहर के चलते इंडिया गठबंधन की जीत तय: जेपी अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव** के छठे चरण में दिल्ली की सातों संसदीय सीटों पर आज सुबह कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच मतदान शुरू हुआ। चांदनी चौक लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने आज किनारी बाजार गली परांठे वाली स्थित बूथ नंबर 40 पर अपना वोट डाला।

**लोगों ने बदलाव के लिए डाला वोट:** वोट देने के बाद पत्रकारो से बातचीत करते हुए जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि इसमें कोई संशय नहीं है कि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार उन्हें चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के लोगों का स्नेह, समर्थन और भरोसा मिला उससे उनकी जीत निश्चित है। लोग तानाशाह मोदी सरकार के रवैये और नीतियों से काफी नाराज एवं परेशान है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बदलाव की जबरदस्त लहर देखने को मिली।






**भाजपा के इशारे पर बूथ पर पर खलल डालने कि की गई कोशिश:** अग्रवाल ने कहा कि चुनाव में अपनी हार देख उनके विरोधी भाजपा प्रत्याशी आज दिन भर पूरी तरह से बौखलाए रहे। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के चलते जो बदलाव की लहर चली। कई जगहों पर तो पुलिस ने अग्रवाल के समर्थकों के साथ बदतमीजी तक की। सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर पोलिंग स्टेशन नंबर 79 दिल्ली गेट रैन बसेरा मटिया महल में पुलिस ने मनमानी कर लोगों को परेशान किया। कारण यह रहा कि उक्त पोलिंग बूथ पर तैनात चुनाव कर्मी वोटिंग मशीन खराब होने की बात कर लोगों को वोट डालने से रोके हुए थे करीब एक-डेढ़ घंटा तक यह स्थिति बनी रहने के कारण वोट डालने आए लोगों ने जब इस पर ऐतराज जताया तो पुलिस ने इसमें हस्तक्षेप कर लोगों का साथ ना देते हुए उनके साथ ही बदतमीजी की।

**मुदित अग्रवाल का चुनावी एजेंट पर्चा भी फाड़ा:** इसका पता चलने पर जब जयप्रकाश अग्रवाल के बेटे मुदित अग्रवाल वहां पहुंचे और चुनाव कर्मियों से इस बारे में बात की तो उन्होंने उनसे ठीक से बात नहीं की और पुलिस ने भी मुदित अग्रवाल की बात नहीं सुनी इस दौरान इन लोगों की आपस में बहस हुई बहस के दौरान चांदनी महल थाना अध्यक्ष प्रभात कुमार ने जयप्रकाश अग्रवाल के बेटे एंव इलेक्शन एजेंट मुदित अग्रवाल का चुनावी एजेंट का पर्चा तक फाड़ डाला।

**भाजपा द्वारा दिशा-निर्देशों की उडाई गई धज्जियां:** पुलिस की इस हरकत से अग्रवाल समर्थक नाराज हो गये और उन्होंने शोर शराबा शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने अपने आप को शांत कर माहौल शांत किया। इतना ही नहीं चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में ज्यादातर मतदान केंद्रों के बाहर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में लगी टेबलों पर बड़े-बड़े पोस्टर बैनर आदि लगा चुनाव आयोग के दिशा निर्देश व नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई और पुलिस मूक दर्शक बनी सब देखती रही।

# मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायरः सिवाच ने मुकुका को हराकर भारत को विजयी शुरुआत दिलाई

एजेंसी

**बैंकॉक।** राष्ट्रीय चैंपियन सचिन सिवाच (57 किग्रा) ने यहां पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के शुरुआती दौर में न्यूजीलैंड के एलेक्स मुकुका पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के स्वर्ण पदक विजेता सिवाच ने पूरे मुकाबले के दौरान अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा और जजों के सर्वसम्मत 5-0 के फैसले से जीत दर्ज की। सचिन पहले ही राउंड से आक्रामक हो गए थे और मुकाबले पर नियंत्रण कर लिया था। पहले दो राउंड आराम से जीतने के बाद सचिन ने अपने प्रतिद्वंद्वी वापसी का कोई मौका नहीं दिया और मैच जल्द ही समाप्त कर दिया। भारत ने दूसरे विश्व क्वालीफायर में सात पुरुष और तीन महिला मुक्केबाजों को मैदान में उतारा है। सभी मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी बर्थ बुक करने का मौका पाने के लिए कम से कम सेमीफाइनल में जगह बनानी होगी। मार्च में पिछले विश्व क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक था और केवल 2023 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ही शुरुआती दौर से आगे बढ़ पाये थे। अब तक निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने पेरिस में अपना स्थान सुरक्षित किया है।



## मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची पीवी सिंधु

**कुआलालम्पुर।** डबल ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सिंधु ने यहां खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान यू को शिकस्त दी। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने 55 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हान को 21-13, 14-21, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु अब अंतिम चार चरण में इंडोनेशिया की पुत्रि कुसुमा वर्दानी और थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। अन्य परिणामों में, अश्मिता चालिहा का शानदार प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग यी मैन से 10-21, 15-21 से हार के साथ समाप्त हुआ।

## तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 : भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में, दीपिका सेमीफाइनल में

**येचियोन।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश ने यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 में कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे भारत का एक और पदक पक्का हो गया। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी की कंपाउंड महिला टीम ने बुधवार को फाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए पहले ही एक पदक पक्का कर लिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे की नजर भी व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने पर है। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम, जो विश्व रैंकिंग में नंबर 2 पर है, ने 16 तीरों से केवल दो अंक गंवाए और मेजबान देश की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को कड़े सेमीफाइनल में 158-157 से हरा दिया। शनिवार को स्वर्ण पदक मैच में ज्योति और प्रियांश का सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन से होगा। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले 16वें राउंड में वियतनाम को 159-152 से हराया था।

## उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच, सेमीफाइनल में टॉमस मचाक से हारे

**जिनेवा।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच जिनेवा ओपन में उलटफेर का शिकार हो गये और सेमीफाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से 6-4, 0-6, 6-1 से हार गये। मचाक, जो अपने पहले एटीपी टूर-स्तरीय सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने पहले सेट में अपनी ताकत दिखाई जब वह 4-1 से पिछड़ने के बाद वापस आए और सेट 6-4 से अपने नाम किया। सर्बियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट में बेहतरीन जवाब देते हुए 6-0 से जीत दर्ज की और तीसरे सेट में भी उसी लय को जारी रखते हुए 1-0 से बढ़त बना ली। हालाँकि, यहां से मचाक ने फिर से वापसी की और सेट 6-1 से जीतने के साथ मैच भी अपने नाम कर लिया। 37 वर्षीय जोकोविच को अपने 23 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कई बार शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा और पहले सेट के अंत में उन्हें मेडिकल टाइमआउट मिला। दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड और इटली के फ्लेवियो कोबोली के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया। डबल में, मार्सेलो अरेवलो और मेट पाविक सेमीफाइनल जीतने के बाद फाइनल में लॉयड ग्लासपूल और जीन-जूलियन रोजर से भिड़ेंगे।

# 1 जून से होगा टी20 वर्ल्ड कप का आगाज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से लेकर 29 जून तक वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में खेला जाना है. आगामी वर्ल्ड कप में सह-मेजबान यूएसए पर भी सबकी निगाहें होंगी. यूएसए की टीम काफी शानदार फॉर्म में है और उसने बांग्लादेश जैसी तगड़ी टीम को को तीन मैचों की टी20 सीरीज में हराकर अपने इरादे जता दिए हैं.

आगामी टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिकी टीम भारत के ही ग्रुप में है. उस ग्रुप में भारत और यूएसए के अलावा पाकिस्तान, आयरलैंड और कनाडा भी है. यूएसए को भारतीय टीम कतई हल्के में नहीं लेना चाहेगी. भारतीय टीम को यूएसए से कड़ी टक्कर मिल सकती है. अमेरिकी टीम में कुछ अच्छे प्लेयर्स मौजूद हैं जो घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठा सकते हैं.




सौरभ नेत्रवलकरः 32 साल के सौरभ नेत्रवलकर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और उनका जन्म 16 अक्टूबर 1991 को मुंबई में हुआ था. सौरभ नेत्रवलकर 2010 के अंडर-19 विश्व कप में केएल राहुल, जयदेव उनादकट और मयंक अग्रवाल जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ियों संग खेल चुके हैं.

# हैदराबाद दूसरी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंचा, कोलकाता से करेगी मुकाबला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स को 36 रनों से हरा दिया. चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए नॉक आउट मैच में हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बनाए. जवाब में राजस्थान की टीम इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई. इसके साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद ने तीसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बना ली और अब इस टीम का खिताबी मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 26 मई को होगा.

सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के हीरो हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा और शाहबाज अहमद रहे. हेनरिक क्लासेन ने चेन्नई की मुश्किल परिस्थितियों में 34 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली. उनके बल्ले से 4 छक्के निकले. गेंदबाजी में शाहबाज अहमद ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट झटके. वहीं बल्ले से कहर बरपाने वाले अभिषेक शर्मा ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 अहम विकेट चटकाए. राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी दूसरे क्वालिफायर में फेल रही. यशस्वी जायसवाल ने 21 गेंदों में 42 रन बनाए और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक लगाया. इन दोनों के अलावा कोई बल्लेबाज कुछ नहीं कर सका. संजू सैमसन 10 रन ही बना पाए. रियान पराग 6 रन बना पाए. हेटमायर 4 और पॉवेल 6 ही रनों का योगदान दे पाए. राजस्थान की टीम 20 ओवर में 139 रन ही बना पाई.



# रियल मैड्रिड के मिडफील्डर टचौमेनी चोट के कारण चैंपियंस लीग फाइनल में नहीं खेल पाएंगे

एजेंसी

**मैड्रिड।** डॉर्टमुंड के खिलाफ चैंपियंस लीग फाइनल से पहले, रियल मैड्रिड के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने पुष्टि की है कि मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी पैर की चोट के कारण शिखर मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे।इस महीने बायर्न म्यूनिख पर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में जीत के दौरान स्ट्रेस फैक्चर से जूझने के बाद से चौआमेनी ने क्लब के लिए नहीं खेला है। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सीज़न में सभी प्रतियोगिताओं में स्पेनिश चैंपियन के लिए 38 मैच खेले हैं। एन्सेलोटी ने रियल बेटिस के खिलाफ अपने आखिरी ला लीगा मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, वह व्यक्तिगत काम कर रहे हैं लेकिन वह (चैंपियंस लीग) फाइनल के लिए तैयार नहीं हैं। देखते हैं कि क्या वह यूरो के लिए तैयार हैं। त्चौआमेनी को यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए फ्रांस की 25 सदस्यीय टीम में भी नामित किया गया था, लेकिन हालिया चोट के कारण जर्मनी में अगले



महीने होने वाले टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी संदिग्ध हो गई है।

सीज़न का आखिरी घरेलू खेल टीम और समर्थकों के लिए मिडफील्डर टोनी क्रोस को सम्मानित करने का अवसर होगा, जो यूरो 2024 के बाद सेवानिवृत्त होंगे। 34 वर्षीय खिलाड़ी रियल मैड्रिड के सबसे कुशल खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने चार चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। टीम के साथ.जर्मन, जिसने पहले बायर्न म्यूनिख के साथ चैंपियनशिप जीती थी, रियल मैड्रिड के महान पाको जेंटो के बाद छह यूरोपीय खिताब जीतने वाले इतिहास में केवल दूसरे खिलाड़ी बनने की कगार पर है।एन्सेलोटी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह उनके लिए कोई कठिन निर्णय था। अनुभवी खिलाड़ियों और दिग्गजों को अपना भाग्य चुनना होगा। टोनी ने यह निर्णय लिया है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए। हमें जितना हो सके उन्हें अलविदा कहना होगा। मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं। इस तरह अलविदा कहना आदर्श होगा। फिर आपको ऐसा करने का साहस रखना होगा और उन्होंने जो किया है, उसके लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है। ऐसा कोई व्यक्ति लगभग असंभव है, लेकिन इस दस्ते के पास युवा लोगों में संसाधन हैं ताकि वे जिम्मेदारी ले सकें और पिछले 10 वर्षों में निर्धारित पथ का पालन कर सकें। रियल मैड्रिड 2 जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में चैंपियंस लीग फाइनल में डॉर्टमुंड से भिड़ेगा।

# सचिन सिवाच भारत को दिलाई शुरुआत विजयी

एजेंसी

**नई दिल्ली।**बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वालीफायरः एलेक्स मुकुका पर हावी हुए सचिन सिवाच, भारत को दिलाई विजयी शुरुआत बैंकॉक में पेरिस ओलंपिक के लिए दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के शुरुआती दिन राष्ट्रीय चैंपियन सचिन सिवाच के जबरदस्त पंच ने 57 किग्रा वर्ग में 64 राउंड के मुकाबले में न्यूजीलैंड के एलेक्स मुकुका के खिलाफ निर्णायक जीत सुनिश्चित की। बैंकॉक में पेरिस ओलंपिक के लिए दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के शुरुआती दिन राष्ट्रीय चैंपियन सचिन सिवाच के जोरदार पंच ने 57 किग्रा वर्ग में 64 राउंड के मुकाबले में न्यूजीलैंड के एलेक्स मुकुका के खिलाफ निर्णायक जीत सुनिश्चित की।2024 स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के स्वर्ण पदक विजेता ने शुरू से ही अपने प्रतिद्वंद्वी मुकुका पर दबदबा बनाए रखा और पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें जजों से 5-0 का सर्वसम्मत फैसला मिले और 10 सदस्यीय भारतीय दल को विजयी शुरुआत मिले। सिवाच ने पहले ही राउंड में अपने इरादे स्पष्ट कर दिए क्योंकि वह शुरू से ही आक्रामक हो गए और कुछ बाएं-दाएं संयोजन के साथ मुकाबले पर नियंत्रण कर लिया। यदि मुकुका दूसरे दौर में सफलता की उम्मीद कर रहा था, तो उसकी उम्मीदें जल्द ही धराशायी हो गईं क्योंकि भारतीय लगातार हमले कर रहा था। पहले दो राउंड आराम से अपनी जेब में रखते हुए, सिवाच ने सुनिश्चित किया कि उनके प्रतिद्वंद्वी से लड़ाई का कोई मौका नहीं था और कार्यवाही समाप्त कर दी। भारत ने दूसरे विश्व क्वालीफायर में सात पुरुषों और तीन महिलाओं को मैदान में उतारा है और सभी मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्थान बुक करने का मौका पाने के लिए कम से कम सेमीफाइनल में जगह बनानी होगी। शनिवार को सीनियर नेशनल में कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा 80 किग्रा भार वर्ग के शुरुआती दौर में बुल्गारिया के क्रिस्टियान निकोलोव से भिड़ेंगे। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और 2022 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (+92 किग्रा) को पहले ही अपने संबंधित भार वर्गों के शुरुआती दौर में बाई मिल चुकी है।

# रिंकू F46 भाला फेंक स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहे

एजेंसी

**मैड्रिड।** भारत के रिंकू हुडा यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ46 भाला फेंक स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन एक प्रतियोगी द्वारा विरोध दर्ज कराने के बाद आयोजकों ने परिणाम रोक दिया है।रिंकू के 62.77 मीटर के चौथे राउंड थ्रो ने उन्हें तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया, लेकिन दूसरे स्थान पर रहीं श्रीलंका की प्रियंता हेराथ (64.59 मीटर) ने शीर्ष स्थान धारक क्यूबा के गुइलेर्मो वरोना गोंजालेज (65.16 मीटर) के खिलाफ स्पष्ट रूप से विरोध दर्ज कराया।मुख्य कोच सत्यनारायण ने पीटीआई को बताया, श्रीलंकाई ने विरोध दर्ज कराया और इसीलिए परिणाम अभी तक आधिकारिक घोषित नहीं किया गया है। किसी भी



स्थिति में, रिंकू के लिए पदक पक्का है। एक अन्य भारतीय अजीत सिंह 12 सदस्यीय फाइनल में 62.11 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे।हालाँकि, निराशा हुई, भारत के विश्व रिकॉर्ड धारक और पिछले साल के हांग्जो पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सुंदर सिंह गुर्जर 59.03 मीटर के थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे।

उनके नाम 68.60 मीटर का विश्व रिकॉर्ड है।बुधवार को, भारत ने 12 पदक (5 स्वर्ण, 4 रजत, 3 कांस्य) के साथ चैंपियनशिप में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पीछे छोड़ दिया था।

भारत ने कोई पदक नहीं जीता. इसकी वजह से देश पदक तालिका में पहले तीसरे स्थान से गिरकर छठे स्थान पर आ गया है।भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ 10 पदक (3 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य) था जो उसने पेरिस में 2023 संस्करण में जीता था।

## बीसीसीआई ने मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी ऑस्ट्रेलियाई से संपर्क नहीं किया: जय शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन खबरों का खंडन किया है कि उन्होंने या भारतीय क्रिकेट की शीर्ष संस्था ने टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया था। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद समाप्त होने वाला है।जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क करने की खबरें पूरी तरह से गलत हैं।उन्होंने कहा कि भारत के मुख्य कोच के लिए घरेलू क्रिकेट की गहन जानकारी होना जरूरी है। जय शाह ने एक बयान में कहा,न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने कोचिंग की पेशकश के साथ किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया है। कुछ मीडिया वर्गों में चल रही रिपोर्टें पूरी तरह से गलत हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक सावधानीपूर्वक और गहन प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ है और टीम इंडिया को अगले स्तर पर ले जाने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारे कोच को हमारे घरेलू क्रिकेट ढांचे की गहन जानकारी हो।

# कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीमः गोगोई, हम्माद चोटों के कारण बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मुहम्मद हम्माद को चोटों के कारण बाहर रखा गया क्योंकि भारत ने 6 जून को कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए 27 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जो लंबे समय से सेवारत कप्तान और शीर्ष स्ट्राइकर सुनील छेत्री के अंतरराष्ट्रीय करियर के अंत का प्रतीक होगा। कोलकाता में होने वाले मैच के लिए टीम की घोषणा मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने की। कुल 32 खिलाड़ी भुवनेश्वर में डेरा डाले हुए थे, जिनमें से पांच - फुरबा लाचेनपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्माद और जितिन एमएस - को शिविर से रिहा कर दिया गया है। स्टिमैक ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ÷वे सभी बहुत पेशेवर और मेहनती थे। उनके बीच प्रतिस्पर्धा वास्तव में मजबूत थी, खासकर जितिन और पार्थिब के पदों पर।÷ चोटों की प्रकृति बताए बिना उन्होंने कहा, पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले मामूली चोटें आईं और



उन्हें 7-14 दिनों के आराम की जरूरत होगी।

शेष खिलाड़ी 29 मई तक भुवनेश्वर में प्रशिक्षण जारी रखेंगे जब वे कोलकाता की यात्रा करेंगे। ब्लू टाइगर्स का सामना 6 जून को विवेकानन्द युवा भारती क्रीड़ांगन में कुवैत से होगा। कुवैत के खिलाफ मैच के बाद, भारत ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में 11 जून को कतर से भिड़ने के लिए रवाना होगा। भारत वर्तमान में चार मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। समूह की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपनी जगह बुक करेंगी। 39 वर्षीय छेत्री ने 17 मई को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की।

कुवैत के खिलाफ मैच से उनके 19 साल के शानदार करियर का अंत हो जाएगा, जिसके दौरान वह 94 स्ट्राइक के साथ भारत के शीर्ष गोल-स्कोरर बने।वह अपनी स्वांसोंग प्रतियोगिता के अंत में 151 मैचों में प्रतिस्पर्धा करने के बाद भारत के सबसे कैप्ड खिलाड़ी के रूप में मैदान छोड़ देंगे।सक्रिय खिलाड़ियों में गोल स्कोररों की सूची में छेत्री क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के बाद तीसरे स्थान पर रहेंगे। वह वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय गोल करने वालों की सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर है।

टीम÷ ======= गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ।

डिफेंडरः अमेय रानावाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंद्र, निखिल पुजारी, राहुल भेके, सुभाशीष बोस।

मिडफील्डरः अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जेकसन सिंह थौनाओजम, लालियानजुआला चांगटे, लिस्टन कोलाको, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार सेकर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजाम।

फॉरवर्ड÷ डेविड लालह्लानसंगा, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह

# लखनऊ जिला बाक्सिंग टूर्नामेंट : तेज प्रताप, दक्ष व अनुज बने सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज

एजेंसी

**लखनऊ।** तेज प्रताप सिंह, दक्ष गोपाल, अनुज गौतम और जितेंद्र प्रताप सिंह ने लखनऊ जिला बाक्सिंग टूर्नामेंट ने रिंग में शानदार प्रदर्शन से सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज की ट्रॉफी जीत ली। दूसरी ओर महिला वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की सनाया पाल, काजल पाण्डेय, वैष्णवी पाल, आयुषी द्विवेदी और अंजली यादव ने स्वर्ण पदक व सुरभि कश्यप, सलोनी गुप्ता, सुजीता कुमारी, श्रेया सिंह ने रजत पदक जीते। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित बाक्सिंग हाल में बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ व क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय लखनऊ के समन्वय से आयोजित प्रतियोगिता में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मुक्केबाजों ने कुल 16 स्वर्ण व 11 रजत अपने नाम किए। सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज मिनी बालक वर्ग में केडी सिंह के तेज प्रताप सिंह, सब जूनियर में सीबीए के दक्ष गोपाल, जूनियर में जोश बाक्सिंग अकादमी के अनुज गौतम और सीनियर में केडी सिंह के जितेंद्र प्रताप सिंह चुने गए। समापन



समारोह में मुख्य अतिथि भगवती सिंह (संयुक्त शिक्षा निदेशक, शिविर कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश) और विशिष्ट अतिथिगण उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय और उत्तर प्रदेश एमेच्योर बाक्सिंग एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। समापन समारोह की अध्यक्षता बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने की जबकि सचिव सहदेव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी, बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ चेयरमैन दीपक शर्मा, आयोजन अध्यक्ष आरसी वर्मा (समाजसेवी) आयोजन सचिव प्रणव श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मनोज पटेल एवं केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाक्सिंग कोच कृपाशंकर व अन्य मौजूद थे।

45-48 किग्रा में जोश बाक्सिंग अकादमी (जेबीए) की कांति ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम की सलोनी गुप्ता को, 48-50 किग्रा में जेबीए की प्रीति ने जेबीए की ही प्रतिभा को, 52-54 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की सनाया पाल ने केडी सिंह की ही सुजीता कुमारी को हराया। 54-57 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की काजल पाण्डेय ने किड्स फिट्स स्पोर्ट्स जोन (केएफएसजेड) की अगम्या को, 57-60 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की वैष्णवी पाल ने सरोजनीनगर बाक्सिंग अकादमी (एसनबीए) की शिवानी गौतम को, 63-66 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की आयुषी द्विवेदी ने बाबू स्टेडियम की ही श्रेया सिंह को और 75-81 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की अंजली यादव ने एसटीएमएस की वैष्णवी खन्ना को हराया।

# एएफसी अंडर-20 पुरुष एशियाई कप 2025 की मेजबानी करेगा चीन

एजेंसी

**दुबई।** चीन एएफसी अंडर-20 पुरुष एशियाई फुटबॉल कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने उक्त घोषणा की।

एएफसी के एक बयान में कहा गया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल ऐन में आयोजित एक बैठक में एएफसी प्रतियोगिता समिति ने 2025 अंडर-20 एशियाई कप की मेजबानी के अधिकार चीनी फुटबॉल एसोसिएशन को देने का फैसला किया, जबकि 2025 एएफसी अंडर-17 एशियन कप सऊदी अरब फुटबॉल फेडरेशन को प्रदान किया गया है।इसके अतिरिक्त, फीफा अंडर-17 विश्व कप के पुरुष और महिला दोनों संस्करणों को द्विवार्षिक के बजाय सालाना आयोजित करने के फीफा के



फैसले के बाद, समिति ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में नए सुधारों को भी मंजूरी दे दी।

विस्तारित 48-टीम फीफा अंडर-17 विश्व कप को देखते हुए, जहां एएफसी को 2025 से 2029 संस्करणों के मेजबान कतर में शामिल होने के लिए आठ स्लॉट आवंटित किए गए हैं, समिति ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सालाना के क्वालीफायर और फाइनल आयोजित करने के निर्णय को मंजूरी दे दी है।

यह निर्णय खेल योग्यता के सिद्धांतों को बनाए रखने और अधिक प्रतिस्पर्धी कॉन्टिनेंटल मैचों के निरंतर प्रदर्शन के माध्यम से एशियाई युवा टीमों के प्रगतिशील विकास को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया।

## हॉकी इंडिया ने जरमनप्रीत सिंह को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर दी बधाई

**एंटवर्प।** हॉकी इंडिया ने जरमनप्रीत सिंह को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है। जरमनप्रीत ने बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। अपनी निपुणता के लिए पहचाने जाने वाले पंजाब के डिफेंडर जरमनप्रीत ने ब्रेडा में 2018 पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया, जहां भारत दूसरे स्थान पर रहा। वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने मस्कट, ओमान में 2018 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीता था। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने ढाका, में 2021 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के तीसरे स्थान पर रहने में एक अभिन्न भूमिका निभाई।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# शरिया कानून हम लागू होने नहीं देंगे : योगी

## कांग्रेस और सपा का घोषणा पत्र पढ़िए,ये लोग देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं: सीएम योगी आदित्यनाथ

**वोट की अपील**

**भारत में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाया गया संविधान ही लागू होगा: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**

**बलिया:** बलिया लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को बैरिया के बाबा लक्ष्मण दास इंटर कालेज के मैदान में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाया गया संविधान ही लागू होगा, भारत के अंदर शरिया कानून हम लागू नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का घोषणा पत्र पढ़िए,ये लोग देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं। कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो एससी,एसटी,ओबीसी का आरक्षण काट कर मुसलमानों को देंगे। ये धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कर रहे हैं। बीजेपी ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि पर्सनल लॉ भी लागू करने की बात विपक्षी गठबंधन वाले कर रहे हैं। इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि जो खानपान अल्पसंख्यक खाता है, बहुसंख्यक नहीं खाता। ये एक जगह आकर ठहर जाते हैं। जब कोई मुसलमान गोकशी का दुस्साहस करता है तो हिन्दू डर जाता है। हिन्दू कहता है कि जनम जनम का नाता है गाय हमारी माता है। योगी ने लोगों से सवाल किया कि गोकशी करने वालों को स्वतंत्रता देंगे क्या? उन्होंने कहा कि रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर का पुण्य जो आपसे जुड़ा है, विपक्षी गठबंधन को वोट देने से वह पाप में बदल जाएगा। ऐसी भूल मत करना। कहा कि यह पूरा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच चला गया है। जो रामद्रोहियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं आज कांग्रेस के नेतृत्व में सपा और आरजेडी समेत एक तरफ खड़े हैं और दूसरी तरफ सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल मिलकर एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के लोग जब कहते हैं कि भाजपा चार सौ पार कैसे जाएगी, तो जनता कहती है कि जो राम को लाए हैं हम उनको ही लाएंगे।

### हिन्दू विरोध पर आधारित है इंडी गठबंधन में शामिल दलों की राजनीतिः योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विवादित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए टीएमसी समेत पूरे इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सपा और इंडी गठबंधन के सभी दल हिन्दू विरोध की राजनीति करते हैं। शनिवार को लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए बलिया रवाना होने से पहले गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और उसके जो भी सहयोगी दल हैं, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में आरजेडी, बंगाल में टीएमसी या अन्य ऐसे भी जितने दल हैं, उनकी पूरी राजनीति ही हिंदू विरोध पर आधारित है। उनके लिए देश की तुलना में सत्ता अधिक महत्वपूर्ण है। देश की कीमत पर ये दल सत्ता चाहते हैं और कोई भारतीय इसे स्वीकार नहीं करेगा। पश्चिम बंगाल में भारत सेवाश्रम संघ और रामकृष्ण मिशन के खिलाफ टीएमसी सरकार की मुखिया ममता बनर्जी के विवादित और धमकी भरे बयान को संदर्भित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ, दोनों भारत की प्रतिष्ठित धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाएं हैं। रामकृष्ण मिशन ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर पूरे देश और दुनिया के अंदर सनातन धर्म के मूल्यों और आदर्शों को, भारत के आध्यात्मिक मूल्यों को देश और दुनिया तक पहुंचाने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इसी तरह भारत सेवाश्रम संघ भी सनातन हिंदू धर्म की बहुत ही प्रखर आध्यात्मिक संस्था है।

## फास्ट न्यूज

### अमेठी में किशोरी लाल शर्मा पर मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**अमेठी:** अमेठी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान समाप्त हुआ है लेकिन अब भी आदर्श आचार संहिता और धारा 144 लागू है। इस दौरान बगैर अनुमति के भीड़ को एकत्रित कर जनसभा करने के जुर्म में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा सहित 13 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मतदान समाप्त होने के बावजूद मतगणना होने तक सभी जनपद में धारा 144 के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में किसी के द्वारा कोई भी जनसभा रैली अथवा भीड़ स्थानीय पुलिस प्रशासन की अनुमति के बगैर नहीं कर सकता। इसी मध्य 24 मई की अपराह्न लगभग 5 बजे अमेठी जिले के बाजार स्कूल थाना क्षेत्र अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की ओर से मंगरौली चौराहे पर बिना अनुमति के एकत्रित कर जनसभा का आयोजन किया गया था। स्थानीय प्रशासन ने संज्ञान लिया और थाना बाजार शुकुल के पुलिस उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पांडेय की तहरीर पर कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा, मजहर अहमद, इकरार अहमद, बेचू खान, एराफ, सलमान अहमद के साथ रईस अहमद, वासिफ, इब्राहिम गुर्जर, मोहम्मद शाहिद, इजराउल हक उर्फ कलूट बाबू, दानबाबू, मेराज और बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा को नजरबंद करना अफवाह

**अम्बेडकरनगर:** अम्बेडनगर लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी लाल जी वर्मा को पुलिस नजरबंद करने नहीं, बल्कि बीती रात जब्त धन के बारे में पूछताछ करने गई थी। सपा ने इसका राजनीतिक लाभ लेने के लिए यूपी पुलिस पर नजरबंद करने का आरोप लगाया है, जो सरासर गलत है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने दी है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में आज सुबह से मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर रहे हैं, वहीं सपा नेताओं ने अपने प्रत्याशी को नजरबंद किए जाने का अफवाह फैला दिया। इसे लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव और प्रत्याशी के ट्वीट से पूरे जिले में सनसनी मच गई। गौरतलब है कि बीती रात्रि में सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा के करीबी सपा नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख लवकुश वर्मा से करीब एक लाख रुपये बरामद हुए थे।

# धाम में 14 साल में 10 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाएं



**क्रैश**

**इन हादसों में 30 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। एमआई-17 हेलिकॉप्टर सहित पांच हेलिकॉप्टर क्रैश हुए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रुद्रप्रयाग:** केदारनाथ क्षेत्र में 14 वर्ष में 10 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन हादसों में 30 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस दौरान जहां सेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टर सहित पांच हेलिकॉप्टर क्रैश हुए हैं। वहीं, अन्य में तकनीकी खामियां आई हैं। -12 जून 2010 को केदारनाथ में हेलिकॉप्टर से जुड़ी पहली दुर्घटना हुई थी। उस समय प्रभातम हेली कंपनी के हैलीपैड पर खड़े हेलिकॉप्टर के पंखे की चपेट में आने से एक युवक की कटकर मौत हो गई थी। मृतक, हेली कंपनी का ही कर्मचारी था। -वर्ष 2013 की आपदा के बाद केदारनाथ में रेस्क्यू के दौरान 21 जून को एक निजी हेलिकॉप्टर जंगलचट्टी में क्रैश हो गया था, जिसमें पायलट की मौत हो गई थी। इस हादसे में चार दिन बाद ही बचाव व सुरक्षा कार्य में लगा भारतीय सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर हेलिकॉप्टर 25 जून को गौरीकुंड की पहाड़ी से टकराकर क्रैश हो गया था।

# विपक्ष चारों खाने चित्तः केशव प्रसाद मौर्य



**निशाने पर**

**देश व प्रदेश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुकी है: डिप्टी सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** लोकतंत्र के महापर्व पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, सांसद रीता बहुगुणा जोशी एवं केशरी देवी पटेल, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, महापौर गणेश केशरवानी ने अपने-अपने केन्द्रों पर पूरे परिवार के साथ मतदान किया। इस मौके पर पार्टी दिग्गजों ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुकी है और छठवें चरण तक इंडी गठबंधन चारों खाने चित्त हो चुका है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ज्वाला देवी इंटर कॉलेज, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने श्री ठाकुरदीन जूनियर बालिका स्कूल, महापौर गणेश केसरवानी ने के एन काटजू इंटर कॉलेज, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने विकास विद्यालय, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने सेवा समिति इंटर कॉलेज, सांसद केशरी देवी पटेल ने मैरी लूकस इंटर कॉलेज, सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने बी एच एस स्कूल में, इलाहाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने गर्ल्स हाईस्कूल व फूलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने अपने पूरे परिवार के साथ प्राइमरी विद्यालय अंदावा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# राहुल बाबा अग्निवीर के बारे में भ्रम फैलाना करे बंद : शाह



**निशाने पर**

**राहुल ने नई परंपरा शुरू की है, झूठी बात को ही मुद्दा बनाया गया और इसका उदाहरण अग्निवीर योजना है: शाह**

**चमन शर्मा**

**शिमला :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब राहुल बाबा नेता बने इस देश की राजनीति में बहुत आमूलचूक परिवर्तन हो रहें है। पहले सच्चे मुद्दों को तोड़-मरोड़ कर लोगों के सामने रखा इतना तो पुल लीगल पार्टियां करती थी। मगर कभी भी झूठी बात को मुद्दा नहीं बनाया। राहुल गाँधी ने एक नई परंपरा शुरू की है, फिर झूठी बात को ही मुद्दा बनाया गया और इसका एक सबसे अच्छा उदाहरण अग्निवीर योजना है।अग्निवीर योजना के प्रति देश भर में भ्रांति फैलाई जा रही है कि 4 साल के बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों का कोई भविष्य ही नहीं है, इनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। दरअसल इस योजना के अंतर्गत अगर 100 जवान अग्निवीर बनते बनते हैं तो उसमें से 2 5प्रतिशत तो सीधा सेना में परमानेंट पोस्टिंग हो जाएगें और 75 प्रतिशत बचे हुए जवानों के लिए भाजपा शासित सभी राज्य सरकारों ने अपनी पुलिस फोर्स में 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है और केंद्र सरकार के पैरामिलिटरी फोर्स में भी 10 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है। इनको रिजर्व सीटों के उपरान्त सेलेक्शन में भी बहुत सी रियायतें दी हैं जैसे उम्र की रियायत, इग्जैमिनेशन में कुछ ऐडवांटेजस और फिजिकल टेस्ट भी नहीं करने पडेंगे। इन सभी रियायतों के बाद शायद ही कोई अग्निवीर ऐसा बचेगा जो स्टेट की पुलिस फोर्स या सेंटर पैरा मिलिट्री फोर्स में ना आया हो। इसके अलावा भी बहुत से प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसीस और कंपनियों ने भी अग्निवीर के लिए प्राथमिकता तय की है। अब एक युवा 4 साल सरकारी खर्चे से ट्रेनिंग करेगा और सक्षम हो जायेगा 4 साल उसको अच्छी तनख्वाह के साथ.साथ 4 साल के बाद पेंशन नुमा पूरे जीवन की नौकरी भी मिलेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इसमें जवानों को कोई नुकसान नहीं होने वाला है। राहुल गाँधी अपने पार्टी के फायदे के लिए सरासर झूठ लोगों के बीच में फैला रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहें हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वाहन किया कि इस तरह के झूठे बहकावों में न आए और मैं चेताना चाहता हूं इस ठगबंधन की हिमाचल जैसे छोटे प्रदेश जो वीरभूमि भी है में इस तरह की झूठी बातें फैलाकर जनता को गुमराह न करें। आप लोग ये मेरी बात को युवाओं के लिए, पूर्व सेना के हमारे जवानों के परिवारों के बीच में ये बात को जरूर पहुंचाइए। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सेवा के बाद भी नौकरी सभी को मिलनी है या तो सेना की, पुलिस की या पैरा मिलिट्री फोर्स। सेवा के साथ मिलने वाली पेंशन ग्रैच्युटी और सभी सरकारी फायदे जो मिलते हैं वे भी सभी जारी रहेंगे।

# अदालत ने राजभवन के अधिकारी के खिलाफ जांच पर रोक लगाई



**आदेश**

**गलत ढ़ग से रोकने के मामले में राजभवन के एक अधिकारी के खिलाफ पुलिस जांच पर रोक लगाई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली एक महिला को कथित तौर पर गलत ढ़ग से रोकने के मामले में राजभवन के एक अधिकारी के खिलाफ पुलिस जांच पर रोक लगाई। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने जांच पर 17 जून तक अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया। आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल ने कर्मचारियों को बधाई दी और इसे 'बुराई पर सच्चाई' की जीत करार दिया।

बोस ने एक्स पर लिखा, अदालत ने पहले (राज्य पुलिस की आपत्तियों को खारिज करते हुए) राजभवन के अधिकारियों को जमानत दी और अब अदालत ने इस कठिन जांच को लगभग बंद कर दिया है। बुराई हालांकि शुरूआत में जीतती हुई प्रतीत हो सकती है, लेकिन जीत आखिरकार सत्य की होगी। अदालत ने पुलिस को मामले में अब तक की गई जांच पर एक रिपोर्ट 10 जून को पेश करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 10 जून को होगी। विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) संदीप कुमार सिंह ने अपने खिलाफ कार्यवाही और दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया है।

### ओवैसी में जिन्ना का जिन्न: गिरिराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने शनिवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता असदुद्दीन ओवैसी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में ओवैसी का विरोध होना चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि 'ओवैसी देश के वो नेता हैं, जो भारत को 1947 की स्थिति में लाना चाहते हैं। ओवैसी के अंदर जिन्ना का जिन्न है। ओवैसी राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत में भी उपस्थित नहीं होते हैं। जिनका भाई 15 मिनट में भारत को साफ करने की बात कहता है।

# अशोकनगर: 55 गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**अशोकनगर:** अशोकनगर-विदिशा मार्ग पर 55 गौवंशों से भरा हुआ ट्रक ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया, ढसा-ढस गौवंश से भरे ट्रक में 50 गौवंश मृत पाये गए हैं। इस तरह मृत गौवंशों को देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और सुबह होते देख सभी गौवंशों को ट्रक में से निकाल कर सडक पर डाल दिया गया। अशोकनगर-विदिशा मार्ग पर अशोकनगर के निकट बमनाई हवेली गांव के पास शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात जब ग्रामीणों का सडक से निकलना हुआ तो उन्हें वहां एक लाल रंग का ट्रक क्रमांक: आरजे 17 जीबी 1411 खड़ा हुआ दिखाई दिया, ट्रक में खराबी आ जाने के कारण ट्रक चालक उसे ठीक कर रहे थे। इस बीच ग्रामीणों को ट्रक के अंदर आहट सुनाई देने पर उनके द्वारा जब ट्रक के अंदर देखा गया तो वे अंदर बढ़ी मात्रा में गौवंश देखकर हैरान रह गए। बताया गया कि इस बीच ट्रक चालक ट्रक को मौके पर ही छोडकर भाग लिए। बताया गया कि ग्रामीणों द्वारा रात में ही पुलिस/प्रशासन को फोन लगाये गये पर सुबह तक मौके पर कोई भी नहीं पहुंचा।

# बांग्लादेशी सांसद की हत्या, सीआईडी की तलाशी जारी



**दी थी सुपारी**

**सीआईडी सांसद के शरीर के बाकी हिस्सों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** बांग्लादेशी सांसद की कलकत्ता में हत्या का मामला इन दिनों विवादों में है। सीआईडी हत्याकांड की जांच कर रही है। इस बीच शनिवार को लगातार दूसरे दिन सीआईडी भंगार इलाके में तलाशी लेने पहुंची। सीआईडी सांसद के शरीर के बाकी हिस्सों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। सीआईडी ने बताया था कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वह पेशे से कसाई है।

**दोस्त ने हत्या के लिए पांच करोड़ की दी सुपारी:** सीआईडी ने एक दिन पहले आरोपी को बारासात जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया था। सीआईडी ने मामले में बड़ा खुलासा करते हुए बताया था कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सांसद अनार के दोस्त ने ही हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने गुरुवार को बताया था कि यह एक सुनियोजित हत्या है। सांसद के एक पुराने मित्र ने ही उन्हें मारने के लिए सुपारी दी थी। करीब पांच करोड़ की सुपारी थी। उनका दोस्त एक अमेरिकी नागरिक है, जिसका कोलकाता में एक फ्लैट है। एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि अभी तक विदेशी सांसद का शव बरामद नहीं हो पाया है। क्या पुलिस को फ्लैट में खून के धब्बे मिले हैं।

# बंगलूरू की पानी की समस्या को ठीक कीजिए: डिप्टी सीएम



**चेतावनी**

**अधिकारियों को तुरंत पीने के पानी की गुणवत्ता का परीक्षण करने और इसे सुधारने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू:** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने अधिकारियों को जल्द से जल्द बंगलूरू की पानी की समस्या को सुलझाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहर के नगरपालिका के अधिकारियों को तुरंत पीने के पानी की गुणवत्ता का परीक्षण करने और इसे सुधारने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि डिप्टी सीएम की तरफ से यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब राज्य में दूषित पानी की वजह से कई लोगों के बीमार होने की खबरें सामने आ चुकी हैं। डीके शिवकुमार, जो कि बेंगलुरु के शहर विकास मंत्री भी हैं, ने बेंगलुरु के वॉटर सप्लाई और सीवरेज बोर्ड के अध्यक्ष और बृहट बेंगलुरु महानगरपालिका के कमिश्नर को एक चिट्ठी लिखी है और उनसे शहर के लोगों को सुरक्षित पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इतना ही नहीं शिवकुमार ने अपनी चिट्ठी में दोनों अफसरों को निर्देश न मानने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। इससे पहले कर्नाटक डिप्टी सीएम ने एलान किया था कि पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर पूरे राज्य में परीक्षण किए जाएंगे, ताकि लोगों को गंदे पानी से पैदा होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा था कि कुछ रिपोर्ट्स मिली हैं, जिनमें बारिश की वजह से कई जगहों पर पीने के पानी के दूषित होने की बात सामने आई है। इससे लोगों पर बीमारियों का खतरा बढ़ा है।

इसलिए हमने अधिकारियों को पूरे राज्य में परीक्षण करने के लिए कहा है।

**आदेश** आजादी के बाद दूसरे आम चुनाव 1957 में परिसीमन के बाद गोरखपुर जिले की महराजगंज तहसील नए संसदीय क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में आयी

# लोस चुनाव : महाराजगंज में छह बार भाजपा की जीत, बसपा का नहीं खुला खाता



**जमानत जब्त**

**10वीं लोकसभा के वर्ष 1991 में हुए चुनाव में बसपा प्रत्याशी आबिद हुसैन की जमानत जब्त हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: पूर्वी उत्तर प्रदेश** की अहम संसदीय सीट महाराजगंज में अब तक रिकार्ड छह बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत का परचम लहराया है। कांग्रेस इस सीट पर पांच बार और समाजवादी पार्टी (सपा) एक बार जीत चुकी है। लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का इस सीट पर अब तक खाता नहीं खुला है। उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद दूसरे आम चुनाव 1957 में परिसीमन के बाद गोरखपुर जिले की महराजगंज तहसील नए संसदीय क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में आयी।

**1989 में मिला चौथा नंबर:** महाराजगंज सीट पर बसपा ने पहला चुनाव 1989 में लड़ा। इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी मिलन को 26,536 (5.46 प्रतिशत) वोट मिले। बसपा प्रत्याशी चौथे स्थान पर रहा, और उसकी जमानत जब्त हो गई। ये चुनाव जनता दल के हर्षवर्धन ने जीता था। हर्षवर्धन को 157,657 (32.42 प्रतिशत) वोट मिले। कांग्रेस प्रत्याशी जितेन्द्र सिंह 142,667 (29.34 प्रतिशत) वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे।

**1991 में पांचवें नंबर पर लुढ़की:** 10वीं लोकसभा के वर्ष 1991 में हुए चुनाव में बसपा प्रत्याशी आबिद हुसैन की जमानत जब्त हुई। आबिद को 29,375 (6.04 प्रतिशत) वोट मिले, और वो पांचवें नंबर पर रहे। ये चुनाव भाजपा के पंकज चौधरी ने 155,650 (31.98 प्रतिशत) वोट हासिल कर जीता।

**1996 में मिला दूसरा स्थान:** साल 1996 में 11वीं लोकसभा के चुनाव में बसपा ने वोट शेयर में लंबी छलांग लगाई और वो दूसरे स्थान पर रही। इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी हर्षवर्घन को 149,305 (24.69 प्रतिशत) वोट मिले। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी को 182,855 (30.24 प्रतिशत) वोट मिले और वो विजयी घोषित हुए।

**1998 और 1999 में तीसरा स्थान:** 12वीं लोकसभा के साल 1998 में हुए चुनाव में बसपा इस सीट पर तीसरे स्थान पर रही। बसपा प्रत्याशी प्रेम सागर पटेल के खाते में 130,166 (20.00 प्रतिशत) वोट आए। भाजपा के पंकज चौधरी ने ये चुनाव जीता। पंकज को 233,361 (35.85 प्रतिशत) वोट मिले, सपा प्रत्याशी अखिलेश सिंह दूसरे स्थान पर रहे। 1999 के आम चुनाव में बसपा का तीसरा स्थान कायम रहा, हालांकि उसके वोट शेयर में 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी जरूर हुई। इस चुनाव में बसपा प्रत्याशी तलत अजीज को 171,408 (25.31 प्रतिशत) वोट मिले। चुनाव सपा के अखिलेश सिंह ने जीता। भाजपा के पंकज चौधरी दूसरे स्थान रहे। अखिलेश सिंह को 239,826 (35.42 प्रतिशत) वोट मिले।